2 फरीदाबाद
बिना फायर एनओसी के चल रहे सरकारी दफ्तर, संस्थान और स्कूल

6 अभिमत
उम्माह और उसका इजराइली जुड़ाव

9 देश/विदेश
आजादी के बाद कुछ गिने-चुने परिवारों के लिए नवनिर्माण किया गयाः मोदी

12 स्पोर्ट्स
पंत के करियर की सर्वश्रेष्ठ 85 रन की पारी से भारत ने छह विकेट पर 287 रन बनाए

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 341
फरीदाबाद, शनिवार, 22 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



सौर ऊर्जा का महत्व
पेज - 11

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,037 | ▼ | 427 | |
| निफ्टी | 17,617 | ▼ | 139 | |
| सोना | 48,410 | ▲ | 30 | /10 gm |
| चांदी | 65,241 | ▼ | 138 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 16.00°C
न्यूनतम 08.00°C

## क्विक न्यूज

### मिजोरम में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया

**मिजोरम।** मिजोरम के चम्फई में शुक्रवार दोपहर 3:42 बजे 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप के झटके मिजोरम के अलावा मणिपुर, त्रिपुरा, असम और उत्तरी बंगाल में भी महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र चम्फई से 58 किमी दूर भारत-म्यांमार सीमा के पास था।

### मणिपुर शांति और विकास को डिजर्व करता है : मोदी

**त्रिपुरा।** मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा का शुक्रवार को स्थापना दिवस है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मणिपुर की जनता को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि मणिपुर शांति और विकास के योग्य है। उन्होंने कहा, आपको पहली पैसेंजर ट्रेन के लिए 50 साल का इंतजार करना पड़ा। इतने दशकों बाद रेल का इंजन मणिपुर पहुंचा है, यही डबल इंजन की सरकार का कमाल है। मणिपुर में बेसिक सुविधाएं पहुंचने में दशकों लगे, लेकिन अब मणिपुर की कनेक्टिविटी पर तेजी से काम हो रहा है।

### हमारे सर्वे में चन्नी हार रहे : अरविंद केजरीवाल

**पटियाला।** अवैध रेत खनन में भांजे पर एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) के बाद सीएम चरणजीत चन्नी घिर गए हैं। अब आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सीएम चन्नी पर हमला बोला है। केजरीवाल ने कहा कि हमारा सर्वे दिखा रहा है कि चन्नी चमकौर साहिब सीट से हार रहे हैं। टीवी पर ईडी के अफसरों को नोटों की इतनी मोटी गड्डियां गिनते देख लोग सदमे में हैं।

### हरियाणा सरकार ने दो आईएएस और दो एचसीएस बदले

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से दो आईएएस और दो एचसीएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक रमेश चंद्र बिढ़ान को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा ग्रामीण विकास विभाग के महानिदेशक एवं सचिव का कार्यभार सौंपा गया है। ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक एवं विशेष सचिव सुजान सिंह को हरियाणा राज्य सहकारी चीनी मिल प्रसंघ का प्रबंध निदेशक लगाया गया है। स्थानांतरित किए गए एचसीएस अधिकारियों में नगर निगम, फरीदाबाद के संयुक्त आयुक्त विरेंद्र चौधरी को सहकारी चीनी मिल, कैथल का प्रबंध निदेशक लगाया गया है। सहकारी चीनी मिल, कैथल के प्रबंध निदेशक सतिंद्र सिवाच को सहकारी चीनी मिल, शाहबाद का प्रबंध निदेशक लगाया गया है।

## अपर्णा ने मुलायम सिंह यादव से आशीर्वाद लिया

**एजेंसी।** लखनऊ



**सपा** परिवार की बहू अपर्णा यादव ने शुक्रवार को लखनऊ में अपने ससुर मुलायम सिंह यादव से घर जाकर मुलाकात की।

उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने के पश्चात लखनऊ आने पर पिताजी/नेताजी से आशीर्वाद लिया। वे 19 जनवरी भाजपा में शामिल हुई थीं।

## भाजपा की दूसरी लिस्ट : कांग्रेस से आई अदिति को रायबरेली से टिकट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भाजपा** ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 85 कैंडिडेट्स के नाम हैं। इनमें रायबरेली से अदिति सिंह को टिकट दिया गया है, जो कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुई हैं। अदिति रायबरेली से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीती थीं। उन्होंने 20 जनवरी यानी गुरुवार को ही कांग्रेस से इस्तीफा दिया है और आज ही उन्हें भाजपा से टिकट मिल गया है।

उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपना थीम सॉन्ग लॉन्च कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने

### दूसरी लिस्ट में 85 कैंडिडेट के नाम

शुक्रवार को यह गाना लॉन्च किया। इसके जरिए भाजपा ने चुनाव में 'सोच ईमानदार-काम दमदार' का नारा दिया है। इसके अलावा भाजपा जनता तक अपने काम पहुंचाने के लिए डिजिटल माध्यम से जुड़ रही है।

हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व आईपीएस असीम अरुण को पार्टी ने कन्नौज विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने राज्य सरकार में मंत्री सतीश महाना को महाराजपुर विधानसभा सीट से एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है।



ज्ञात हो कि भाजपा ने गोरखपुर शहर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को और कौशाम्बी जिले की सिराथू सीट से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा की थी। पार्टी ने पहली सूची में जिन 107 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी, उनमें से 105 सीटों पर पहले और दूसरे चरण में मतदान होना है। गोरखपुर में

### अब तक 194 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान

**जारी** नई सूची के साथ भाजपा ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अब तक 194 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। भाजपा ने पहली सूची में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित 107 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इसके बाद पार्टी ने बरेली जिले की दो और सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यीय विधानसभा के लिए सात चरणों में मतदान होना है।

छठे चरण के तहत तीन मार्च को जबकि सिराथू में पांचवें चरण के तहत 27 फरवरी को मतदान होना है। पार्टी की ओर से जारी पहली सूची में 20 विधायकों के टिकट भी काटे गए थे।

गौरतलब है कि 2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अकेले 312 और उसके सहयोगियों को 13 सीटों पर जीत मिली थी। सत्ता गंवाकर प्रमुख विपक्षी दल बनी समाजवादी पार्टी सिर्फ 47 सीटों पर जीत हासिल कर सकी थी। उधर, पंजाब चुनाव के लिए भाजपा ने 34 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें भाजपा नेताओं के साथ कांग्रेस से आए विधायक राणा गुरमीत सोढ़ी का भी नाम शामिल है। हालांकि वह गुरुहरसहाय के बजाय फिरोजपुर शहर से चुनाव लड़ेंगे।

सावधान रहें! आपको जरूरी सूचनाएं देने से बचना होगा

# हजारों भारतीयों का कोविड-19 संबंधी डेटा सरकारी सर्वर से लीक

### संभवतया आधार कार्ड की डिटेल्स भी लीक हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में हजारों लोगों का व्यक्तिगत डेटा एक सरकारी सर्वर से लीक हो गया है, जिसमें उनका नाम, मोबाइल नंबर, पता और कोविड जांच परिणाम शामिल हैं और इन सूचनाओं को ऑनलाइन खोज के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। संभावना है कि आधार कार्ड की डिटेल्स भी लीक हुई हैं।

लीक हुए डेटा को रेड फोरम की वेबसाइट पर बिक्री के लिए रखा गया है, जहां एक साइबर अपराधी ने 20000 से अधिक लोगों के व्यक्तिगत डेटा होने का दावा किया है। रेड फोरम पर डाले गए डेटा से इन लोगों का नाम, उम्र, लिंग, मोबाइल नंबर, पता, तारीख और कोविड-19 जांच के परिणाम का पता चलता है। साइबर सुरक्षा शोधकर्ता राजशेखर राजहरिया ने ट्वीट किया कि व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी (पीआईआई) जिसमें नाम और कोविड-19 परिणाम शामिल हैं, एक सामग्री वितरण नेटवर्क (सीडीएन) के माध्यम से सार्वजनिक की गई है।



### साइबर अपराधी करते हैं धोखाधड़ी में प्रयोग

**राजहरिया** ने 20 जनवरी को एक ट्वीट में कहा कि वह लोगों को धोखाधड़ी कॉल, कोविड-19 से संबंधित पेशकश आदि से सतर्क रहने के लिए सावधान कर रहे हैं, क्योंकि उनका डेटा डार्क वेब पर बेचा जा रहा है। डार्क वेब पर बेचे जाने वाले डेटा का इस्तेमाल अक्सर साइबर अपराधियों और जालसाजों द्वारा विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी के लिए किया जाता है।

गूगल ने लगभग नौ लाख सार्वजनिक निजी सरकारी दस्तावेजों को सर्च इंजन में क्रमबद्ध किया है। रोगी का डेटा अब डार्कवेब पर सूचीबद्ध है। इसे तेजी से हटाए जाने की जरूरत है। इस संबंध में ईमेल के जरिए पूछे गए सवाल का अभी इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने जवाब नहीं मिला है। रेड फोरम पर साझा किए गए नमूना दस्तावेज से पता चलता है कि लीक डेटा कोविन पोर्टल पर अपलोड करने के लिए था। सरकार ने कोविड-19 महामारी और इसके टीकाकरण अभियान के बारे में जागरुकता पैदा करने के मामले में डिजिटल तकनीकों पर बहुत अधिक भरोसा किया है। कई सरकारी विभाग लोगों को कोविड-19 संबंधित सेवाओं और सूचनाओं के लिए आरोग्य सेतु ऐप का उपयोग करने की सलाह देते हैं।

## 50 साल से जल रही अमर जवान ज्योति की जगह बदली

### मशाल से वॉर मेमोरियल की ज्योति में मिलाया गया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** में 50 साल से इंडिया गेट की पहचान बन चुकी अमर जवान ज्योति वॉर मेमोरियल की ज्योति में विलीन हो गई। शुक्रवार दोपहर 3:30 बजे यह समारोह शुरू किया गया। अमर जवान ज्योति को पूरे सैन्य सम्मान के साथ मशाल के जरिए वॉर मेमोरियल ले जाया गया।

अमर जवान ज्योति पर पुष्प चढ़ाकर उसका सम्मान किया गया। मशालों के जरिए अमर जवान ज्योति को मिलाने की प्रक्रिया शुरू की गई। मिलिट्री बैंड और परेड के जरिए ज्योति को वॉर मेमोरियल ले जाया गया। वॉर मेमोरियल पर प्रज्ज्वलित ज्योति को




गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मशाल के जरिए अमर जवान ज्योति को वॉर मेमोरियल में मिलाया गया।

इस कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके बताया कि अमर जवान ज्योति के पास 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की हॉलोग्राम मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। यह मूर्ति तब तब रहेगी जब तक असली मूर्ति तैयार नहीं हो जाती। अमर जवान ज्योति पर जलने वाली ज्योत 1971 और अन्य युद्धों में शहीद होने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देती थी, लेकिन उनमें से किसी का नाम यहां नहीं लिखा था। वहीं विपक्षी पार्टियां इसे शहीदों का अपमान बता रही हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कुछ लोग देशप्रेम और बलिदान नहीं समझ सकते। कोई बात नहीं... हम अपने सैनिकों के लिए अमर जवान ज्योति एक बार फिर जलाएंगे! अमर जवान ज्योति हटाने को लेकर समर्थन और विरोध के सुर सामने आने लगे थे। दिन भर अमर जवान ज्योति को शिफ्ट किए जाने का मसला न्यूज चैनल्स और सोशल मीडिया पर गरमाया रहा।

## केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा दायर करेंगे चन्नी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने शुक्रवार को कहा कि वह आप नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे।

अवैध खनन मामले में चन्नी के भतीजे सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद केजरीवाल ने कांग्रेस नेता की ईमानदारी पर सवाल उठाए थे। चन्नी ने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले दूसरों की छवि बिगाड़ने के लिए उन पर बेबुनियाद आरोप लगाना केजरीवाल की आदत है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अतीत में देखा जा चुका है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को बाद में कैसे भाजपा नेता नितिन गडकरी, दिवंगत अरुण जेटली और शिरोमणि अकाली दल के बिक्रम सिंह मजीठिया से माफी मांगनी पड़ी थी।

## जर्मन युद्ध पोत एफजीएस बायरन मुंबई पहुंचा

### भारतीय नौसेना के बैंड ने एक समारोह में स्वागत किया

**एजेंसी।** मुंबई



**जर्मन** युद्ध पोत एफजीएस बायरन (एफ217) शुक्रवार को मुंबई पहुंचा। वहीं, भारत में जर्मनी के राजदूत ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र अत्यधिक महत्व का है और उन्होंने मुक्त समुद्री मार्गों पर जोर दिया।

युद्ध पोत का भारतीय नौसेना के एक बैंड ने एक समारोह में स्वागत किया। यहां जर्मन युद्ध पोत के आगमन को दोनों देशों के बीच एक मजबूत संबंध के तौर पर देखा जा रहा है। जर्मन राजदूत वाल्टर लिंडनर ने कहा कि उनका देश और ज्यादातर यूरोपीय राष्ट्र इस बात से सहमत हैं कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र पृथ्वी पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एक है। उन्होंने कहा कि 60 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मलक्का जलडमरूमध्य के रास्ते होता है। वहीं, दूसरी ओर, हमारे क्षेत्रीय तनाव हैं। कम से कम तीन परमाणु शक्ति देश हैं। इसलिए, आपके लिए मुक्त समुद्री, नौवहन मार्गों की जरूरत है तथा आपके पास स्थिरता वाला एक शांतिपूर्ण क्षेत्र होना चाहिए...जहां टकरावों का परस्पर सहमति से समाधान हो। राजूदत ने कहा कि इस जहाज का आना यह प्रदर्शित करता है कि हम सिर्फ बात नहीं कर रहे हैं।

## दस लाख के इनामी नक्सली ने आत्मसमर्पण किया

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में शुक्रवार को 10 लाख रुपये के इनामी माओवादी और जोनल नक्सल कमांडर महाराज प्रामाणिक ने एके 47 राइफल, दो मैग्जीन, डेढ़ सौ कारतूस एवं दो वायरलेस सेट के साथ पुलिस के सामने शुक्रवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) अमोल विष्णुकांत होमकर समेत अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष प्रामाणिक उर्फ राज उर्फ बबलू ने आत्मसमर्पण किया। वह अपने साथ एक एके 47 राइफल, दो मैग्जीन, 150 कारतूस और दो वायरलेस सेट लेकर पहुंचा था। पुलिस ने बताया कि सरायकेला खरसांवा का रहने वाला प्रामाणिक 119 विभिन्न आपराधिक वारदात में वांछित था और माओवादियों की दक्षिणी छोटानागपुर जोनल कमेटी का कमांडर था।

यूक्रेन पर रूसी हमले का खतरा


## सरहद से 20 किमी दूर पुतिन की फौज तैयार

### जंग टालने के लिए अमेरिका-रूस के विदेश मंत्री मिले

**एजेंसी।** जिनेवा/वॉशिंगटन

**यूक्रेन** जंग के मुहाने पर है। रूसी सेनाएं उसकी सीमा से महज 20 किलोमीटर दूर हमले के लिए तैयार नजर आती हैं। अमेरिका और उसके सहयोगी नाटो देश इस जंग को टालने के लिए भरपूर कोशिश कर रहे हैं।

जिनेवा में रूस और अमेरिका के विदेश मंत्रियों की बैठक पर नजरें टिकी हैं। डर इस बात का है कि अगर रूस हमला करता है तो यह जंग रूस बनाम पश्चिम हो सकती है। जंग की आशंका देखते हुए ब्रिटेन ने यूक्रेन को एंटी टैंक वेपन्स दे दिए हैं तो कनाडा ने अपनी पैरा टूपर रेजीमेंट यूक्रेन भेज दी है।



एक रिपोर्ट के मुताबिक- अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की मुलाकात से यह पता लगेगा कि यूरोप में एक नई जंग होती है या इसे टाला जा सकेगा। रूस अब पश्चिम के लिए बड़ा खतरा है और ऐसा लगता है कि अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों के बीच सही कोऑर्डिनेशन नहीं है। गुरुवार रात 'छोटी घुसपैठ' शब्द इस्तेमाल करके सहयोगी देशों को असमंजस में डाल दिया। हालांकि, बाद में सफाई दी कि अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो अमेरिका और सहयोगी आर्थिक तौर पर करारा जवाब देंगे।

## हथियार निर्माताओं को उत्पादन बढ़ाने की दी जाएगी इजाजत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी नए नियमों के अनुसार अब हथियार निर्माताओं को आग्नेयास्त्रों और गोला-बारूद के वार्षिक उत्पादन को बढ़ाने की अनुमति दी जाएगी। शस्त्र (संशोधन) नियम, 2022 के तहत, हथियार निर्माताओं को हालांकि, महीने के लिए निर्मित, बेचे या स्थानांतरित या उपभोग किए गए आग्नेयास्त्रों का विवरण हर महीने ऑनलाइन जमा करना होगा।

गृह मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को गजट अधिसूचना के जरिए नए नियम जारी किए। अधिसूचना में कहा है कि निर्माता, जिसे इन नियमों के तहत फॉर्म सात में लाइसेंस जारी किया है, उसे लाइसेंस प्राधिकारी और संबंधित राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष के अंत से नब्बे दिन के भीतर सूचना देकर आग्नेयास्त्रों या गोला-बारूद का वार्षिक उत्पादन बढ़ाने या अपनी लाइसेंस क्षमता के कैलिबर वार संशोधन की अनुमति दी जाएगी, जिसके लिए क्षमता के संबंध में लाइसेंस पर किसी और समर्थन की आवश्यकता नहीं होगी।

सरकार का बड़ा एक्शन, दो वेबसाइट पर लगाया प्रतिबंध

## भारत विरोधी प्रोपोगैंडा फैलाने वाले 35 यूट्यूब चैनल पर बैन

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 यूट्यूब चैनल, दो ट्विटर अकाउंट, दो इंस्टाग्राम अकाउंट, दो वेबसाइट के साथ एक फेसबुक अकाउंट को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए हैं। इसकी जानकारी मंत्रायल के संयुक्त सचिव विक्रम सहाय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी है।

इन चैनल्स पर 1.2 करोड़ सब्सक्राइबर्स थे और इनके व्यूज मिलियन में थे। इन सभी चैनल्स के जरिए भारत विरोधी प्रोपोगैंडा फैलाया जा रहा था। विक्रम सहाय ने बताया कि ये सभी चैनल्स और अकाउंट पाकिस्तान से संचालित होते हैं और भारत विरोधी समाचार और अन्य सामग्री फैलाते हैं।

इससे पहले पिछले साल दिसंबर में भी भारत विरोधी प्रोपोगैंडा फैलाने वाले 20 यूट्यूब चैनलों और दो वेबसाइट पर बैन लगाया गया था। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि हमने भारत विरोधी दुष्प्रचार और फेक न्यूज फैलाने वाली वेबसाइटों के खिलाफ कार्रवाई की है। यूट्यूब चैनल और वेबसाइट पाकिस्तान से चलाए जा रहे एक दुष्प्रचार नेटवर्क से संबंधित हैं और भारत से संबंधित विभिन्न संवेदनशील विषयों के बारे में फर्जी खबरें फैला रहे थे।

## पीएम ने सोमनाथ में नए सर्किट हाउस का अनावरण किया

**गुजरात।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार सुबह गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पास बने नए सर्किट हाउस का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन किया। यह भवन 30 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है।

इस सर्किट हाउस को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है। यहां वीआईपी और डीलक्स कमरे भी उपलब्ध हैं। वहीं कांफ्रेंस और ऑडिटोरियम हॉल भी है। इस सर्किट हाउस को इस तरह से बनाया गया है कि इसके हर कमरे से समुद्र दिखता है। पीएमओ कार्यालय ने बताया गया कि सोमनाथ मंदिर के आसपास कोई सरकारी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ऐसे में यह सर्किट हाउस सभी आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब

## याचिका में भारतीय पर्यावरण सेवा के गठन की मांग

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पर्यावरण** से संबंधित सुरक्षा उपायों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए अखिल भारतीय सेवा की तर्ज पर भारतीय पर्यावरण सेवा का गठन करने की मांग के साथ सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। शुक्रवार को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने इस याचिका को लेकर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को नोटिस जारी किया।

न्यायाधीश एसके कौल और एमएम सुंदरेश की पीठ ने मंत्रालय को नोटिस जारी करते हुए पीठ ने यह संदेह भी व्यक्त किया कि क्या वह एक अलग अखिल भारतीय सेवा के

### शीर्ष अदालत ने याचिका को लेकर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को नोटिस जारी किया

निर्माण के लिए परमादेश जारी कर सकता है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने कहा कि इस बात की जांच की जा सकती है कि क्या केंद्र का इरादा पूर्व कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को लागू करने का है।

सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता समर विजय सिंह की ओर से दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। समर विजय सिंह ने पूर्व कैबिनेट



सचिव टीएसआर सुब्रमण्यम की अध्यक्षता में पर्यावरण और वन मंत्रालय की ओर से गठित उच्च स्तरीय समिति की ओर से 2014 में प्रस्तुत रिपोर्ट का हवाला दिया है। इसमें एक नई अखिल भारतीय सेवा भारतीय पर्यावरण सेवा का गठन करने की सिफारिश की गई है।

याचिका में कहा गया है कि प्रशासन, नीति निर्माण और राज्य न केंद्र सरकारों की नीतियों के कार्यान्वयन की निगरानी में प्रशिक्षित कर्मियों की कमी है। कार्यान्वयन और प्रवर्तन की दिक्कतों के चलते कई निर्धारित लक्ष्य पूरे नहीं हो पाए हैं। पर्यावरण के मुद्दों को लेकर पूरे देश में बिगड़े हालात को देखते हुए, अखिल भारतीय सेवा भारतीय पर्यावरण सेवा का गठन किया जाना समय की आवश्यकता है।

### इस रिपोर्ट को खारिज कर चुकी संसद की स्थायी समिति

**संसद** की स्थायी समिति इस रिपोर्ट को खारिज कर चुकी है। इसमें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से प्रशासित विभिन्न अधिनियमों की समीक्षा की गई थी। इसमें कहा गया था कि छह पर्यावरण अधिनियमों की समीक्षा के लिए दी गई तीन महीने की अवधि बहुत कम थी। इसमें सिफारिश की गई थी कि सरकार को कानूनों की समीक्षा के लिए एक नई समिति का गठन करना चाहिए।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 22 जनवरी, 2022 | बेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान
- अधिकतम 16.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 08.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज
- सेक्टर-12 में गणतंत्र दिवस को लेकर फाईनल रिहर्सल: सुबह 10 बजे
- जिले में 60 प्लस और हेल्थ व फ्रंट लाईन वर्करों को बुस्टर डोज: सुबह 10 बजे
- जिले में 74 स्थानों पर जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे
बीके अस्पताल की ओपीड़ी शुरू: सुबह 9 बजे।

### निवेश गुरु
**आप** इस समय नौकरी या व्यवसाय कर रहे हैं और आपके पास आय का नियमित स्रोत है। क्या आप जानते हैं कि रिटायर होने के बाद आपके पास आय के साधन सीमित होंगे और आपके खर्च बढ़ जायेंगे। इसकी वजह यह है कि बड़ी उम्र में बीमारियों का खतरा अधिक होता है। आपको आवागमन आदि पर अधिक रकम खर्च करनी पड़ती है। निवेश का सही विकल्प चुनने से आपको बुढ़ापे के दौरान आय का स्रोत विकसित करने में मदद मिलती है।

### यूटीलिटी न्यूज
## 150 लोगों को लगा टीका
**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा टैंम्पल सोसाइटी सेक्टर 86, फरीदाबाद में जिला स्वास्थ्य विभाग और फरीदाबाद प्रशासन द्वारा शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी के प्रागंण में कोविड वैक्सिीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में 15+ और 18+ वर्ष के 151 लोगों का टीकाकरण किया गया। जिसमें 32 लोगों को बुस्टर डोज लगाए गए। भारत कॉलोनी से आई मेडिकल टीम डॉ. मंजू आहूजा, रोहित द्वारा कोविड वैक्सिीनेशन किया गया। इस टीकाकरण के दौरान कोविड प्रोटोकोल का पालन किया गया। शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसाइटी अध्यक्ष डा. मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि साई धाम हमेशा से ही सामाजिक और धार्मिक कार्य में आगे रहता है। अगला कोविड वैक्सिीनेशन कैंप 22 जनवरी 2022 को साई धाम में लगाया जाएगा। कैंप का समय प्रातः10 बजे से 3 बजे रहेगा। 23 जनवरी 2022 को अग्रवाल वैश्य समाज और रोटरी क्लब फरीदाबाद मिडटाउन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### क्विक न्यूज
## युवती को परिजनों से मिलाया
**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट ने पिछले माह दिसम्बर में आदर्शनगर थानाक्षेत्र से लापता एक 20 वर्षीय युवती को बरामद कर उनके परिजनों को सकुशल सौंपने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मामले में बताया कि युवती के पिता द्वारा दिये गये आवेदन के अनुसार युवती की शादी हो चुकी है और वह अपने मायके किसी बीमारी का ईलाज करवाने के लिए आयी थी। युवती अपने भाई के साथ दवाई लाने के उद्देश्य से बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल गई थी और वहीं से गायब हो गई थी। परिजनों के काफी ढूढ़ने के बाद भी युवती का कुछ पता नहीं चलने पर, पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करायी गयी। क्राइम ब्रांच कैट ने तकनीकी सहयोग से पता लगाते हुए युवती को गोछी गांव से सकुशल बरामद कर लिया।

# बिना फायर एनओसी के चल रहे सरकारी दफ्तर, संस्थान और स्कूल

### डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के आदेश, 30 दिन में फायर एनओसी न लेने पर सरकारी दफ्तर होंगे सील

राजेश दास। फरीदाबाद

**जिले** में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थान अथवा स्कूलों में कई बार आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन इसके बावजूद इनमें न तो अग्निशमन उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था होती है और न ही यह लोग फायर ब्रिगेड से एनओसी लेने का प्रयास करते हैं।

कुछ निजी स्कूल मान्यता हासिल करने के लिए एनओसी लेते भी है तो अग्नि सुरक्षा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर विभाग से सर्टीफिकेट हासिल कर लेते हैं। नियम के मुताबिक स्कूल एवं अन्य शिक्षण संस्थानों को फायर ब्रिगेड की तरफ से एक साल के लिए एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जारी किया जाता है। लेकिन फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने सभी नियम और कायदे कानूनों को ताक पर रख कर भारी संख्या में स्कूलों को एनओसी पांच साल के लिए जारी किए हैं। इनमें से ज्यादातर स्कूल विभिन्न रिहायशी कालोनियों की संकरी गलियों में छोटे छोटे प्लॉटों पर चल रहे है। इन तमाम बातों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता आरपी शर्मा ने सरकारी भवनों के एनओसी न लेने की शिकायत जिला कष्ट निवारण समिति में की थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाल ने 30 दिन में फायर एनओसी न लेने वाले सरकारी भवनों को सील करने के आदेश दिये हैं।


सेक्टर 12 स्थित लघुसचिवालय परिसर।



### पांच साल पूर्व से कर रहे हैं शिकायत
**जिला** के किसी भी सरकारी कार्यालय के भवन, सभागार, अन्य सार्वजनिक स्थल और यहां तक कि लघुसचिवालय के पास भी फायर बिग्रेड की एनओसी नहीं है। जबकि इन स्थानों पर हर रोज लाखों की संख्या में लोग अपने अपने काम के सिलसिले में आते हैं। ऐसे में यदि कभी इन भवनों में कभी आग लगने की घटना हो गई तो काफी जान माल का नुकसान हो सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता आरपी शर्मा पिछले करीब पांच सालों से संबंधित विभागों में शिकायतें करते आ रहे थे। इस दौरान उन्होंने जिला उपायुक्त, नगर निगम आयुक्त और स्थानीय निकाय विभाग के आला अधिकारियों से भी शिकायत की थी। जिस पर उन्होंने मामले की शिकायत सीएम विंडो में की थी। सीएम विंडो की तरफ से यह मामला जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में 11 अक्टूबर 2021 को रखा था। जिस पर संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सरकारी दफ्तरों को नोटिस जारी करने के आदेश दिये हैं। 30 दिन में एनओसी न लेने वाले भवनों को सील करने के आदेश दिये हैं।

### नियम ताक पर रखकर एनओसी
**आरटीआई** कार्यकर्ता अजय बहल ने 24 अप्रैल 2017 को नगर निगम में आरटीआई दायर कर फायर ब्रिगेड द्वारा निजी और सरकारी स्कूलों को जारी की जाने वाली एनओसी के संदर्भ में कई तरह सवाल पूछे थे। इस आरटीआई का जबाव नगर निगम द्वारा 12 अक्टूबर 2018 को सूचना आयुक्त के समक्ष दिया था। इस जबाव के मिलने के बाद स्पष्ट हो गया था कि फायर ब्रिगेड द्वारा कायदे कानूनों को ताक पर रख कर निजी स्कूलों को एनओसी जारी की जाती है। जबाव में फायर ब्रिगेड की तरफ से एनओसी हासिल करने वाले 203 निजी स्कूलों की लिस्ट भी सौंपी गई थी। इनमें से 64 स्कूलों के एनओसी की वैधता वर्ष 2017 में समाप्त हो चुकी हैं। शेष 139 को पांच साल के लिए एनओसी दी गई है, जो वर्ष 2022 तक वैध है। जबकि फायर एनओसी का हर साल नवीनीकरण करवाया जाता है। फायर ब्रिगेड ने सरकारी स्कूलों की लिस्ट नहीं सौंपी थी। इससे स्पष्ट है कि सरकारी स्कूल के पास एनओसी नहीं है। शिक्षा विभाग को सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की फिक्र नहीं हैं।



बिना फायर एनओसी के सरकारी स्कूल का एक भवन।

### संघर्ष के बाद मिली जीत

**सामाजिक** कार्यकर्ता आरपी शर्मा का कहना है कि सुरक्षा हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। लेकिन इसके बावजूद लोग सरकारी कार्यालयों में ही सुरक्षित नहीं है। सरकारी कार्यालयों में अग्नि से सुरक्षा की मांग करते हुए वह पिछले करीब पांच साल से संघर्ष कर रहे हैं। अब जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मामले की सुनवाई करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने इस मामले में संख्त आदेश दिये हैं। जब तक आदेश पूरा नहीं हो जाता, तब तक मामला लंबित रहेगा।

### फायर ब्रिगेड की लापरवाही
**करीब** ढाई साल पहले डबुआ कालोनी के एएनडी स्कूल में हुए हादसे के बाद फायर ब्रिगेड की लापरवाही के मामले लगातार उजागर हो रहे हैं। स्कूल के भूतल में संचालिका के पति की कपड़े की दुकान में आग लगने के बाद बिजली की तारों के माध्यम से आग भी ऊपर पहुंच गई थी। जिसके कारण महिला व उनके दोनों बच्चों को भागने का मौका नहीं मिला और उनकी जान चली गई थी। आग के बुझने के बाद पता चला कि स्कूल के भवन अथवा संचालिका के घर में आग बुझाने के उपकरण तक मौजूद नहीं थे। जबकि फायर ब्रिगेड ने इस स्कूल को एनओसी भी जारी कर रखी थी। जैसे स्कूल की इमारत बनी हुई है, उसे एनओसी जारी हो ही नहीं सकती। फायर ब्रिगेड ने बिना किसी जांच पड़ताल के एनओसी जारी कर दी थी। ऐसे में इस घटना के लिए अन्य लोगों के साथ फायर ब्रिगेड के अधिकारियों को भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए था। लापरवाही उजागर होने के बाद भी फायर ब्रिगेड के संबंधित अधिकारियों पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई।

# जल जागरुकता को 121 क्लोरिनेशन किटें बांटीं

### पेयजल की गुणवत्ता के प्रति ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्य किये प्रशिक्षित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जल** जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पेयजल की गुणवत्ता एवं क्लोरिनेशन जांच हेतु ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों व उपभोक्ताओं को प्रशिक्षित कर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उपभोक्ताओं व वीडब्ल्यूएससी सदस्यों को एच2एस किट व ओटी किट भी पेयजल की जांच हेतु वितरित की जा रही हैं।


ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्य रवि प्रकाश को क्लोरिनेशन किट देते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार

कैथल जिले के ढांण्ड खंड के गांव बेगपुर में जानकारी देते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि जीवन मिशन के तहत विभाग द्वारा हर घर नल से स्वच्छ पेयजल प्रदान किया जा चुका है। वहीं उसी जल की गुणवत्ता जांचने के लिए ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों को गांव-गांव जाकर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं को भी पेयजल की जांच करने बारे प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए विभाग के बीआरसी की टीम व सक्षम युवाओं के सहयोग से टीमें गठित करके डोर-टू-डोर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आईईसी गतिविधियों के साथ पंपलेट वितरण व एच2एस किट के माध्यम से पेयजल का जीवाणु परीक्षण किया जाता है। वहीं ओटी किट के माध्यम से पेयजल में क्लोरिन की जांच की जाती है। अभी तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम 5 महिलाओं को जीवाणु परीक्षण करने की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। वहीं सभी ग्राम पंचायतों की ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के 1-1 सदस्य को क्लोरिन जांच करने के लिए ओटी किट भी प्रदान की जा रही है।

जिला सलाहकार दीपक कुमार ने कहा कि जल हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी तत्व है। समय-समय पर हमें अपने पेयजल की जांच अवश्य करवाते रहना चाहिए। साथ ही पेयजल कनैक्शन को जमीन में ना लिटायें व नल पर टूंटी लगा कर रखें। पेयजल संबंधित किसी भी शिकायत निवारण के लिए टोल फ्री नं. 18001805678 जारी कर रखा है।

# सौर ऊर्जा से जगमग होगी फरीदाबाद की पुलिस लाइन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-30** स्थित पुलिस लाईन में 101 किलोवाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए पीपीए (पावर पर्चेज एग्रीमेंट) साइन किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा से पुलिस लाईन सेक्टर 30 में सोलर प्लांट स्थापना स्थल पर हरेरा (हरियाणा रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) के अधिकारियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मौजूद डीसीपी मुख्यालय श्री नीतीश अग्रवाल ने हरेरा के प्रबंध निदेशक श्री नरेंद्र कुमार के साथ पीपीए (पावर पर्चेजिंग एग्रीमेंट) साईन किया। इसके दौरान पुलिस आयुक्त कार्यालय से भवन आवंटन अधिकारी संजोगिता तथा हरेरा के सर्वेयर राहुल शर्मा भी मौजूद रहे। सोलर प्लांट स्थापित होने पर अगले डेढ़ माह में पुलिस लाईन को सौर ऊर्जा से तैयार बिजली मिलने लगेगी। प्लांट स्थापित होने से मौसम सामान्य रहने पर प्रतिदिन औसतन 505 यूनिट बिजली उत्पादित होगी।

जिससे पुलिस लाइन कार्यालयों में आवश्यक विद्युत ऊर्जा की पूर्ति की जा सकेगी। सरकार द्वारा नवीनीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा भविष्य की ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा के उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसके लिए सेक्टर 30 स्थित पुलिस लाईन परिसर में 101 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र हरेरा की ओर से प्रशासनिक खंड में स्थापित किया जाएगा।


सेक्टर-30 में सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए एमओयू साईन करते सन सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी और पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोडा।

# ग्रेटर नोएडा से जोड़ने को पुल का निर्माण जल्द

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्रदेश** के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाले मंझावली गांव में यमुना नदी पर बन रहे पुल का निर्माण बहुत जल्द पूरा हो जाएगा। चौटाला शुक्रवार को तिगांव स्थित शिव कॉलेज में आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण में आ रही सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। इसका निर्माण पूरा होने से फरीदाबाद में नोएडा की दूरी कम हो जाएगी।

इस अवसर पर तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि भाजपा जजपा की सरकार हरियाणा के निवासियों का जीवन स्तर सुधारने के लिए और उनके जीवन में खुशियां लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। हम अपने प्रदेश के हर व्यक्ति तक विकास और सुशासन को पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि मंझावली पर बन रहे पल से न केवल फरीदाबाद ग्रेटर नॉएडा आपस में जुड़ेंगे बल्कि हमारे दोनों क्षेत्रों के संबंधों में भी मधुरता बढ़ेगी और व्यापार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। इससे पहले शिव कॉलेज में पहुंचने पर चेयरमैन विनोद नागर ने शॉल भेंट की।


तिगांव के शिव कालेज में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व विधायक राजेश नागर का स्वागत करते चेयरमैन विनोद नागर, प्रिंसिपल जयमाला व अन्य।

# उद्यमी पुरानी दर पर करना चाहते हैं सबडिवीजन का भुगतान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्रमुख** औद्योगिक संगठन मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन फरीदाबाद व इंडस्ट्रियल एरिया वेलफेयर एसोसिएशन ने फरीदाबाद नगर निगम व हरियाणा सरकार के समक्ष स्पष्ट किया है कि औद्योगिक प्लाटों को रेगुलाइज करने की प्रक्रिया में डेवलपमैंट चार्जिज के नाम पर 5100 रुपये प्रति गज का शुल्क नहीं दिया जाएगा।

यहां नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव व नगर निगम, सीटीपी श्री धर्मपालजी से मिले प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रति वर्गगज 5100/- रुपये की मांग अव्यावहारिक व अतर्क संगत है। एमएएफ के महासचिव रमणीक प्रभाकर ने कहा कि पहले अधिकतम 250 ,300 व 500 रुपये प्रति गज का चार्जिज उद्यमी से लिया गया है परंतु 5100/- रुपये प्रति वर्गगज कहना ही तर्कहीन है। जिसका हम कड़ा विरोध करते है। प्रभाकर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पहले जो चार्जेज लिए गए है। उद्यमी उसी हिसाब से भुगतान करेंगे और इस संबंध में पहले भी सरकार के समक्ष स्थिति स्पष्ट की जा चुकी है। प्रभाकर ने कहा कि होना तो यह चाहिए था कि सरकार कोविड के कारण गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे उद्योगों को ऐसे सभी प्रकार के चार्जिज से मुक्त रखती, परंतु इसके विपरीत जो भारी-भरकम चार्जिज मांगे जा रहे हैं उद्योग उन्हें देने की स्थिति में नहीं है। कहा गया है कि यदि इतने भारी-भरकम चार्जिज उद्योगों को देने पड़े तो उन्हें इसके लिये अपनी जमीनें तक बेचनी पड़ेंगी। जोकि सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों के विरूद्ध है।

निगमायुक्त ने एमएएफ प्रतिनिधिमंडल को विश्वास दिलाया कि इस संबंध में वे उद्योगों की मांग के विरूद्ध हरियाणा सरकार को पत्र लिखकर वास्तुस्थिति से अवगत कराएंगे और सरकार के आदेशों अनुसार ही अगली कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।


निगर निगम आयुक्त यशपाल यादव से सब डिवीजन को लेकर बातचीत करते मैन्युफैक्चर एसोसिएशन के सदस्य।


### पायनियर पाठकों के लिए
यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103


### नज़रिया

दिनेश रघुवंशी, कवि

वो जो इतिहास है सच का मिटा सकता नहीं कोई
इरादों से हमें हरगिज़ डिगा सकता कोई नहीं
अमर बलिदान की गाथा समेटे है जो सदियों से
दिलों में जल रही इक लौ बुझा सकता नहीं कोई

# सुरभी के डॉक्टर बनने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

### बेचलर ऑफ होम्योपैथिक मेडिसन एंड सर्जरी में एमडी के लिए भी दिया टेस्ट, 67वीं रैंक की मिली

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गांव** पलवली पहुंची ग्रामीण आंचल में पढ़ी लिखी सुरभी शुक्रवार सुबह डॉक्टर की उपाधि का ताज पहन कर पहुंची तो ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ग्रामीणों ने ढ़ोल और फूल मालाओं के साथ सुरभी का स्वागत किया।

ग्रामीणों के द्वारा किए गए स्वागत से सुरभी का चेहरा खिल गया और सुरभी ने युवाओं को जिंदगी में बेहतर निर्णय लेकर कामयाब होने का संदेश दिया। ग्रामीणों ने इस मौके पर कहा कि सुरभी ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों के लिए प्रेरणास्त्रोत्र बनी हैं।


सुरभी का स्वागत करते ग्रामीण।

सुरभी कहती हैं कि ग्रामीण आंचल में हमारे जैसे परिवार के लोग अपनी बहन-बेटियों को घर से कोसों दूर पढ़ाई करने के लिए भेजने से गुरेज करते हैं, लेकिन मेरे मम्मी-पापा ने एक बेहतर कदम उठाते हुए अन्य अभिभावकों को भी यह संदेश दिय है कि बेटियों को पढ़ाने के लिए हरसंभव कोशिश करनी चाहिए, जबकि हमारा परिवर इतना बड़ा खर्च उठाने में असमर्थ था, फिर भी कामयाबी के लिए तमाम तरह की परेशानियां झेल कर मुझे कामयाब किया।

**ऐसे पूरे हुए सपने:** सुरभी पलवली गांव की निवासी है। उसके पिता जगपाल सिंह एस्कॉर्टस कंपनी में नौकरी करते हैं और मां परमाथी गृहिणी हैं। सुरभी जगपाल और परमाथी की छोटी बेटी है। सुरभी ने 12वीं की पढ़ाई मेडिकल विषय से पास की और आगे होम्योपैथिक डॉक्टर बनने का सपना देखा था। उसने कहा कि उसने यह सपना इसलिए देखा था कि होम्योपैथिक से इलाज करने का समय अब आ गया है। इसके चलते उन्होंने कोचिंग लेकर 2015 में बेचलर ऑफ होम्योपैथिक मेडिसन एंड सर्जरी की पढ़ाई करने के लिए नेशनल स्तर का टेस्ट दिया था। जिसमें सुरभी की 52वीं रैंक आई थी। इसके चलते सुरभी का एक मात्र कोलकाता के नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ होम्योपैथिक कॉलेज में एडमिशन हुआ। एक सितंबर 2015 से पढ़ाई शुरू हो गई। सुरभी ने साढ़े पांच साल की पढ़ाई करने के बाद एक साल की इंटर्नशिप की। 31 दिसंबर को कोर्स पूरा हो गया था।

हालांकि मार्च 2021 में पढ़ाई पूरी होनी थी, लेकिन कोरोना के चलते कुछ महीने का अतिरिक्त समय लग गया। इसके साथ-साथ सुरभी ने एमडी करने के लिए 18 सितंबर 2021 को ऑल इंडिया आयुष पोस्ट ग्रेजुएट इनट्रेंस टेस्ट दिया। अब सुरभी का 25 जनवरी को एमडी के लिए एडमिशन होना है। इस मौके पर ग्रामीण रामबीर नंबरदार, सतपाल, जसपाल, जयपाल , नरेंद्र शर्मा और हेमंत का कहना है कि यह हमारे गांव के लिए बड़े ही गर्व की बात है।

# सीजेएम के मार्गदर्शन में चला जागरुकता अभियान

**फरीदाबाद।** सीजेएम मंगलेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ताओं द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। लोगों को कानूनी मौलिक कर्तव्यों पर बारे जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम तिगांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

लोगों को मध्यस्थता के लाभों के बारे में शिक्षित करने के लिए गद्दा कॉलोनी व पन्हेड़ा खुर्द में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से विधिक सहायता के प्रति जागरुकता के साथ पैम्फलेट वितरित किए गए। लोगों को मध्यस्थता के लाभों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से पीड़ित मुआवजा योजना और माता-पिता व वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा जन कल्याण के तहत भारत कॉलोनी, ओल्ड फरीदाबाद में कोविड-19 वैश्विक महामारी के बचाव और जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में कानूनी साक्षरता पुस्तकें, पैम्फलेट वितरित किए गए। नंगला गुजरांन में असंगठित श्रमिको को विभिन्न योजनाओं के लिए घर-घर जाकर जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कानूनी गतिविधियों और लोगों को कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करने के लिए जानकारी दी। इसके अलावा पैनल अधिवक्ताओं ने लोगों को शिक्षित करने के लिए जागरूकता शिविर के साथ सेक्टर 12 में कानूनी साक्षरता पुस्तकें वितरित की।



# मलेरिया विभाग में 1979 से नहीं हुई कर्मियों की भर्ती

कविता। फरीदाबाद

**जिले** में डेंगू व मलेरिया के सीजन में मरीजों की संख्या बढ़ने से कई बार स्थिति बेकाबू हो जाती है। लेकिन इसके बावजूद मलेरिया विभाग की तरफ आज तक किसी भी स्वास्थ्य अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया है।

सन 1979 से मलेरिया विभाग में एक भी भर्ती नहीं की गई है। उस दौरान पांच लाख की जनसंख्या पर जिले में मात्र 134 कर्मचारियों की ही भर्ती की गई थी। अब 41 वर्षो में जहां जिले में 20 से 25 लाख की जनसंख्या हो चुकी है। ऐसे में कर्मचारियों की संख्या भी बढ़नी

## 41 साल बादः 134 पोस्ट पर 57 और 117 पर काम कर रहे 35 ही कर्मी तैनात

चाहिए थी। लेकिन जिला मुख्यालय तो क्या जिला स्वास्थ्य विभाग ने भी कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया। वहीं फिल्ड वर्करों की संख्या भी मलेरिया विभाग में 117 थी, इनकी संख्या भी नहीं बढ़ाई गई है।

### नहीं बढ़ रही पोस्ट

**जिले** में इतने कम कर्मचारियों होने के बावजूद मलेरिया विभाग घरों में डोर टू डोर सर्वे भी करवा रहा है।


मलेरिया विभाग की पुरानी इमारत जहां बनती हैं स्लाईडें।

वहीं बुखार के मरीजों की लगातार स्लाइडें भी तैयार करवाता है। इसके अलावा कंटेनरों और कूलरों की जांच के साथ ही नोटिस देने के अलावा तालाबों पानी जमा होने वाले स्थानों में मछलियां डालने का काम भी करता है। लेकिन 41 सालों में न तो पोस्ट बढ़ाई गई और न ही रिटायर्ड हुए कर्मचारियों की जगह पर किसी नए कर्मचारी की भर्ती की गई। जिस कारण से यह विभाग समाप्ति के कगार पर है।

### बीते वर्ष के आंकड़े

**विभागीय** आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो वर्ष 2021 में डेंगू के मरीजों की संख्या जिले में बढ़ी थी। इस दौरान जिले में डेंगू के 21154 टैस्ट किए गए थे। जिसमें डेंगू के 347 संक्रमित सामने आए थे। वहीं मलेरिया के लिए बुखार से ग्रस्त मरीजों की कुल 79249 स्लाइडें तैयार की गई थी। जिसमें 8735 रेपिड डायगनोस्टीस्ट टेस्ट (आरडीटी)जांच की गई थी। लेकिन मलेरिया के नौ संक्रमित सामने आए थे।

### यह है स्थिति

**डेंगू-मलेरिया** विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 1979 में जिले में पांच लाख की जनसंख्या थी। उस दौरान एमपीएचडब्ल्यू की पोस्ट 134 निकाली गई थी। जिसमें से रिटायमेंट और कुछ कर्मियों की डेथ के बाद अब फिलहाल 57 कर्मचारी ही रह गए है। वहीं फिल्ड वर्करों की 117 पोस्ट थी, जिनमें मात्र 35 ही कर्मचारी बचे हैं। ऐसे में 20 से 25 लाख की जनसंख्या में मात्र 92 कर्मचारी ही जिले में डेंगू व मलेरिया की बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

# निर्माण के दौरान नियमों का पालन न होने पर करें कार्रवाई : दुष्यंत चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी निर्माण के दौरान ध्यान दे कि नियमों की पालना हुई या नहीं। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन दयाल बाग कालोनी निवासी अजय सिंह प्रधान ने शिकायत रखी कि कुछ लोगो ने हाउसिंग सोसायटी की पार्किंग में मकान व दुकानें बना ली हैं। इस पर कार्रवाई करते हुए। इस पर डीटीपी को निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले की जांच करवाई जाए और भविष्य में किसी भी निर्माण के दौरान यह ध्यान रखा जाए कि नियमों की पालना हुई है या नहीं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक भवन के लिए अग्निशमन नियमों का पूरा करने वाली एनओसी लेना अति आवश्यक है। इसके लिए अग्निशमन विभाग सभी विभागों को एक नोटिस जारी कर एक महीने के अंदर अगर वह रिपोर्ट नहीं देते हैं तो एचओडी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री शुक्रवार को जिला परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति


सेक्टर-12 स्थित हुड्डा के कन्वेशन हाल में जिला परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतों का निपटारा करते उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

की मासिक बैठक के दौरान सेक्टर-9 निवासी आरपी शर्मा के एक परिवार पर सुनवाई के बाद दिशा-निर्देश दे रहे थे।

मीटिंग में अगला परिवाद आरसी भाटिया निवासी राजौरी गार्डन दिल्ली द्वारा नवीन सहकारी हाउस बिल्डिंग सोसायटी को लेकर रखा गया। इस परिवाद में अतिरिक्त उपायुक्त को प्रशासक नियुक्त करते हुए प्रत्येक माह ग्रीवांस कमेटी में स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एक बुजुर्ग महिला बिरमा देवी द्वारा ढाई लाख रुपये न लौटाने की शिकायत पर निर्देश दिए कि बिरमा देवी को एक माह के अंदर पैसे दिलवाए जाएं। सूरजकुंड रोड स्थित ग्रुप हाउसिंग कालोनी में पानी की समस्या के लिए अनुज शर्मा द्वारा पिछली मीटिंग में रखी गई शिकायत की स्टेटस रिपोर्ट भी एचएसवीपी द्वारा प्रस्तुत की गई। मीटिंग में अधिकारियों ने बताया कि पानी की समस्या का समाधान कर दिया गया है और इस पर शिकायतकर्ता ने भी संतुष्टि जाहिर की। एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा द्वारा सड़क निर्माण को लेकर रखी गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह चंडीगढ़ में आकर उनसे अप्रूवल करवाएँ और कार्य को पूरा करें। खिरकी गांव निवासी सूरजभान ने शिकायत रखी कि गांव में शामलात भूमि की बिक्री की गई है। इस पर बताया गया कि फिलहाल मामला अदालत में विचाराधीन है। कौराली गांव निवासी राजेश कुमार ने शिकायत रखी कि गांव की शमशान भूमि पर नाजायज कब्जा किया गया है। इस पर उपमुख्यमंत्री ने इस संबंध में जांच कर तुरंत कब्जा खाली करवाने के निर्देश दिए।

खेड़ी कलां गांव निवासी कृपाल पुत्र शिल्लू की जमीन संबंधी शिकायत पर निर्देश देते हुए कहा कि इस संबंध में बीपीटीपी के अधिकारियों को अगली मीटिंग में बुलाकर इस पूरे मामले की जानकारी ली जाए। राम नगर पलवल निवासी गोकल चंद द्वारा दहेज न देने पर बेटी की हत्या के मामले में रखी गई शिकायत पर पुलिस आयुक्त द्वारा जवाब दिया गया कि इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कलायत गांव निवासी खुशनसीब सिंह द्वारा 90 लाख रुपये हड़पने के मामले में पुलिस ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौंछी गांव के निवासियों द्वारा सड़क निर्माण न होने की शिकायत पर निगम अधिकारियों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

# देश और प्रदेश की जनता का बीजेपी सरकार से हो चुका है मोहभंग: भड़ाना


आम आदमी पार्टी का दामन थामते गांव अनगंपुर के सागर अग्रवाल।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** में आम आदमी पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में अनगंपुर गांव के रहने वाले सागर अग्रवाल ने जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में पार्टी का दामन थामा। सागर अग्रवाल ने कहा कि जिलाध्यक्ष धरमबीर भड़ाना एवं राज्यसभा सांसद एवं सह प्रभारी डॉ सुशील गुप्ता ने जो कार्य पार्टी के लिए और खौरी के लोगों को बचाने के लिए किये। उसको देख कर उनके अंदर उत्साह जागा और उन्होंने पार्टी मे शामिल होने का निश्चय किया।

केजरीवाल के कुशल नेतृत्व एवं पार्टी की नीतियों पर आस्था जताते हुए आम आदमी पार्टी का दामन थामा है। इसी के साथ भड़ाना ने कहा कि आम आदमी पार्टी आम जनता के हित में काम कर रही है। जनता भाजपा सरकार की नीतियों से दुखी है। हरियाणा के लोग भी दिल्ली की तर्ज पर बिजली, पानी सडक़ जैसी सुविधाएं चाहते हैं। आज दिल्ली में आम आदमी पार्टी द्वारा उच्च शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश में आम आदमी पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है लोगों का मोह अब बीजेपी एवं कांग्रेस से भंग हो चुका है, और आम आदमी पार्टी ही एकमात्र विकल्प के रूप में उभरकर आ रही है।

# जेड ब्लैक ने बाजार में उतारी नेचर फ्लॉवर

## मंदिर में चढ़े फूलों से खुशबूदार अगरबत्ती बनाने को एमडीपीएच और हेल्पअस ग्रीन ने किया करार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** में फूल दिव्य धार्मिक संस्कारों का एक महत्वपूर्ण भाग होते हैं, लेकिन बाद में फूलों को कूड़े या नदियों में अपशिष्ट के तौर पर फेंक दिया जाता है। भारत में नदियां एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और भारतीय संस्कृति की जीवन रेखा होती है। इसलिए नदियों को स्वच्छ रखने और धार्मिक संस्कारों में उपयोग हुए फूलों को नया जीवनदान देने की आवश्यकता है।

मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) ने अपने प्रमुख ब्रांड और अगरबत्ती निर्माताओं के शीर्ष 3 ब्रांड्स में से एक जेड ब्लैक के साथ फूलों को पुनर्चक्रित कर बनाई गई



सुंगधित अगरबत्ती 'नेचर फ्लॉवर' को लॉन्च करने के लिए फूल पुनर्चक्रण टेक्नोलॉजी के प्रवर्तक हेल्पअसग्रीन के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। फूल अपशिष्ट से लेकर सुगंधित अगरबत्ती तक, संपूर्ण देश में जेड ब्लैक नेचर फ्लॉवर अगरबत्ती को चंदन, मोगरा, कस्तूरी और गुलाब इन चार प्राकृतिक सुगंधों में लॉन्च किया गया है। इस संयुक्त परियोजना का लक्ष्य 1000 से अधिक स्वदेशी महिला कार्यबल को प्रभावित करना है। भारत में एक अनोखे चक्राकार आर्थिक मॉडल शुरु करते हुए प्रवर्तक फूल पुनचक्रण टेक्नोलॉजी द्वारा हेल्पअसग्रीन नदियों और पूजा स्थलों को स्वच्छ करने के आंदोलन के अग्रदूत हैं। इस प्रकार वे भारत की भावी पीढ़ी को एक साफ, पवित्र पर्यावरण देते हुए, प्रदूषकों को कम कर रहे हैं और देश में कार्बन फूटप्रिंट घटा रहे हैं। टीम पहले ही करीब 25 पूजा-स्थलों के साथ काम कर रही है जिसमें कानपूर के मंदिर और गुरुद्वारे शामिल हैं। 230 टन से अधिक फूल अपशिष्ट की समस्या का समाधन हुआ है। अंकित अग्रवाल, मैनेजिंग पार्टनर मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (जेड ब्लैक) ने कहा, हेल्पअसग्रीन के सहयोग से नेचर फ्लॉवर अगरबत्ती ब्रांड का निर्माण देश में पवित्र स्थलों से फूलों के अपशिष्ट को कम करने में हमारा छोटा योगदान है।

# पुत्रवधु ने कर दी ससुर की हत्या

## गोली मार कर हत्या के बाद आरोपी महिला हुई फरार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** की न्यू फ्रैंडस कालोनी में रहने वाली एक महिला ने अपने ससुर की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी महिला मौके से फरार हो गई। ससुर ने सम्पति पुत्रवधु के नाम करने से इनकार कर दिया था। सूचना मिलते ही डीसीपी बल्लभगढ़ जयबीर राठी, डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान, एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण ने पुलिस टीम सहित घटनास्थल पर पहुंचकर मौके का जायजा लिया और एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल से अहम सुराग एकत्रित किए।

मृतक की पत्नी की शिकायत के आधार पर उनके बड़े बेटे की पत्नी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में मृतक की पत्नी जसोदा देवी ने


न्यू फ्रेंडस कालोनी में हुई घटना के बाद मौके पर तैनात पुलिस व लोग।

बताया कि उनके पति का नाम भरत सिंह है। भरत सिंह उसके दूसरे पति है। उनके दो बेटे और एक बेटी हैं। बेटों का नाम विनोद तथा सूरज है। उनके पहले पति मन्नु से 37 वर्षीय विनोद उनका बड़ा बेटा है। जबकि 28 वर्षीय छोटा बेटा सूरज और पुत्री भरत सिंह से है।

सूरज की पिछले साल ट्रेन हादसे में मृत्यु हो गई थी जिसकी कल पहली बरसी थी। छोटे बेटे की पत्नी अपने बच्चों सहित अपने मायके में रहती है। अब वह अपने बड़े बेटे विनोद के साथ रह रहे थे। सारी जायदाद उनके पति भरत सिंह के नाम है। उनके बड़े बेटे विनोद की पत्नी गीता अपने ससुर भरत सिंह के साथ सारी प्रॉपर्टी उनके नाम लगवाने की जिद करती थी। उसने कई बार हम पर इस बात का दबाव बनाया परंतु उनके पति भरत सिंह बार-बार इस बात से इनकार करते रहे। इसी बात को लेकर वह उनसे झगड़ा करती रहती थी।

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने इस मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द आरोपी की धरपकड़ करने के निर्देश दिए हैं। क्राइम ब्रांच डीएलएफ और थाना पुलिस की टीम आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# संक्षिप्त समाचार

## कोरोनाः एक मौत, 1116 नए संक्रमित, 1754 हुए ठीक

**फरीदाबाद।** जिले में कोविड-19 से ग्रस्त मरीजों की लगातार मौत हो रही है। जिले में जहां बृहस्पतिवार को तीन मृतकों के बाद शुक्रवार को दो कोविड-19 पॉजिटिव मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया है। हालांकि जिला स्वास्थ्य विभाग ने आंकड़ों में मात्र एक ही मृतक को शामिल किया है। जिससे मृतकों की संख्या 722 पर पहुंच गई। शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के नए 1116 संक्रमित मरीजों की पुष्टि की है। राहत की बात यह रही कि जिले में 1754 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 11618 पर पहुंच गया। जिसमें 11395 लोगों को होम आईसोलेशन में तो वहीं 223 संक्रमितों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिसमें 35 मरीज ऑक्सीजन पर भर्ती है, तो 30 मरीज आईसीयू में कोरोना व अन्य बीमारियों से ग्रस्त भर्ती है। वहीं वैंटीलेटर पर 9 मरीजों को भर्ती किया गया है। फिलहाल जिले में बुखार, जुकाम और खांसी के मरीज अधिक सामने आ रहे है, जिसे देखते हुए सैम्पलिंग की जा रही है। इसी कड़ी में छोटे बच्चे भी इन बीमारियों का शिकार हो रहे है। जिनके सैम्पल भी चिकित्सकों के कहे अनुसार परिजनों को करवाने पड़ रहे है। शुक्रवार को एक छह माह की बच्ची को खांसी होने पर उसका सैम्पल लिया गया। यहां से मौत: शुक्रवार को दो मृतकों का अंतिम संस्कार नगर निगम की टीम के द्वारा किया गया। जिसमें तिगांव रोड बल्लभगढ़ निवासी 62 वर्षीय एक व्यक्ति जिसकी मौत सेक्टर-आठ स्थित एक निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। वहीं एनएच-तीन स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज/कोविड-19 अस्पताल में आदर्श नगर निवासी 57 वर्षीय एक महिला मरीज की मौत हो गई। महिला अस्पताल में गत तीन जनवरी से दाखिल थी।


खांसी होने पर बच्ची माव्या की कोरोना जांच करवाती मां।

## जिले में 13386 लोगों ने लगवाया टीका

**फरीदाबाद।** शहर के विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के कुल 13386 नागरिकों ने टीका लगवाया। जिसमें हेल्थ केयर वर्करों में बुस्टर डोज 199 में सरकारी शिविरों में लगवाई। वहीं फ्रंट लाईन वर्करों में 30 ने प्रथम डोज लगवाई। इसी कड़ी में 15 प्लस आयुवर्ग में सरकारी केन्द्रों पर 1827 ने और निजी केन्द्रों पर 9 बच्चों ने कोरोना से बचाव का टीका लगवाया। वहीं 18 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 1951 ने सरकारी में और सात ने निजी में डोज लगवाई। वहीं सैकेंड डोज सरकारी में 6470 ने और 16 ने निजी अस्पतालों में डोज लगवाई। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में सरकारी में प्रथम डोज 485 ने और सैकेंड डोज 1439 ने सरकारी केन्द्रों पर दो ने निजी केन्द्रों पर लगवाई। वहीं 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 101 ने और सैकेंड डोज 195 ने लगवाई। वहीं बुस्टर डोज 625 ने सरकारी में और 29 ने निजी अस्पतालों में लगवाई।

## आंगनबाड़ी कर्मियों ने उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की



**फरीदाबाद।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूनियन के शिष्टमंडल ने शुक्रवार को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला से मुलाकात की और पीएम व सीएम द्वारा की गई घोषणाओं को लागू करवाके हड़ताल समाप्त करवाने की मांग की। यूनियन के शिष्टमंडल ने डिप्टी सीएम को हड़ताली आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। उल्लेखनीय है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सितंबर 2018 में प्रधानमंत्री द्वारा वर्कर के मानदेय में 1500 व हेल्पर के मानदेय 750 रुपए बढ़ोतरी करने आदि मांगों को लेकर पिछले डेढ़ महीने से हड़ताल पर हैं। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने शिष्टमंडल को भरोसा दिया कि आपका विभाग मेरे पास नहीं है, इसके बावजूद मैं चंडीगढ़ जा रहा हूं और वहां जाकर कोई समाधान निकालने के लिए मुख्यमंत्री से डिस्कस करूंगा। जो भी आउटकम होगी, डीसी साहब आपको बुलाकर अवगत करवा देंगे। यूनियन की राज्य प्रधान देवेन्द्री शर्मा ने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की सितम्बर 2018 में वर्कर के मानदेय में 1500 और हेल्पर्ज के मानदेय में 750 रुपए बढ़ोतरी करने की घोषणा को लागू करने और प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मार्च 2018 में विधानसभा में वर्कर को कुशल व हेल्पर को अर्धकुशल कर्मचारी का दर्जा देने के ऐलान को लागू करवाने के लिए हड़ताल कर रही है। उन्होंने कहा कि यह मांग नही बल्कि उनका हक है। लेकिन सरकार पीएम व सीएम की घोषणा को लागू करने की बजाय नेताओं को बर्खास्त कर रही है। झूठे मुकदमे दर्ज करवाके हड़ताल को विफल बनाने में जुटी हुई है। लेकिन इसमें भी सरकार सफल नहीं होगी।

## रेहड़ी वाले को क्रैन ने कुचला, मौत

**फरीदाबाद।** रेहड़ी लगाकर अपना गुजारा करने वाले युवक को एक क्रैन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्रैन चालक को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल में रखवा दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव की पहचान के लिए यहां वहां पूछताछ शुरू कर दी है। यह है पूरा मामला: सेक्टर-तीन से सेक्टर-चार और छह को जोड़ने वाले रास्ते पर गुडगांव कैनाल के किनारे पुल के निकट ही पेठे की मिठाई और खजूर की रेहड़ी लगाने वाले एक युवक को क्रैन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया।

# गणतंत्र दिवस को लेकर आज से शहर में पाबंदी बढ़ी

**फरीदाबाद।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की रिहर्सल के चलते आज 22 जनवरी रात 10 बजे से 23 जनवरी दोपहर 2 बजे तक शहर में हेवी कमर्शियल व्हीकल के आने पर रोक रहेगी। वहीं निर्देशों में यह भी साफ किया गया है कि पलवल से दिल्ली की तरफ जाने वाले भारी/कमर्शियल वाहन केजीपी/केएमपी का प्रयोग कर सकेंगे।

वहीं दूसरी तरफ शहर में गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिए सभी विभागों की तरफ से तैयारियां की गई है। जिसमें झांकियों से लेकर अन्य सभी तरह की तैयारियां की गई है। वहीं गणतंत्र दिवस को लेकर बम निरोधक दस्ते भी लगातार शहर के सार्वजनिक स्थानों पर रूटीन जांच कर रहे है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया जा रहा है। इसी कड़ी में अस्पताल, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन तथा बस स्टैंडों के अलावा बाजार में बम निरोधक दस्ते लगातार रूटीन जांच कर रहे है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर यह आदेश जारी किए गए हैं।

# कांग्रेस ने छिपाया आजादी का इतिहास

## नेताजी की जयंती 23 को पर हरियाणा बोलेगा-जयहिन्द बोसः अम्मू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नेताजी** जी की जयंती 23 जनवरी को हरियाणा बोलेगा- जयहिन्द बोस। कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई का इतिहास छुपाया और अपने कुछ नेताओं को आजादी का श्रेय दिया। नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाकर हर गांव और वार्ड में कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के वीरों का इतिहास और उनकी शौर्य गाथाएं लोगों तक पहुंचाई जाएंगी।

1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों द्वारा बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह और उनके दो सेनानियों गुलाब सिंह सैनी और भूरा बाल्मीकि को चांदनी चौक में 9 जनवरी के दिन फांसी पर लटका दिया गया था। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू ने जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में यह कहा 7 प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, आर एन सिंह, बिजेन्द्र नेहरा, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता,जिला


पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू।

सह प्रभारी राज मदान मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। अम्मू ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि 23 जनवरी को नेता जी सुभाष चंद बोस की 125 वी जयंती पर प्रदेश भर में 7800 स्थानों पर 6 लाख लोग आजाद हिंद फौज का तराना गाकर नेताजी व उनकी आजाद हिंद फौज से जुड़े स्वतंत्रता सेनानियों को याद करेंगे। प्रदेश के 6 लाख लोग 23 जनवरी को नेताजी को जयहिन्द बोस बोलेंगें। इसके लिए प्रदेश के हर वार्ड और गांव में प्रमुख तय किये गए हैं और 2-2 भाजपा कार्यकर्ताओं की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। देश आजादी के 75वें वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। जिसे कोंग्रेस द्वारा देश से छुपाया गया। इस पूरे अभियान का नेतृत्व हरियाणा भाजपा के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ स्वयं कर रहे हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेशनल वार मेमोरियल पर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का का स्टेचू लगाने की घोषणा कर उनका सम्मान देने का कार्य किया है। अम्मू ने कहा कि आजाद जींद फौज में देश के 26000 सैनिक थे। आज़ाद हिन्द फौज में हरियाणा के लगभग 2,715 सैनिक शामिल थे, जिनमें 398 अफसर और 2,317 जवान थे 7 उस समय के गुड़गांव जिले से (गुड़गांव, फरीदाबाद, पलवल, मेवात, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़) 106 अफसर तथा 580 जवानों सहित कुल 686 सैनिक इस मुक्ति सेना का हिस्सा बने। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद में 40 वार्डों में और 92 गांवों में कुल 132 स्थानों पर कार्यक्रम होंगे।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 13(12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणीयों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमित कर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

| ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/ जमानतदार का नाम /ऋण खाता सं. | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.: L9001060715523295 **उमेश सिंह (ऋणी)**, रमन देवी (सह-ऋणी) | 16 सितम्बर 2021 ₹ 1929013/- अक्षरे उन्नीस लाख उनतीस हजार तैरह मात्र दिनांक 14 सितम्बर 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित फ्रीहोल्ड - नगर पालिका सीमा के भीतर, प्लॉट नं. 25 खसरा नं. 11/7, 14 नांगला गुजरान फरीदाबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 100 वर्ग गज** | 17 जनवरी 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001061123458300 **उमेश सिंह (ऋणी)**, रमन देवी (सह-ऋणी) | 16 सितम्बर 2021 ₹ 350049/- अक्षरे तीन लाख पचास हजार उड़नचास मात्र दिनांक 14 सितम्बर 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति सिति फ्रीहोल्ड - नगर पालिका सीमा, मेट्रो व शहरी प्लॉट नं. 25 खसरा नं. 11 7 25 नांगला गुजरान फरीदाबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 100 वर्ग गज** | 17 जनवरी 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001061018382593 **वेद एजुकेशनल एण्ड कल्चरल सोसायटी (ऋणी)**, वेद राम सैनी (सह-ऋणी), दर्शन सैनी (सह-ऋणी), महिन्दर सिंह सैनी (सह-ऋणी) | 13 अक्टूबर 2021 ₹ 447108/- अक्षरे चार लाख सैंतालीस हजार एक सौ आठ मात्र दिनांक 13 अक्टूबर 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित फरीदाबाद, हरियाणा 121002 **क्षेत्रफल 3250 वर्ग फीट** | 17 जनवरी 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001061121166349 **वेद एजुकेशनल एण्ड कल्चरल सोसायटी (ऋणी)**, दर्शन सैनी (सह-ऋणी), वेद राम सैनी (सह-ऋणी), मूलचंद सैनी (सह-ऋणी), महिन्दर सिंह सैनी (सह-ऋणी) | 13 अक्टूबर 2021 ₹ 1373797/- अक्षरे तेरह लाख तिहत्तर हजार सात सौ सतानवे मात्र दिनांक 13 अक्टूबर 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित फ्रीहोल्ड - नगर पालिका सीमा मेट्रो व शहरी 10 357/313 फरीदाबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 3250 वर्ग फीट** | 17 जनवरी 2022 |
| ऋण खाता सं.: L9001060713784569 **वेद एजुकेशनल एण्ड कल्चरल सोसायटी (ऋणी)**, दर्शन सैनी (सह-ऋणी), वेद राम सैनी (सह-ऋणी), मूलचंद सैनी (सह-ऋणी), महिन्दर सिंह सैनी (सह-ऋणी) | 13 अक्टूबर 2021 ₹ 7300743/- अक्षरे तिहत्तर लाख सात सौ तैयालीस मात्र दिनांक 13 अक्टूबर 2021 तक | सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित नगर पालिका एच नं. 2142 इन्द्रा कॉम्पलेक्स निहार पार खेरी कलान फरीदाबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 3250 वर्ग फीट** | 17 जनवरी 2022 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**स्थान: हरियाणा** **दिनांक: 21-जनवरी-2022** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

## सीवर मेनहॉल की सफाई मैनुअल तरीके से ना करवाएं एजेंसी: डा. वैशाली

### अतिरिक्त निगमायुक्त ने सीवरेज सफाई का कार्य कराने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों को दिए मौके पर निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा ने शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में सीवरेज सफाई का कार्य करने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्हें मैनुअल सीवर सफाई की बजाए मशीनों से सफाई कार्य सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सीवरेज की मैनुअल सफाई को प्रतिबंधित किया हुआ है तथा इसे रोकने के लिए सख्त कानून भी बनाया हुआ है। सीवर के मेनहॉल में सफाई मित्र को उतारना कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि नियम के तहत पहली बार कानून की उल्लंघना पर दो लाख रुपये का जुर्माना या 2 साल की जेल या दोनों हो सकते हैं। दूसरी उल्लंघना पर 5 लाख रूपए का जुर्माना या 5 वर्ष की जेल या दोनों का प्रावधान कानून में है। कोई भी व्यक्ति सीवर में घुसे सफाई मित्र की फोटो लेकर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवा सकता है। बैठक में एजेंसी के प्रतिनिधियों ने कहा कि कुछ मामलों में मशीनों से सीवर की सफाई नहीं हो पाती, ऐसे में कर्मचारी के माध्यम से ही सफाई करवानी पड़ती है। इस पर अतिरिक्त निगमायुक्त ने कहा कि उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी से पर्याप्त स्वीकृति ली जाए तथा कर्मचारी को सभी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि हमें मैनुअल सीवरेज सफाई को बन्द करना चाहिए। उन्होंने निगम अधिकारियों को निदेश्श दिए कि वे सभी एजेंसियों के पास सुरक्षा उपकरणों की जांच करें तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलवाएं। बैठक में अधीक्षक अभियंता विवेक गिल, जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता विक्रम सिंह, सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज टीम से अनिता फलसवाल एवं मनप्रीत सिंह सहित विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।


गुरुग्राम नगर निगम में सीवरेज सफाई एजेंसियों के प्रतिनिधियों की बैठक लेती अतिरिक्त निगमायुक्त डा. वैशाली वर्मा।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद सचिन डागर के घर सांत्वना देने वालों का लगा तांता


अलीपुर में शहीद सचिव डागर के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे इनेलो नेता अभय सिंह।

**सोहना।** अलीपुर निवासी शहीद सचिव डागर के परिजनों को सांत्वना देने के लिए नेताओं का लगातार आना जाना हो रहा है। बीते दो दिन में हल्का विधायक समेत भिवानी से सांसद धर्मबीर सिंह, एनेलो नेता अभयसिंह सहित अन्य नेता पहुंचे है। कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से 24 वर्षीय लांस नायक सचिन डागर शहीद हो गया था। जिनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार पैतृक गांव अलीपुर में मंगलवार को किया था। शहीद सचिव डागर के पीडित परिवार वालों को सांत्वना देने वालों का ताता लगा हुआ है। गुरूवार भिवानी से भाजपा धर्मबीर सिंह, सोहना विधायक संजय सिंह पहुंचे थे। शुक्रवार को इनेलो नेता अभय सिंह सहित अन्य नेतागण पहुंचे है। भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है ।

### रोजगार मंडल विभाग का ऑनलाइन जॉब फेयर 31 को

**गुरुग्राम।** मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा 31 जनवरी को वर्चुअल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले के लिए ऑनलाइन जॉब फेयर इवेंट को रोजगार विभाग के पोर्टल पर भी प्रदर्शित किया जा रहा है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए रोजगार मेले का आयोजन वर्चुअल तरीके से ऑनलाइन किया जा रहा है, ताकि प्रार्थी रोजगार प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि वर्चुअली आयोजित होने वाले रोजगार मेले में भाग लेने के लिए प्रार्थी 31 जनवरी तक रोजगार विभाग के पोर्टल पर अपनी लॉग इन आईडी का इस्तेमाल करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रोजगार विभाग में पंजीकृत सभी नियोजक 24 जनवरी तक अपनी लॉग इन आईडी से आवश्यकता अनुसार रिक्तियां अपलोड करते हुए इस जॉब फेयर में भाग ले सकते हैं।

### कोरोना से बचाव में दोनों वैक्सीन प्रभावी, अफवाहों पर ध्यान ना दें

**गुरुग्राम।** कोरोना की दोनों वैक्सीन सुरक्षित है। लोग कोरोना वैक्सीन को लेकर अफवाहों पर ध्यान ना दें और जल्द से जल्द अपना वैक्सीनेशन करवाएं। कोरोना संबंधी किसी भी ऐसी जानकारी को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर न करें जो असत्यापित हो। ये बातें उपायुक्त डा. यश गर्ग ने जनता को जागरुक करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव में सुरक्षा कवच के रूप में वैक्सिनेशन बेहद जरूरी है। कोरोना से दूरी बनाने के साथ ही वैक्सिनेशन कोरोना संक्रमित होने पर भी पुरी तरह से सुरक्षित स्वास्थ्य बनाए रखने में सहयोगी होती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में ज्यादातर लोग सोशल मीडिया जैसे-ट्विटर, फेसबुक तथा व्हाट्सएप सहित अन्य प्लेटफार्म का इस्तेमाल करते है। कोरोना संक्रमण संबंधी किसी भी जानकारी के लिए या पुष्टि के लिए जिला प्रशासन के हेल्पलाइन नंबर-1950 सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर सकते है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सिनेशन सुरक्षा का मजबूत आधार है। ऐसे में लोगों को वैक्सिनेशन प्रक्रिया में भागीदार बनते हुए कोरोना संक्रमण चक्र को तोड़ने में प्रशासन का सहयोगी बनना चाहिए। उन्होंने बताया कि कोविशील्ड के टीके की पहली और दूसरी डोज के बीच 12 से 16 सप्ताह का अंतर रखा गया है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों को कोविशील्ड की पहली डोज लग चुकी है, वे दूसरी डोज लेने के लिए केवल 12 से 16 सप्ताह के दौरान ही वैक्सिनेशन के लिए सेंटर पर आएं। लोग इस बात का ध्यान रखें कि कोवैक्सीन के टीके के मामले में पहली और दूसरी डोज का अंतर 4 सप्ताह का है। इनके अनुसार अब अगर किसी व्यक्ति का कोविड टेस्ट पॉजिटिव आता है तो वह ठीक होने के कम से कम तीन महीने के पश्चात ही कोविड वैक्सिनेशन करवा सकता है।

### नप ने विज्ञापन योजना को लागू करने की कवायद शुरू की

**सोहना।** नगर परिषद विभाग ने विज्ञापन योजना को लागू करने की कवायद शुरू कर दी है। जिससे क्षेत्र में अवैध होर्डिंग्स पर अंकुश लगाया जा सके। योजना के तहत परिषद ने सर्वे कराकर समस्त प्रारूप उपायुक्त गुरुग्राम के समक्ष भेज दिया है। जो विज्ञापन रेटों को निर्धारित करने के बाद से योजना को अमलीजामा पहनाया जा सकेगा। नगर परिषद क्षेत्र में अवैध होर्डिंग्स के चलते सड़क व दीवारें अटे पड़े हुए हैं। अवैध कारोबार काफी दिनों से क्षेत्र में फलफूल रहा है। जिसको माफिया लोग प्रशासनिक अधिकारियों से मिलीभगत करके संचालित कर रहे हैं। जिससे निकाय विभाग को को मोटा राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं सोहना परिषद विभाग ने अवैध होर्डिंग्स पर प्रतिबंध लगाने के लिए शुरुआत कर दी है। विज्ञापन के लिए स्थान निर्धारित करके योजना का प्रारूप उपायुक्त के दरबार में भेज दिया है। जो रेट निश्चित करके मंजूरी प्रदान करेंगे। उपायुक्त की मंजूरी मिलने पर परिषद विभाग टेंडर आमंत्रित करके विज्ञापन पालिसी को ठेकेदारों को छोड़ देंगे। सुशील ठाकरान (इंजीनियर नगर परिषद) ने कहा कि ज्ञापन पालिसी लागू करने के लिए योजना बनाकर उपायुक्त को भेज दी है रेट निर्धारित करेंगे उसके बाद डीएमसी की मंजूरी मिलने पर टेंडर छोड़े जाएंगे।

## नेताजी की जयंती कल धूमधाम से मनाएंगे: सुंदर

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने दिए पार्टी कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पंचायती** राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव ने कहा कि पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए हैं। गुरुग्राम समेत प्रदेशभर में 23 जनवरी को नेताजी की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जयहिंद का नारा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

गुरुग्राम में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ द्वारा जयंती को लेकर ली गई बैठक में सुंदर लाल यादव ने उनका स्वागत किया। साथ ही विश्वास दिलाया कि इस कार्यक्रम को पूरी तरह से कामयाब बनाया जाएगा। जन-जन में बोस के जीवन चरित्र को जागृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में हरियाणा में 23 जनवरी को नेता जी की जयंती 7500 से अधिक स्थानों पर मनाई जाएगी। प्रदेश में आजाद हिंद फौज के सभी जिवित स्वतंत्रता सेनानियों व उनकी धर्मपत्नियों को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा इस दिन सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा यह आयोजन करके स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देना अपने आप में ऐतिहासिक होगा। गत दिनों अंडेमान निकोबार में आजादी के गुमनाम सेनानियों को नमन करने गए हरियाणा के अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने प्रदेशभर में वहां के संस्मरण सांझा किए हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में इतनी महत्वपूर्ण बातों का ज्ञान हुआ है।


गुरुग्राम में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का स्वागत करते पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के संयोजक सुंदर लाल यादव।

## मुख्यमंत्री के समक्ष रखूंगा आंगनबाड़ी वर्कर की मांग: सुधीर सिंगला

### विधायक सुधीर सिंगला ने आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स ने की मुलाकात

### अपनी मांगों के समर्थन में सौंपा विधायक को ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** को विधायक सुधीर सिंगला से मिलने पहुंची आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर्स को विधायक ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को वे मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर सकारात्मक निर्णय की सिफारिश करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले भी आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर्स को लाभ दिया है।

आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर्स का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को विधायक सुधीर सिंगला से मिलने उनके कार्यालय पहुंचा। अपने कार्यालय परिसर में विधायक ने काफी देर तक आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर्स की बातें सुनी। कई मांगों को विधायक के समक्ष रखा गया। साथ ही उन्हें मांग पत्र भी सौंपा गया। मांग पत्र में शामिल मांगों पर विधायक ने कहा कि वे इस ज्ञापन को मुख्यमंत्री मनोहर लाल तक बिना देरी के पहुंचा देंगे। साथ ही जायज मांगों का समर्थन करके मुख्यमंत्री से उन्हें पूरा करने का भी अनुरोध करेंगे।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर्स के लिए नव वर्ष 2022 का मुख्यमंत्री ने तोहफा दिया है। आंगनबाड़ी वर्कर को रिटायरमेंट पर एक लाख रुपये तो हेल्पर को 50 हजार रुपये दिए जाने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की। आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया जाएगा। दुर्घटना होने की स्थिति में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री की ओर से मासिक मानदेय में सितम्बर 2020 से 400 रुपये और सितम्बर 2021 से 450 रुपये की बढ़ोतरी के साथ दो साल का एरियर देने की घोषणा की गई है।

कोरोना काल में फ्रंट लाइन वर्कर्स के रूप में काम करने के लिए सभी आंगनबाड़ी वर्कर्स को 1000-1000 रुपये रुपये प्रोत्साहन राशि भी देने की घोषणा की है। साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी विश्वास दिलाया कि किसी भी आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर को हटाया नहीं जाएगा। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सरकार की ओर से आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर्स को नये साल पर ये कई तोहफे दिए गए। फिर भी इनकी बाकी मांगों पर भी विचार करने के लिए सरकार के पास भेज दिया जाएगा।


आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर्स यूनियन प्रतिनिधियों से ज्ञापन लेते विधायक सुधीर सिंगला।

## अब आप व्हाट्सएप पर भी लें कोरोना संबंधी जानकारी

### गुरुग्राम जिला प्रशासन ने शुरू की चैटबोट की नई पहल

### आमजन को कोरोना संबंधी जानकारियां व्हाट्सएप पर भी होंगी उपलब्ध

**गुरुग्राम।** जिला प्रशासन द्वारा जिलावासियों की कोरोना संक्रमण संबंधी जिज्ञासाओं के समाधान के लिए चैटबॉट सुविधा की नई पहल शुरू की गई है। अब जिलावासी मोबाइल नंबर-9643277788 पर व्हाट्सएप चैट के माध्यम से कोरोना संबंधी जानकारियां ले सकते हैं।

हर व्यक्ति आज अपने मोबाइल पर व्हाट्सएप का प्रयोग कर रहा है, इसलिए गुरुग्राम जिला प्रशासन ने व्हाट्सएप चैटबोट के माध्यम से लोगों को कोरोना के बारे में जागरूक करने का माध्यम अपनाया है। तकनीक के इस दौर में आज ज्यादातर लोग व्हाट्सएप मोबाइल एप्लीकेशन से जुड़े हुए हैं, ऐसे में उनके लिए व्हाट्सएप चैट बोट के माध्यम से जानकारी प्राप्त करना आसान होगा। गुरुग्राम जिला प्रशासन ने सूचनाओं के प्रसार का सरलीकरण कर दिया है। व्हाट्सएप चैट बोट शुरू करने के लिए व्यक्ति को केवल मोबाइल नंबर 9643277788 पर व्हाट्सएप से एक मैसेज भेजना है, यह सुविधा शुरू हो जाएगी। उसके बाद आप चैट करते हुए समस्त जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

चैटबॉट सुविधा के माध्यम से लोग कोविड टैस्ट, डॉक्टरी परामर्श, एम्बुलेंस सेवा, ऑक्सीजन बुकिंग, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, मूवमेंट पास सहित अन्य सेवाएं, कोविड देखभाल केन्द्र, अंतिम संस्कार सेवाएं, कोविड सामान्य प्रश्नो सहित अन्य सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कोरोना संक्रमण संबंधी मामलों में बढ़ोतरी हुई है।

## अब क्रेता-विक्रेता की हाजिरी बिना रजिस्ट्रियां पंजीकृत नहीं होंगी

### रजिस्ट्री पत्र में पैन नम्बर और आधार नम्बर अंकित करना जरूरी होगा

### क्रेता व विक्रेताओं की वल्दियत में दादा का नाम भी अंकित करना होगा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**तहसील** कार्यालय में भूमि खरीदने व बेचने के लिए अब क्रेता व विक्रेताओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। जिसके लिए नायब तहसीलदार ने फरमान जारी कर दिए हैं। ताकि किसी भी प्रकार का विवाद उतपन्न न हो सके।

जमीन का पंजीकरण कराने के दौरान होने वाले फर्जीवाड़े पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए नया नियम लागू किया जा रहा है।


सोहना के नायब तहसीलदार लछीराम।

तहसील में रजिस्ट्री पंजीकरण का कार्य साफ सुथरा हो सके। उसके अलावा क्रेता व विक्रेताओं का पैन नम्बर व आधार कार्ड संख्या भी लिखना जरूरी होगा।

तथा क्रेता व विक्रेताओं की वल्दियत में दादा का नाम भी अंकित करना होगा। इससे पूर्व वसीका नवीस रजिस्ट्री ड्राफ्ट के समय केवल क्रेता व विक्रेताओं के पिता का नाम ही अंकित करते थे। जिसके कारण संदेह व विवाद बनने की उम्मीद रहती थी। जो रजिस्ट्री में आधार व पैन नम्बर भी दर्ज नहीं करते थे। इसके अलावा रजिस्ट्री पंजीकृत कराते वक्त भूमि खरीदार की ओर से किसी भी व्यक्ति को खड़ा करके फोटो करा देते थे। किंतु अब ऐसा नहीं हो सकेगा। दूसरे व्यक्ति के न होने पर अधिकृत पत्र दिखाना जरूरी होगा। ताकि रजिस्ट्री पंजीकरण का कार्य साफ सुथरा हो सके।

#### क्या कहते हैं नायब तहसीलदार

**नायब** तहसीलदार लच्छी राम कहते हैं कि रजिस्ट्री पंजीकृत कराने के लिए क्रेता के स्थान पर दूसरे व्यक्ति को अधिकृत पत्र दिखाना जरूरी होगा। ताकि उसकी पहचान हो सके। इसके अलावा रजिस्ट्री में पैन नम्बर व आधार नम्बर अंकित करना जरूरी होगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस आदेश की लिखित सूचना सभी वसीका नवीसों व वकीलों को लिखित रूप में दे दी है। जिससे आदेश की पालना हो सके।

## इस रविवार ई-राहगिरी का होगा आयोजन

**गुरुग्राम।** कोरोना के प्रसार और नए प्रतिबंध लगने के कारण निकट भविष्य के लिए राहगिरी दिवस की मेजबानी करने में असमर्थता के कारण अब फिजीकल राहगिरी की बजाए इस रविवार को ई-राहगिरी का आयोजन किया जा रहा है।

ऐसा इसलिए कि सड़क सुरक्षा और वायु प्रदूषण के मुद्दों पर महत्वपूर्ण बातचीत जीवित रह सके। राहगिरी फाऊंडेशन की तरफ से बताया गया कि इस रविवार, 23 जनवरी को प्रस्तावित 2 घंटे की अवधि के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक ई-राहगिरी आयोजित की जाएगी।

ई-राहगिरी में आप अपने घर से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर विभिन्न कार्यक्रमों का आनन्द ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि ई-राहगिरी में ऑनलाईन जुम्बा व योग सत्र, सड़क सुरक्षा, वायु प्रदूषण से संबंधित मुद्दों पर जानकारीपूर्ण वेबिनार, पेंटिंग प्रतियोगिता, लाईव व प्री-रिकॉर्डिड प्रोग्राम आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## एएसके ऑटोमोटिव कंपनी में शुरू हुआ 500 एलपीएम क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट

### सीएसआर के तहत स्थापित किया गया है पीएसए प्लांट

### प्रतिदिन भरे जा सकेंगे 110 डी टाइप सिलेंडर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**उपायुक्त** डा. यश गर्ग ने मानेसर के सेक्टर-5 में स्थित एएसके ऑटोमोटिव कंपनी में 500 एलपीएम क्षमता के ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया। यह प्लांट सीएसआर के तहत अहसास ट्रस्ट के सहयोग से स्थापित किया गया है।

उपायुक्त डा. यश गर्ग ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर के समय जिला में ऑक्सीजन की मांग को देखते हुए जिला प्रशासन ने इस ग्रुप के साथ एक एमओयू साइन किया था, जिसके तहत सीएसआर फण्ड के माध्यम से एएसके ऑटोमोटिव ग्रुप के सेक्टर-5 स्थित परिसर में इस प्लांट की स्थापना की जानी थी। प्लांट के शुभारंभ पर उपायुक्त ने कंपनी के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्लांट की स्थापना से जिला में ऑक्सीजन की क्षमता में वृद्धि होने के साथ ही गुरुग्राम जिला अब ऑक्सीजन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने की ओर अग्रसर है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्वयं व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से गुरुग्राम जिला में ऑक्सीजन संयंत्रों का ऐसा नेटवर्क तैयार किया जा रहा है कि भविष्य में यदि मेडिकल ऑक्सीजन की जरूरत पड़े तो हमारे पास पयाज़्त मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि साइबर सिटी गुरुग्राम मल्टीनेशनल कंपनियों का हब है ऐसे में जरूरी है कि अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी संकट की इस घड़ी में जिला प्रशासन का सहयोग करते हुए आगे आना चाहिए।

एएसके ऑटोमोटिव के चेयरमैन कुलदीप राठी ने बताया कि कंपनी परिसर में स्थापित किए गए इस 500 एलपीएम (लीटर पर मिनट) क्षमता वाले प्लांट के माध्यम से प्रतिदिन 110डी टाइप के सिलेंडर रिफिल किए जा सकेंगे। इस अवसर पर कंपनी के डायरेक्टर राजेश कटारिया व एचआर मैनेजर कर्मवीर बेनीवाल सहित कंपनी के विभिन्न पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।


गुरुग्राम के मानेसर में ऑक्सीजन प्लांट का शुभारंभ करते उपायुक्त डा. यश गर्ग।

## गुरुग्राम में वर्ष 2041 की जनसंख्या के हिसाब से बनेगा वाटर प्लान

### डेटा कलेक्शन के लिये विभागवार नोडल अधिकारी नियुक्त कर दी जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** में घटते भूजल स्तर व वर्ष 2041 की जनसंख्या मानकों को ध्यान में रखते हुए वाटर प्लान बनाया जाएगा। इस विषय पर शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित मीटिंग हाल में हुई बैठक में प्लान बनाने में शामिल विभिन्न विभागों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए। ये सभी नोडल अधिकारी आगामी 31 जनवरी तक पूरे जिले से पानी की मौजूदा डिमांड व सप्लाई तथा अन्य संसाधनों की विस्तृत रिपोर्ट गुरुजल सोसाइटी को सौपेंगे। इसके बाद गुरुजल सोसाइटी द्वारा सभी रिपोर्ट्स का अध्ययन कर उस पर विचार विमर्श किया जाएगा। फिर फाइनल प्लान बनाकर हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण (एचडब्ल्यूआरए) के पास भेजा जाएगा। उपायुक्त डा. यश गर्ग ने बैठक में कहा कि गुरुग्राम में भूजल स्तर गिरना चिंता का विषय है। जिला में जितना पानी रिचार्ज होता है, उस से दुगनी मात्रा में पानी वेस्ट भी जा रहा है। ऐसे में जिला में पानी की मांग व जनसंख्या के बढ़ते दबाव को देखते हुए आगामी 20 वर्षों यानी वर्ष 2041 के जनसंख्या मानकों को आधार मानते हुए जिला में वाटर प्लान बनाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर काम करना होगा।

डॉ. गर्ग ने कहा कि जिला में हमें बारिश के पानी को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में बचाकर उसे भूजल स्तर को रिचार्ज करने के लिए व्यापक स्तर पर काम करने की जरूरत है। इसके साथ ही जिला में जहां भी इंडस्ट्रियल एरिया है, वहां पर ग्राउंड वाटर स्त्रोत पर निर्भरता को कम करते हुए ट्रीटेड वेस्ट वाटर का इस्तेमाल करने पर जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला में ग्राउंड वाटर का करीब 53 प्रतिशत भाग खेती बाड़ी के काम में इस्तेमाल में लाया जाता है। ऐसे में जिला में किसानों को जागरूक कर उन्हें माइक्रो व ड्रिप इरिगेशन की तरफ मोड़ना होगा।

वहीं जिला में ट्रीटेड वेस्ट वाटर की सप्लाई लाइन को भी बढ़ाने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा कि हमें जिला में क्षेत्रवार प्लान बनाने की आवश्यकता है। ऐसे में वर्ष 2041 का लक्ष्य रखते हुए यह भी तय करना होगा कि जिला में कहां कहां पर माइक्रो एसटीपी बनाने की आवश्यकता है व साथ ही हमारे ड्यूल वाटर सिस्टम का कहां तक विस्तार किया जा सकता है। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता डॉ. शिवसिंह रावत ने वाटर प्लान बनाने के उद्देश्यों के बारे में एक शार्ट पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन भी दिया।


गुरुग्राम में वाटर प्लान 2041 को लेकर बैठक में मौजूद अधिकारी।

#### तय की डेटा कलेक्शन की टाइमलाइन

**सभी** नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के साथ ही डेटा कलेक्शन के लिए 31 जनवरी की टाइम लाइन भी निर्धारित की है। नोडल अधिकारियों से डेटा मिलने के उपरांत फरवरी के पहले सप्ताह में उसका आंकलन किया जाएगा। उसके बाद फरवरी मध्य से अंत तक आंकलित डेटा के आधार पर प्रोपोजल व ड्राफ्ट प्लान तैयार किया जाएगा। वहीं सिटीजन फीडबैक के लिए 25 फरवरी से 1 मार्च तक का समय निधाज़्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि मार्च के पहले सप्ताह में प्लान को अंतिम रूप देकर हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण के पास भेजा जाएगा।

# होमगार्ड ने पहले पत्नी को फिर अपने सिर में गोली मारी, पति की मौत, पत्नी गंभीर

### नूंह खेड़ला जोगीपुर रोड पर फायरिंग की घटना होने से मचा हड़कंप

### पुनहाना के नकनपुर का रहने वाला है मृतक जुनैद, पुलिस जांच में जुटी

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**मेवात** जिले के खेडला-जोगीपुर रोड पर एक होमगार्ड द्वारा पहले अपनी पत्नी को गोली मारी, फिर खुद को गोली मारकर जीवन लीला समाप्त करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार जुनैद निवासी नकनपुर व उसकी पत्नी आलिया पिछले सात माह से नूंह शहर के वार्ड नंबर-8 राजेंद्र उर्फ निशु के मकान में किराए पर रह रहे थे।

जुनैद नकनपुर पुनहाना का रहने वाला है तो उसकी पत्नी आलिया दिल्ली सीलमपुर की रहने वाली है। दोनों पति- पत्नी के रूप में रह रहे थे। जुनैद नूंह पुलिस में होमगार्ड लगा हुआ था। जुनैद ने दो शादियां की हुई थीं, एक बीवी को शहर में रखता था तो वही दूसरी बीवी को गांव में रखता था। नूंह शहर के वार्ड नंबर-8 के राजेंद्र उर्फ नीशू के मकान में पति-पत्नी के रूप में रह रहे जुनैद की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी आलिया बुरी तरह घायल हो गई। उसे नल्हड़ मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर दिल्ली भेजा गया है। सूत्रों


जुनैद होमगार्ड का फाइल फोटो।

के अनुसार पता चला होमगार्ड जुनैद व उसकी पत्नी आलिया के बीच कहासुनी हुई थी। जिसके बाद अचानक आवाज आती है, फिर भगदड़ शुरू हो जाती है। स्विफ्ट गाड़ी में जुनैद को सर में गोली लगने के कारण उसे मृत पाया जाता है। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी हेड क्वार्टर सुधीर तनेजा घटनास्थल पर पहुंचे। सारी घटना का जायजा लिया। पुलिस को स्विफ्ट गाड़ी नंबर एचआर70डी 4435 में जुनेद नाम का होमगार्ड जवान गोली लगने के कारण मृत अवस्था में मिला। डीएसपी सुधीर तनेजा ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर सारे मामले का जायजा लिया है।

उन्होंने बताया कि जुनेद निवासी नकनपुर पुन्हाना नूंह पुलिस में होमगार्ड के पद पर तैनात था। बताया जा रहा घरेलू कलह के चलते उन्होंने पहले अपनी पत्नी आलिया को गोली मारी है, जिनकी हालत अभी गंभीर है। वह ट्रामा सेंटर दिल्ली में भर्ती है, वही जुनैद खेडला जोगीपुर रोड पर स्विफ्ट गाड़ी में मृत अवस्था में मिला है। जिसके सर पर गोली लगी हुई है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच में लगी हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी नूंह मोर्चरी में रखवा दिया है। घटना देर रात की है, पुलिस तहकीकात में जुटी हुई है।

# 10 साल के बच्चे की गोली लगने से मौत

### पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया तमंचा कब्जे लिया

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**पिनगवां** थाना क्षेत्र अंतर्गत मामलिका गांव में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। महज दस साल के एक बच्चे ने खुद को गोली मारकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जिस समय यह हादसा हुआ उस समय बच्चे के माता-पिता घर पर मौजूद नही थे। बताया जा रहा है कि बच्चे के पिता आसर एवं माता नाजरीन किसी काम से नूंह गए हुए थे। घटना गुरुवार की है।

पुलिस ने गुरुवार को ही मामलिका गांव से बच्चे के शव को अल आफिया सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया था, लेकिन शिकायत नहीं मिलने के कारण पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। इसी वजह से गुरुवार को पंचनामा भी नही हो पाया था। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर देशी तमंचा को कब्जे में ले लिया है।

### अयान अपने पीछे छोड़ गया ये सवाल

**भले ही** दस साल का अयान अब इस दुनिया में नहीं है। वह अपने पीछे जांच के लिए ये सवाल छोड़ गया है। खेलने-कूदने की उम्र में ही उसने इतना बड़ा कदम क्यों और किसलिए उठाया। अयान तमंचा एवं गोली कहां से लेकर आया। उस समय उसके घर-घर में भाई बहन थे या नहीं। ये कई ऐसे सवाल हैं, जिनके जवाब पुलिस जांच में ही क्लियर हो पाएंगे, लेकिन इस घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की कयासबाजी लगाई जा रही है।

# तावडू थाना परिसर में फिर जलभराव की समस्या

### छह महीना पहले डाली गई पाइप लाइन हुई ब्लॉक

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**शहर** में स्थित सदर थाना परिसर में एक बार फिर जलभराव की समस्या के कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। थाना भवन के सामने जलभराव की समस्या से निपटने के लिए लगभग 6 महीने पहले डाली गई पाइप लाइन ब्लॉक हो गई है। जल निकासी के लिए अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाकर इसे सीवर लाइन से जोड़ गया था। लेकिन दोबारा जलभराव की समस्या से लोगों और पुलिस जवानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पुलिस जवानों व क्षेत्र के लोगों ने बताया कि थाना भवन के सामने रास्ते में काफी समय से जलभराव की समस्या थी इसे अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया तो इसका समाधान कर दिया गया था। थाना परिसर में लगे बोरवेल, वॉशरूम और बरसात से आने वाला पानी यहां पर भर गया है। जल निकासी के लिए डाली गई पाइप लाइन ब्लॉक हो गई है,पानी पुराने थाने भवन में पहुंचकर नुकसान कर रहा है तो इसमें गंदगी भी पनप रही है। इसके अलावा दुपहिया वाहन चालकों के फिसल कर चोटिल होने का भी अंदेशा बना रहता है।

हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन विभाग के जेई अंजुम ने बताया कि तावडू थाने में सीवर को जोड़ रही पाइप लाइन में ब्लॉकेज होने का अंदेशा है, जल्दी इसका समाधान कराया जाएगा।

# अत्याधिक बारिश से जिले के खेतों में भरा है पानी

### पानी निकासी और विशेष गिरदावरी के लिए विधायक आफताब ने की डीसी से मुलाकात

### कहा, वर्तमान फसल खराब हुई और अगली फसल की बुवाई भी खतरे में पड़ी

दीपक कुमार। नूंह

**बारिश** से मेवात जिले के क्षेत्र में फसलों में भरने वाले पानी की निकासी और विशेष गिरदावरी कराकर मुआवजा देने की मांग को लेकर नूंह विधायक व सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद डीसी कैप्टन शक्ति सिंह से मिले। विधायक


उपायुक्त से मिलने पहुंचे विधायक आफताब अहमद।

आफताब अहमद ने जिला उपायुक्त शक्ति सिंह को बताया कि बीते दिनों अत्याधिक बारिश के कारण मेवात जिले के खेत पानी से भर गए हैं। जिसके कारण वर्तमान फसल खराब हो गई है और अगली फसल बुवाई भी खतरे में पड़ गई है। किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, इसलिए प्रशासन विशेष गिरदावरी कराकर मुआवजा राशि दे और पानी निकासी की व्यवस्था करे। आफताब अहमद ने कहा कि किसानों की ये मुख्य फसल है इसलिए तुरंत उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। विधायक आफताब अहमद ने बताया कि जिले के सैंकड़ों किसानों ने उनसे मिलकर ये मांग उठाई है, इसके समाधान के लिए वो जिला उपायुक्त से मिले हैं। आफताब अहमद ने जानकारी दी कि बीते विधानसभा सत्र में भी उन्होंने व दोनों कांग्रेस विधायकों ने इस मामले को गंभीरता से उठाया था। कृषि विभाग के आला अधिकारियों से भी बात की थी। नूंह विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी सरकार में किसान परेशान हैं, सरकार उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुलझाने का काम करे ताकि किसान को बड़े नुकसान से बचाया जा सके।

### गिरदावरी कराएंगे

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने सीएलपी उप नेता चौधरी आफताब अहमद को आश्वस्त किया कि तुरंत मामले में राज्य सरकार को लिखकर वे विशेष गिरदावरी की सिफारिश करेंगे। पानी निकासी के प्रबंध किए जाएंगे। जिले के किसानों की इस समस्या को दूर किया जाएगा।

# रेडक्रॉस सोसायटी ने महिलाओं को हाइजीनिक किटें बांटीं

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** रेडक्रॉस कार्यालय में शुक्रवार को टारगेटेड इंटरवेंशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत कार्यरत सामाजिक उत्थान के लिए महिलाओं को राशन उपलब्ध कराया गया। रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा 100 कार्यरत महिलाओं को हाइजीनिक किट, कंबल दिए गए।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा चंडीगढ़ की वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता उपस्थित रही। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव कम प्रोजेक्ट डायरेक्टर टारगेटेड इंटरवेशन प्रोजेक्ट महेश गुप्ता के द्वारा की गई। सुषमा गुप्ता ने कहा कि महामारी से बचाव के लिए महिलाओं को वैक्सीनेशन के लिए आगे आना चाहिए तथा आसपास की महिलाओं को वैक्सीनेशन के लिए जागरूक करना चाहिए।


महिलाओं को हाइजीनिक किट वितरित करती वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता।

उन्होंने कहा कि टारगेटेड इंटरवेंशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत कार्य कर रही सभी महिलाओं द्वारा 100 प्रतिशत दोनों वैक्सीन लगवाई गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा चंडीगढ़ द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी नूंह को समय-समय पर हर संभव सामान उपलब्ध कराया जाएगा। हरियाणा राज्य शाखा द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी ने लोगों 500 कंबल, 200 किट, मास्क, सैनिटाइजर, साबुन आदि सामान उपलब्ध कराया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं घर-घर पहुंचाएंगी राशन: एडीसी

**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ सुभिता ढाका ने आंगनबाड़ी सेंट्रल घासेड़ा के दौरे के दौरान कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों, शिशु गृह के बंद रहने के दौरान नौनिहालों, गर्भवती महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं, किशोरियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ आंगनबाड़ी कर्मचारियों, सहायकों के माध्यम से देना सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना के मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि सभी बच्चों, गर्भवती महिलाओं, दूध पिलाने वाली माताओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मिलने वाला राशन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं द्वारा घर घर पर पहुंचाया जाएगा।

# तावडू में अवैध निर्माणों पर चला पीला पंजा

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**जिले** में इन दिनों नगर योजनाकार विभाग की अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई जारी है। एक तरफ जहां अवैध निर्माण करने वाले भू माफियाओं के खिलाफ धड़ाधड़ मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं,तो वहीं विभाग की एक टीम इन अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की भी लगातार कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार को इसी कड़ी में उपमंडल के गांव मोहम्मदपुर अहिर, गोयला मोड और खोरी कलां में अवैध निर्माण पर जिला नगर योजनाकार की टीम द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

जिला नगर योजनाकार वेद प्रकाश सेहरावत ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट तावडू नायब तहसीलदार कंवर पाल के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चलाकर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से क्षेत्र में अवैध कॉलोनी काटे जाने की शिकायतें मिल रही थी। विभाग द्वारा कार्रवाई करने से पहले अवैध निर्माण करने वालों को चेताया भी गया था ,लेकिन अवैध कॉलोनियों का कारोबार जारी रहा। शुक्रवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध निर्मित आधारशिला,चारदिवारी और रास्तों को खुर्द बुध किया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने कार्रवाई में विरोध भी करना चाहा, लेकिन पुलिस की मौजूदगी के सामने में वह ऐसा नहीं कर सके। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की कार्रवाई में 8 (फाउंडेशन वाल) आधारशिला, एक दीवार, दो निर्मित भवन और 2 कॉलोनियों तोड़फोड़ की गई।

# सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर केंद्रीय मंत्री राव होंगे मुख्यातिथि: भाटी

### भाजपा प्रवक्ता हुकुम सिंह भाटी ने कहा, हरियाणा में 7500 स्थानों पर मनेगी बोस की जयंती

### कहा, नेताजी की जयंती पर वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा

रिजवान कासिम। मेवात

**सुभाष** चंद्र बोस की 125वीं जयंती रविवार को पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पटेल वाटिका नूंह में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इससे पूर्व जिले के 271 गांव व 43 वार्ड सहित कुल 314 स्थानों पर सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई जाएगी और एक साथ हरियाणा बोले, जय हिंद बॉस के नारों की गूंज आसमान तक सुनाई देगी। शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान हुकम सिंह भाटी प्रदेश प्रवक्ता भाजपा ने बातचीत के दौरान यह जानकारी दी।

हुकुम सिंह भाटी प्रवक्ता भाजपा ने पत्रकारों को बताया कि प्रदेश भर में 7500 स्थानों पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती का कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि सुबह 9:30 से 10:30 तक यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के दौरान पार्टी का झंडा नहीं बल्कि तिरंगा झंडा दिखाई देगा। जगह-जगह होने वाले इन कार्यक्रमों में वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनकर के नेतृत्व में 129 लोगों का प्रतिनिधिमंडल कुछ दिन पहले ही अंडमान निकोबार के दौरे पर गया हुआ था। उन्होंने कहा कि वहां अंग्रेजों ने लोगों को ऐसी यातनाएं दी थी, जिन्हें देखकर-


भाजपा कार्यालय नूंह में पहुंचे हुकुम सिंह भाटी प्रवक्ता के साथ भाजपा कार्यकर्ता।

सुनकर आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं, लेकिन बावजूद इसके कांग्रेस ने इन वीर शहीदों के इतिहास को संजोने के बजाय मिटाने की कोशिश की। जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा कि नूंह जिले में 271 गांव व 43 वार्ड सहित कुल 314 जगह पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हर जगह पर 75-75 व्यक्ति कार्यक्रम में भाग लेंगे और इन कार्यक्रमों में शहीदों के परिजनों को पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सम्मानित करेंगे। इस कार्यक्रम के लिए सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सुबह 9:30 से 10:30 तक होने वाले कार्यक्रम के बाद केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह करीब 12 बजे पटेल वाटिका नूंह में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती पर मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेंगे।

पूर्व गो सेवा आयोग चेयरमैन भानी राम मंगला ने कहा कि उन्हें भी प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ के साथ अंडमान निकोबार जाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि मेवात के जिन वीरों ने देश को आजाद कराने की खातिर अपने प्राणों की आहुति दी है। उनके नाम सैनिक बोर्ड या इतिहासकारों से लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि न केवल नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा बल्कि उनकी पार्टी इन वीरों को इतिहास के पन्नों में जगह दिलाने का काम भी करेगी। चंद्र बोस की 125 वीं जयंती रविवार को पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पटेल वाटिका नूंह में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इससे पूर्व जिले के 271 गांव व 43 वार्ड सहित कुल 314 स्थानों पर सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई जाएगी और एक साथ हरियाणा बोले, जय हिंद बॉस के नारों की गूंज आसमान तक सुनाई देगी। शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान हुकम सिंह भाटी प्रदेश प्रवक्ता भाजपा ने बातचीत के दौरान यह जानकारी दी। इस अवसर पर डाक्टर ओमबीर, कमल सैनी, जाहिद हुसैन बाई, नरदेव आर्य, अलीशेर मुंडल, सुभाष भारद्वाज, श्रीपाल शर्मा, शिव कुमार उर्फ बंटी नगीना, ज्ञान चंद आर्य इत्यादि कार्यकर्तागण एवं नेतागण मौजूद रहे।

### शहादत देने वालों में 860 लोग हरियाणा से

**उन्होंने** बताया कि आंकड़ों के मुताबिक 327000 लोगों ने शहादत दी है। जिनमें 135000 को फांसी व गोली चला कर मौत के घाट उतारा गया था। जिनमें से 860 लोग हरियाणा से संबंध रखते हैं। दो शहादत ऐसी हैं, जिनमें लाला हुकुमचंद एवं फकीरचंद को उनके घर के सामने ही मौत के घाट उतार दिया गया था।

### भाजपा देगी गुम वीर शहीदों को सम्मानित

**भाजपा** प्रदेश प्रवक्ता हुकुम सिंह भाटी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में इन वीर शहीदों को इतिहास के पन्नों में जगह नहीं दी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार इन वीर शहीदों को इनका सही हक दिलाने के लिए कदम उठा रही है। ऐसे वीर शहीदों के नाम खोजे जा रहे हैं, जिनके नाम इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज हो सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### सीईओ गजेंद्र सिंह ने लिया गणतंत्र दिवस की तैयारियों का जायजा

**नूंह।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को शुक्रवार को सीईओ जिला परिषद गजेन्द्र सिंह ने स्थानीय यासीन मेव डिग्री कालेज का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे तथा जिलावासियों को अपना संदेश भी देंगे। उन्होंने समारोह स्थल पर बिजली, पेयजल, शौचालय, सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं, साउंड सिस्टम, साज-सज्जा व अन्य कार्यों के लिए संबंधित विभागों की जिम्मेदारी लगाते हुए उन्हें निर्देश दिए कि वे गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य व रोचक बनाने के लिए बेहतरीन योगदान दें। जिस-जिस विभाग को जो-जो जिम्मेदारी दी गई है अधिकारी उसे उचित ढंग से समय रहते पूरा करें। उन्होंने मौके पर नगरपालिका सचिव को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल में जो पानी भरा हुआ है उसे जल्द से जल्द निकाला जाए इसके साथ ही उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रैक पर मिट्टी डालकर उसे ठीक करें ताकि कार्यक्रम में परेड के दौरान किसी समस्या का सामना ना करना पड़े। सीईओ गजेंद्र सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुत किए जाने वाले सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति से ओत-प्रोत होने चाहिए। सीईओ जिला परिषद ने कहा कि कोविड के बढ़ते मामलों को लेकर समय-समय पर सरकार की गाइडलाइन जारी हो रही है। गणतंत्र दिवस के आयोजन में भी आने वाली गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। उन्हीं गाइडलाइन के अनुसार कार्यक्रम की अंतिम रूप-रेखा तैयार की जाएगी लेकिन राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुसार जिला प्रशासन की तैयारी चल रही है। उन्होंने आयोजन स्थल की स्वच्छता, स्वागत गेट, आसपास की सडकों की मरम्मत, शहीद स्मारक, स्टेज प्रबंधन, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### सीआईए ने एक युवक को अवैध हथियार सहित किया काबू

**मेवात।** सीआईए नूंह प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक नूंह वरुण सिंगला के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत सीआईए स्टाफ नूंह में तैनात सहायक उप-निरीक्षक राजेश कुमार कुमार अपनी टीम के साथ नूंह सोहना रोड, रेवासन केएमपी पुल के नीचे नाकाबंदी पर मौजूद था । रेवासन की तरफ से आते हुए एक नौजवान लड़के को शक के आधार पर काबू किया । जिसकी तलाशी लेने पर पहनी हुई पेंट से एक देशी कट्टा बरामद हुआ । पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सरफराज उर्फ सरफल्ली पुत्र सौराब निवासी फिरोजपुर नमक नूंह बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रोजकामेव में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 24 को मनेगा राष्ट्रीय बालिका दिवस

**नूंह।** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के आदेशानुसार 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित होगा। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए कि भारत सरकार के आदेशानुसार कोरोना महामारी के नियमों को जहन में रखते हुए 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रुप में मनाया जाए और ग्राम सभा और महिला सभा का आयोजन किया जाए। इसमें स्कूलों का सहयोग भी लिया जा सकता है। इस राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लड़कियां जहां-खुशियां वहां तथा आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर पेंटिंग, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।

### एएवाई, बीपीएल व ओपीएच कैटेगरी के कार्ड धारक राशन लें

**नूंह।** एएवाई, बीपीएल व ओपीएच कैटेगरी के कार्ड धारकों को मास जनवरी 2022 में हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा में राशन प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जनवरी 2022 का राशन सोशल डिस्टेंस की पालना करते हुए वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एएवाई राशन कार्ड पर रेगुलर एलोकेशन के तहत 35 किलो गेहूं प्रति राशन कार्ड दो रुपये प्रति किलो से दिया जाएगा। एक किलो चीनी 13.50 प्रति/ एक किलो नमक प्रति राशन कार्ड 4.50 रुपये प्रति किलो प्रति किलो के हिसाब से दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 5 किलोग्राम गेंहू अतिरिक्त तौर पर प्रति व्यक्ति/यूनिट नि: शुल्क प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बीपीएल राशन कार्ड पर मास जनवरी 2022 में 5 किलो गेहूं/प्रति व्यक्ति दो रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से एक किलो चीनी 13.50 रुपये प्रति किलो, एक किलो नमक प्रति राशन कार्ड 4.50 रुपये प्रति किलो प्रति किलो के हिसाब से दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त पांच किलोग्राम गेंहू अतिरिक्त तौर पर प्रति व्यक्ति/यूनिट नि:शुल्क प्रदान किया जायेगा।

### किसान निधि के लाभार्थी 31 मार्च तक ई-केवाईसी करवाएं

**नूंह।** उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान निधि योजना के तहत पंजीकृत सभी किसानों के लिए ई-केवाईसी वैरिफाई करवाना अनिवार्य किया गया है। यह प्रक्रिया आगामी 31 मार्च 2022 तक पूर्ण करनी है ताकि पीएम किसान निधि की अगली किश्त के लाभार्थियों तक स्थानांतरित हो सके। किसान ई-केवाईसी ओटीपी मोड तथा ई-केवाईसी बायोमैट्रिक मोड से अपने ई-केवाईसी को सत्यापित करवा सकते है। ई-केवाईसी ओटीपी मोड के तहत किसान पीएम किसान पोर्टल एवं ऐप के माध्यम से नि:शुल्क अपने ई-केवाईसी का सत्यापन करवा सकते है। ई-केवाईसी बायोमैट्रिक सत्यापन सुविधा के लिए सीएससी के माध्यम से प्रत्येक लाभार्थी बायोमैट्रिक सत्यापन करवा सकता है। सरकार द्वारा लाभार्थियों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भविष्य में आयोजित होने वाली सेमीनार, बैठकों एवं अन्य आयोजनों के माध्यम से भी किसान को ई-केवाईसी के सत्यापन के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

### 19 गोवंश सहित तीन ऊंट तस्करों से मुक्त कराए

**तावडू।** उपमंडल के राष्ट्रीय राजमार्ग 919 पर धुलावट मोड़ से पुलिस ने तस्करों से एक कैंटर व पिकअप वाहन से 19 गोवंश सहित 3 ऊंटों को मुक्त कराया है। मामले में 4 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया है। बृहस्पतिवार दोपहर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की एक कैंटर गाड़ी और पिकअप में गोवंश और ऊंटों को भर कर सीलखो होते हुए तस्करी कर राजस्थान सारे कला ले जाया जाएगा। सोहना रोड केएमपी फ्लाईओवर धुलावट मोड पर नाकाबंदी की जाए तो आरोपियों को गोवंश व ऊंटों सहित काबू किया जा सकता है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाकेबंदी कर दी। थोड़ी देर बाद एक कैंटर व पिकअप वाहन टोल प्लाजा की तरफ से आती हुए दिखाई दिए। दोनों वाहनों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो चालकों ने वापस मुड़कर भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें काबू कर लिया।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Daya Rani W/o Manoj kumar Raheja R/o H.No.1116-GF, Sector-23A, Faridabad have declare that in my son's school record my name mention Daya Raheja but my correct name is Daya Rani

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख (साउथ हरियाणा)
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## कटु यथार्थ
### भूख से मौतें

**वर्तमान** समय और युग में भी भूख से होने वाली मौतें एक कटु यथार्थ है और सरकार को इसके प्रति अपनी आंखें नहीं बंद करनी चाहिए। मंगलवार को भारत के अटार्नी जनरल ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि हाल में भूख से एक भी मौत नहीं हुई है। लेकिन अदालत ने पुराने डेटा पर आधारित होने के कारण अधिकारी के इस बयान को सतही बताया। अदालत एक याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें भूख से होने वाली मौतों से बचने के लिए राष्ट्रीय सामुदायिक रसोई नीति बनाने की मांग की गई है। अधिकारी ने कहा कि केन्द्र को राज्यों से मिलने वाले डेटा पर निर्भर रहना पड़ता है क्योंकि वही भूख से मौतों की खबरें देते हैं और उन्होंने हालिया सालों में ऐसी एक भी मौत से इनकार किया है। इस पर अदालत ने तमिलनाडु में भूख से होने वाली एक मौत की मीडिया में आई खबर की ओर संकेत किया। तमिलनाडु के विल्लूपुरम में 19 दिसंबर, 2021 को भूख से मौत की खबर आई थी जहां साढ़े पांच साल के एक बच्चे के शव परीक्षण में उसकी आंतों में कोई भोजन नहीं मिला था। इसका अर्थ था कि बच्चे को मौत से कम से कम दो दिन पहले से भोजन नहीं मिला था। जुलाई, 2018 में दिल्ली में तीन बच्चों की भूख से मौत की खबर आई थी। अधिकारियों ने मौतों की खबर की पूर्णतः पुष्टि के लिए दूसरी बार शव परीक्षण किया था। ऐसे में यह कहने का कोई औचित्य नहीं है कि भूख से मौतें नहीं हो रही हैं। वर्तमान डेटा से संकेत मिलता है कि बच्चों में भूख से पहले वाले चरणों में होने वाली मौतें हो रही हैं। भोजन की पूर्ण अनुपस्थिति भुखमरी का कारण बनती है। लेकिन बीच-बीच में भोजन मिलने पर भूख से



होने वाली मौत का कारण कुपोषण होता है जिससे बच्चे बौने होते है तथा उनकी बढ़वार बाधित होती है। ऐसे में भूख के शिकार व्यक्ति को न केवल भोजन, बल्कि पौष्टिक भोजन की जरूरत होती है।

भारत की खाद्य सुरक्षा नीति में भूख को कुपोषण के एक आयाम की तरह देखा गया है। भोजन में केवल चावल खाने वाला व्यक्ति भले ही भूख का अनुभव न करे, लेकिन उसमें पोषण संबंधी कमियां आ जाती हैं। आज लाखों लोग दिन में एक बार भोजन की व्यवस्था कर पाते हैं और कभी-कभी उससे भी वंचित रहना पड़ता है। वैश्विक महामारी ने भोजन तक पहुंच को और कठिन बना दिया है। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि भारत के घरों में आश्चर्य जनक रूप से भोजन तथा जल्दी खराब होने वाली चीजों की बरबादी होती है तथा हर साल भारत भर के गोदामों में टनों अनाज सड़ जाता है। सरकार को भोजन में विविधता सुनिश्चित करने के साथ यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि गरीबों को जैव स्त्रोतों से समुचित मात्रा में सस्ता भोजन मिले। एक मामूली पोषक भोजन की कीमत आज लगभग 30 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति दिन है। गरीबों को वर्तमान समय में हस्तांतरित नकदी से चार लोगों का परिवार एक महीने भी जीवित नहीं रह सकता है। इसी कारण खाद्य नीति को तार्किक बनाने की जरूरत है। वर्तमान समय में भारत के पास अतिरिक्त खाद्यान्न हैं। गरीबों को इसलिए सामान्य मासिक राशन की तीन गुना पहुंच सुनिश्चित की जा सकती है, भले ही उनके पास राशन या आधार कार्ड हो अथवा नहीं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का विस्तार कर इसमें अनाज और दालों के साथ आवश्यक चीजों, जैसे, अंडों, दूध व फलों को शामिल किया जा सकता है। कुछ राज्य आंगनबाड़ी व्यवस्था से बच्चों और माताओं को अंडे उपलब्ध करा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मोटे अनाजों और बीजों का प्रयोग कर वैकल्पिक भोजन विकसित किया जा सकता है जिसमें समुचित पोषक तत्व हों और उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके। हम यह काम मध्यान्ह भोजन में अंडों तथा फलों या दूध को अनिवार्य रूप से शामिल कर कर सकते हैं। इस प्रकार केवल भोजन के बजाय समुचित पोषण एक समतावादी कदम होगा।

# उम्माह और उसका इजराइली जुड़ाव

कभी-कभी वास्तविक और कभी-कभी केवल कल्पना में, इज़राइल की हमेशा-वर्तमान छाया इस्लामी दुनिया में चल रही घटनाओं पर भारी पड़ती है।

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)





इज़राइल के साथ फिक्सेशन उम्मा (पैन-इस्लामिक समुदाय) को परेशान करता है, कभी-कभी विश्वसनीय रूप से, कभी-कभी रचनात्मक रूप से कल्पना की जाती है। यहां तक कि दूर, बहुसांस्कृतिक और बहु-इकबालिया (मुस्लिम बहुमत के साथ) मलेशिया शिलालेख के साथ अपने पासपोर्ट पर जोर देता है "यह पासपोर्ट इज़राइल को छोड़कर सभी देशों के लिए मान्य है।" किसी भी इजरायल-मलेशियाई आयाम को घेरने वाली कोई क्षेत्रीय या व्यावसायिक असहमति नहीं है, फिर भी पूर्व मलेशियाई नेता मोहम्मद महाथिर ने इसे "लुटेरों का राज्य", "दुश्मन" कहा था और यहूदियों को "हुक-नोज्ड", "प्रॉक्सी द्वारा इस दुनिया पर शासन" के रूप में वर्णित किया था। आदि। इस गहरी जड़ वाले गुस्से के केंद्र में 7 मिलियन से कम यहूदियों की आबादी वाले देश, इज़राइल के एक संकीर्ण हिस्से द्वारा फिलिस्तीन का भावनात्मक और अनसुलझा मुद्दा है, जो लगभग 2 के वैश्विक उम्मा में कई लोगों को परेशान और परेशान करता है। अरब। यहां तक जब उम्मा खुद सांप्रदायिक, जातीय और राजनीतिक प्रकृति की असहमति में फंसी हुई है – लगभग सभी इजरायलियों के खुले या गुप्त हाथ को ला 'जियोनिस्ट कॉन्सपिरेसीज' कहते हैं, जो उनकी कथित समस्याओं को संदर्भित करता है। वास्तव में, इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद अपने संप्रभु हितों की रक्षा में एक अति-घुसपैठ भूमिका निभाती है, लेकिन शायद उतनी काल्पनिक रूप से नहीं जितनी कि लोकप्रिय कल्पना की गई थी।

सुदूर देशों में हाल की तीन, एक साथ और पूरी तरह से असंबंधित घटनाएं इस इजरायली-यहूदी आकर्षण को दर्शाती हैं। पाकिस्तानी मूल की एक अमेरिकी नागरिक, एमआईटी-प्रशिक्षित न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ आरिफा सिद्दीकी, जो वर्तमान में अफगानिस्तान में हिरासत में रहते हुए अमेरिकी सेना और एफबीआई अधिकारियों पर गोली चलाने के आरोप में अमेरिका में 86 साल के लिए दोषी है, एक बंधक नाटक के केंद्र में थी। गहन रूप से पालन किए गए और विवादित मुकदमे में साज़िश, प्रतिवाद और अस्पष्ट निशान के सभी तत्व थे और पाकिस्तान सरकार को सार्वजनिक रूप से, व्यर्थ में अपने मामले का बचाव करने के लिए मजबूर किया गया था। हालाँकि, लंबे समय से चली आ रही अदालती कार्यवाही के दौरान, उसने अपने वकीलों को नौकरी से निकालने की कोशिश की क्योंकि वे यहूदी थे और उसने अदालतों को स्पष्ट रूप से लिखा था कि यहूदी "क्रूर, कृतघ्न और पीठ में छुरा घोंपने वाले" लोग थे! हाल ही में, टेक्सास के एक छोटे से शहर में एक बंदूकधारी ने एक आराधनालय में चार बंधकों को ले लिया, जिसमें निवासी रब्बी भी शामिल था – बंधक लेने वाले की एकमात्र मांग कैद में रखी गई 'लेडी अल कायदा' डॉ आरिफा सिद्दीकी की कथित रिहाई थी।

पाकिस्तानी मूल के एक दोषी आतंकवादी के लिए आराधनालय, रब्बी और बंधक नाटक का गप्पी प्रतीकवाद और संयोजन अफगानिस्तान से उठाया गया – सामान्य मिश्रण, किसी तरह इज़राइल/यहूदियों को एक ही, शायद अनुचित रूप से मिलाना। लगभग उसी समय, शिया ईरानी नेतृत्व और सुन्नी सऊदी अरब शाही परिवार के बीच लंबे समय से सांप्रदायिक शैडोबॉक्सिंग के हिस्से के रूप में, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स नेवी के कमांडर जनरल अलीरेज़ा तांगसिरी द्वारा एक अभूतपूर्व आरोप, दूसरे को शर्मसार करना चाहता है। उन्होंने निहित किया कि सऊदी शाही परिवार यहूदियों के वंशज हैं जिन्होंने पवित्र पैगंबर से लड़ाई लड़ी थी, "हम एक मुस्लिम देश में अन्याय को देखने के लिए सहन नहीं कर सकते हैं जो कि ज़ायोनी और यहूदियों के बीज द्वारा किया जाता है", जोड़ते हुए, "ये बहुत समान हैं" यहूदी, और मैं ज़ायोनीवादियों को बेहतर कहूंगा, जिनके दिल कभी भी इस्लाम के साथ नहीं जुड़े हैं, और यहां तक कि अपने समय में पैगंबर के साथ भी।" फिर से, उम्माह के भीतर राजनीतिक दोष खेल को ज़ायोनीवाद और यहूदियों के परिचित वॉटरमार्क को लागू करके, उसी से जुड़े कलंक और नफरत के बाद, चाहे वास्तविक इतिहास या इज़राइल के आधुनिक राज्य के पास कुछ भी हो, को हल करने की मांग की गई थी। उसी के साथ।

समवर्ती रूप से, तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर कुख्यात लीबियाई सरदार, खलीफा हफ्तार से संबंधित एक निजी विमान की रहस्यमय लैंडिंग के साथ उम्मा के अपरिवर्तनीय अनुयायियों के भीतर काल्पनिक इज़राइली कनेक्ट (इस बार अधिक अमिट रूप से) का एक और भयानक दर्शक सामने आया। गद्दाफी के बाद के युग में लीबिया की लूट के लिए विभिन्न गुटों (विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शक्तियों द्वारा समर्थित) के साथ हिंसक झड़पों में उलझे हुए, खलीफा को सीरिया, रूस और अविश्वसनीय रूप से, यहां तक कि संयुक्त अरब अमीरात जैसी शक्तियों द्वारा समर्थित माना जाता था, जो इसके बजाय चरमपंथियों को बाहर रखने के लिए खलीफा में एक गद्दाफीस तानाशाह।

इसलिए, जबकि खलीफा की दासता और वर्तमान लीबिया के प्रधान मंत्री अब्दुलहमीद मोहम्मद दबीबेह के बारे में माना जाता है कि उन्होंने हाल ही में मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया से इज़राइल के साथ संबंधों को सामान्य करने के लिए मुलाकात की थी – फिर भी यह उनकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए समर्थन लेने के लिए इज़राइल में खलीफा के विमान की असली लैंडिंग है। , जो उम्मा की गड़बड़ी में इजरायल की स्वीकृति की मात्रा बोलता है। किसी भी घरेलू बिजली बोली में इजरायल का समर्थन हासिल करने के महत्व का स्पष्ट संकेत, भले ही हजारों किलोमीटर दूर हो, अचूक है।

इज़राइल आधिकारिक तौर पर उम्माह के भीतर हंगामे में किसी भी हानिकारक भूमिका से इनकार करता है, हालांकि इसने अरब दुनिया में अब-अतिवाद से सावधान शेखडोम के साथ रणनीतिक पैठ बना ली है। इसने स्पष्ट रूप से संयुक्त अरब अमीरात में एक दूतावास खोला है और बहरीन और मोरक्को में जल्द ही ऐसा करने की योजना है (इसमें पहले से ही जॉर्डन और मिस्त्र में एक है)। सऊदी अरब के उत्तराधिकारी, मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) को भी उन खबरों को अस्वीकार करना पड़ा कि उन्होंने पिछले साल नियॉन के लाल सागर बंदरगाह पर तत्कालीन इजरायली प्रधान मंत्री नेतन्याहू से गुप्त रूप से मुलाकात की थी।

स्पष्ट रूप से, बहुत सारी बैकरूम साजिशें, साजिशें और भावनाएं 'इजरायल कनेक्ट' में निहित हैं जो क्षेत्रीय उथल-पुथल के पीछे हैं – यह कितना वास्तविक या काल्पनिक है, अनुत्तरित है लेकिन जो सच है वह यह है कि फिलिस्तीन का मुद्दा बैकबर्नर पर है , और इज़राइल पहले से कहीं ज्यादा मजबूत दिखता है।

# अनमोल है रेल यात्रियों का जीवन

**सुधांशु मणि**
(लेखक भारतीय रेलवे के पूर्व महाप्रबंधक हैं)



पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुरी क्षेत्र में स्थित डोमाहानी में 13 जनवरी को शाम लगभग पांच बजे बीकानेर-गोहाटी एक्सप्रेस के कुछ कोचों के पटरी से उतर जाने के कारण नौ यात्रियों की मौत हुई तथा लगभग 40 अन्य घायल हो गए। इसके कारण पटरी से उतरे लगभग 12 कोच दूसरे कोचों पर चढ़ कर नष्ट हो गए। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि वे व्यक्तिगत रूप से बचाव उपायों की निगरानी कर रहे हैं। मृतकों के परिवारों को 5 लाख, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख तथा सामन्य चोट वालों को 25,000 रुपये देने की घोषणा हुई। हालिया वर्षों में भारतीय रेलवे का सुरक्षा रिकार्ड बेहतर हुआ है।

आंकड़ों में होने के बजाय यदि रेलवे क्रासिंग पर दूसरे वाहनों से टकराने वाली घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो हताहतों की संख्या में भारी कमी आई है क्योंकि ऐसी दुर्घटनाओं के लिए रेलवे सीधे जिम्मेदार नहीं है। इसके अनेक कारण हैं जिनमें पटरियों व संबंधित ढांचों का रखरखाव तथा बड़े पैमाने पर एलएचबी कोचों की संख्या में कमी है। एलएचबी कोचों का विकास जर्मनी की लिंके-होफमैन-बुश ने किया था। उनको 'एंटी टेलिस्कोपिक' माना जाता है, जिसका अर्थ है कि वे उलटते नहीं हैं तथा सीधे टकराने पर मुड़ते नहीं हैं। ये कोच स्टेनलेस स्टील के होते हैं तथा उनकी भीतरी डिजाइन एल्यूमीनियम से बनाई जाती है ताकि वे परंपरागत डिब्बों की तुलना में हल्के हों। तेज गति पर बेहतर ब्रेकिंग के लिए उनमें 'एडवांस न्यूमैटिक डिस्क ब्रेक सिस्टम' लगा होता है। ये आधुनिक कोच ज्यादा यात्रियों को ले जा सकते हैं, उनकी गति क्षमता अधिक होती है तथा वजन में हल्के होने के कारण उनका जीवन लंबा होता है। लेकिन इस दुर्घटना ने एक बार फिर सुरक्षित कोच डिजाइन की आवश्यकता उजागर की है ताकि हताहतों की संख्या कम हो सके। दुर्घटनाओं के अनेक कारण होते हैं और इस मामले में एक ट्रैक्शन मोटर के पटरी पर गिरने से ट्रेन पटरी से उतरी थी। यह आश्चर्यजनक है क्योंकि इसे बहुत मजबूती से जोड़ा जाता है।

हमारे सामने विचार यह होना चाहिए कि सारी सावधानियों व उपायों के बावजूद पटरी से ट्रेन उतरने पर हताहतों के आंकड़े न्यूनतम रखने के लिए कोचों को न्यूनतम नुकसान सुनिश्चित करना होगा। कहा जा रहा है कि यदि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के पुराने आईसीएफ कोचों के स्थान पर ट्रेन में केवल एलएचबी किस्म के कोच हों तो कोई भी जीवन नष्ट नहीं होगा। यह कथन अपने आप में सही है क्योंकि अनेक दुर्घटनाओं से सिद्ध हुआ है कि तेज गति पर एलसीएफकोच पटरी से उतर जाते हैं तथा एक दूसरे पर चढ़ कर बड़ी संख्या में हताहतों का कारण बनते



हैं, जबकि एलएचबी कोचों के साथ ऐसी दुर्घटनाओं में किसी को चोट नहीं लगती है और निश्चित रूप से कोई मरता नहीं है।

भारतीय रेल में मुख्यतः दो प्रकार के कोच प्रयोग होते हैं। इनमें से एक 1950 के दशक में डिजाइन आईसीएफ कोच तथा दूसरे जर्मन डिजाइन के एलएचबी कोच हैं जिनका 1990 के दशकांत में आयात किया गया था। हल्के कोच की डिजाइन में एक कपलर शामिल है जो दूसरे कोच के कपलर से मजबूती से जुड़ा होता है। यह कोचों का पार्श्व या ऊपर-नीचे खिसकना रोकता है तथा पटरी से उतरने पर भी कोच एक दूसरे पर चढ़ते नहीं हैं। दूसरी ओर आईसीएफ कोचों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं होती है और वे रेल के पटरी से उतरने पर अपनी ऊर्जा के कारण एक दूसरे पर चढ़ जाते हैं। इसके अलावा हालिया ट्रेन 18 किस्म के कोच और ज्यादा सुरक्षित हैं क्योंकि उनमें अर्ध-स्थाई कपलर, एंटी-क्लाइंबिंग फीचर तथा सुरक्षित ढांचागत डिजाइन शामिल हैं। ऐसी दुर्घटना के बाद काफी शोरशराबा मचता है कि भारतीय रेलवे तेजी से एलएचबी कोच लगाने में विलंब कर रही है। लेकिन रेलवे इस मुद्दे से 2017 से निपट रही है, जब अनेक दुर्घटनाओं के बाद उसने आईसीएफ कोच बनाना पूरी तरह बंद कर दिया था तथा उनके स्थान पर विनिर्माण की सीमाओं को देखते हुए एलएचबी कोच शामिल किए जा रहे थे। समस्या यह है कि बड़ी संख्या में आईसीएफ कोच हमारे पास हैं और अभी उनका लंबा जीवन बचा है क्योंकि यह 25 साल होता है। वर्तमान समय में भारतीय रेलवे के पास लगभग 40,000 आईसीएफ कोच तथा 25,000 एलएचबी कोच हैं। इसका अर्थ है कि अनेक तेज चलने वाली ट्रेनों में भी आईसीएफ कोच लगे हैं। अतीत की तरह कोई रेल दुर्घटना होने पर काफी शोरशराबा मचता है और आईसीएफ कोचों को पटरियों पर दौड़ने वाले ताबूत तक कहा जाता है। यह एक प्रकार का अतिवाद है क्योंकि इस प्रकार के कोचों ने 1950 के दशक से भारतीय प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया है। हालांकि, रेल यात्रियों का जीवन हमेशा महत्वपूर्ण रहा है, पर हाल में मुख्यतः सोशल मीडिया के कारण उसे और ज्यादा महत्व मिला है और यह ठीक भी है। ऐसे में कुछ कठोर उपायों की आवश्यकता है। अत्यधिक जल्दबाजी में आईसीएफ कोचों को कबाड़ में बदलने के बजाय उनका स्थान लेने के लिए बड़ी संख्या में एलएचबी कोच बनाने की आवश्यकता है।

रेल उत्पादन इकाइयों, खासकर इंटीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा 2016 के बाद उठाए गए कुछ कदमों के कारण आज रेलवे प्रति वर्ष 9,000 कोच बना सकता है। यदि अप्रैल, 2022 में यह क्षमता प्राप्त हो जाती है तो 25,000 सबसे पुराने आईसीएफ कोचों को समय से पहले ही एलएचबी कोचों से बदला जा सकता है। इसके साथ ही आंतरिक सेवाओं को बढ़ावा देना होगा ताकि यात्रियों का जीवन खतरे में डाले बिना पुराने कोचों का बेहतर प्रयोग किया जा सके। भारतीय रेलवे बहुत बड़ी व्यवस्था है तथा रेल ढांचे में सुधार के बावजूद कुछ स्थानों पर ट्रेनों के पटरियों से उतरने की घटनायें हो सकती हैं। हालांकि, ज्यादा से ज्यादा एलएचबी कोच का अर्थ ऐसी घटनाओं में हताहतों का जोखिम बहुत कम हो जाएगा। ऐसे में यह सवाल भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि इसके लिए 15,000-20,000 करोड़ रुपये की कैसे व्यवस्था होगी। पहली बात यह है कि आने वाले सालों में सैकड़ों लोगों का जीवन बचाने के लिए यह धनराशि बहुत बड़ी नहीं है। दूसरा, भारतीय रेलवे ने बड़ी संख्या में अपने कारगर डीजल इंजनों का प्रयोग बंद करने, विद्युतीकरण तेज करने तथा बड़ी संख्या में विद्युत इंजनों को बनाने में अभूतपूर्व तेजी दिखाई है। यह हरित ऊर्जा के लिए उसकी प्रतिबद्धता प्रकट करता है, लेकिन विद्युत इंजनों द्वारा प्रयोग होने वाली ऊर्जा को हरित ऊर्जा कहना कठिन है। इस प्रकार रेलवे को अपने पैसे के ज्यादा सार्थक उपयोग के बारे में सोचना चाहिए। उसे अवसर का प्रयोग करते हुए पुरानी संरचनाओं को नई में बदलने का प्रयास करना चाहिए जिनमें केवल ज्यादा एलएचबी कोच शामिल नहीं हैं। इसका अर्थ ट्रेन 18 जैसी ज्यादा आधुनिक ट्रेने हैं जिनकी एल्यूमीनियम बाडी और बेहतर होती है। आधुनिक ट्रेनों का अर्थ न केवल सुरक्षित यात्रा होगी, बल्कि यह यात्रियों को ज्यादा आरामदेह अनुभव भी प्रदान करेगी। समय आ गया है कि भारतीय रेलवे यात्रियों को सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के लिए साहसी कदम उठाए।

## आप की बात

### ऑनलाइन कारोबार

**देशभर** में तेजी से पांव पसारते आनलाइन कारोबार को पहली बार उपभोक्ता कानून के दायरे में लाया गया है। किसी भी उपभोक्ता की शिकायत मिलने पर अब ई-कारोबारी कंपनी को अड़तालीस घंटे के भीतर उस शिकायत को स्वीकार करना होगा और एक महीने के भीतर उसका निस्तारण भी करना होगा। बाजार में उपभोक्ताओं को शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून बनाए गए। लेकिन जब से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम अस्तित्व में आया, तब से उपभोक्ताओं को शीघ्र, त्वरित व कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग तो प्रशस्त हुआ ही, साथ ही उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां व प्रतिष्ठान भी अपनी सेवाओं और उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करने के प्रति सचेत हुए। लेकिन इतना सब कुछ होने के बावजूद उपभोक्ता का शोषण होने का सिलसिला थमा नहीं। यह कारोबार को उपभोक्ता कानून में हराने के बाद अब हर शहर से लेकर छोटे कस्बों तक खाद्य पदार्थों की शुद्धता की जांच के लिए नींबू और बेटियां खुली जानी चाहिए ताकि उपभोक्ता अपने द्वार खरीदी गई खाद्य वस्तुओं का लेप परीक्षण कराकर संतुष्ट हो सकते।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### बजट में आमजन को राहत

**केंद्र** सरकार का बजट आने वाला है। आम जनता को आय के हिसाब से तीन वर्गों में बांटा जा सकता है उच्च आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग व निम्न आय वर्ग। यूं तो सारी आम जनता महंगाई से त्रस्त हैं , पर हर बार सबसे ज्यादा महंगाई की मार मध्यमवर्ग पर ही पड़ती है। पिछले 2 वर्षों से कोरोना के कारण मध्यमवर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है एक तो प्राइवेट काम करने वाले लोगों की नौकरियां छूट गई ऊपर से बीमारी में उनकी बची हुई जमा पूंजी खत्म हो गई और उन्हें कर्जा भी लेना पड़ा अब तीसरे साल भी वही हालात उत्पन्न हो रहे हैं। सरकार ने निम्न वर्ग को तो अनेकों सुविधाएं दी उन्हें जीवन यापन हेतु मुफ्त राशन दे रही है उनके खातों में विभिन्न तरीकों से पैसे जमा किए। उच्च आय वर्ग को इन सब से कोई ज्यादा फर्क ही नहीं पड़ा, पर मध्यमवर्ग को महंगाई एवं कोरोना से उत्पन्न कठिन आर्थिक अभाव से राहत देने के लिए कुछ नहीं किया गया। सरकार ने निम्न आय वर्ग को विभिन्न तरह की राहत जैसे की मुफ्त अनाज और पैसे एवं सब्सिडी देने के लिए पेट्रोल के दामों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम घटने के बावजूद देश में कोई कमी नहीं की जिसका सबसे अधिक भार मध्यमवर्ग पर पड़ा।

– **अतिवीर जैन**, 'पराग' , मेरठ

### प्रोटोकॉल का पालन

**5** जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी के पंजाब के फिरोजपुर यात्रा के दौरान प्रोटोकाल के अनुसार राज्य के मुख्यसचिव और पुलिस महानिदेशक को साथ यात्रा करना था। लेकिन दोनों ही अधिकारी प्रधानमंत्री के साथ नही गए। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल द्वारा मुख्यसचिव और पुलिस महानिदेशक को नेताविपक्ष शुभेंदु अधिकारी को झारग्राम जाने से पुलिस के रोकने की जानकारी देने के लिये 8 जनवरी को बुलाया था ।दोनो ही जिम्मेदार अधिकारी राज्यपाल से मिलने नही पहुँचे और न दूसरे अधिकारियों को स्पष्टीकरण देने के लिये भेजा। राज्यपाल द्वारा शुभेन्दु अधिकारी की शिकायत के बाद राज्य के दोनों अधिकारियों को बुलाया था। शुभेंदु अधिकारी को पुलिस द्वारा रोकने का कार्य गैर जिम्मेदाराना था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा था। नेताविपक्ष को के आवागमन पर कोई प्रतिबन्ध नही होना चाहिये। राज्यपाल धनखड़ ने एक सप्ताह के अंदर मुख्यसचिव से जवाब देने को कहा। देश मे प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कृत आचरण पर सवाल उठ रहे हैं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**गोवा** परिवर्तन चाहता है और इस तटीय राज्य में आम आदमी पार्टी को जबर्दस्त समर्थन मिल रहा है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**मेरा** मानना है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में पूर्ण युद्ध नहीं चाहते हैं और अगर वह एक सैन्य घुसपैठ के साथ आगे बढ़ते हैं तो उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**नौजवान** अपने पैरों पर खड़े होना चाहते हैं और ये ही वे चीजें हैं जो एक देश को मजबूत बनाती हैं।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेत्री

### खनन और भर्ती घोटाले की जांच हाईकोर्ट के

# सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई करेः भूपेंद्र हुड्डा

### कुरुक्षेत्र में होने वाला विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम हुआ स्थगित

#### सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भूपेंद्र हुड्डा ने उठाई मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र


सर्किट हाऊस में पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**पूर्व** मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार ने हरियाणा को बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया है। हरियाणा को बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध, किसानों पर अत्याचार, कुशासन, कंगाली और प्रदूषण में नंबर वन बना दिया। सर्किट हाऊस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भूपेंद्र हुड्डा ने बताया कि कुरुक्षेत्र में होने वाले विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइंस और जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

कोरोना की पाबंदियां हटने के बाद पहले रविवार को कुरुक्षेत्र में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज जनता के कई मुद्दे हैं जिनपर सरकार को जवाब देना होगा। बीजेपी-जेजेपी सरकार ने हरियाणा को बबार्दी की कगार पर पहुंचा दिया है। इस सरकार का हाजमा इतना तेज हो गया है कि इसने यमुना के रेत से लेकर डाडम और नांगल चौधरी तक की पहाड़ियों को हजम कर लिया है। जो कमाई प्रदेश के खजाने में पहुंचनी चाहिए थी, खनन घोटालों की वजह से वो खनन माफिया की तिजोरियों में जा रही है। f

वपक्ष की मांग है कि खनन से लेकर भर्ती घोटाले तक की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई द्वारा करवाई जानी चाहिए। तभी दोषियों को सजा मिल पाएगी। अगर सरकार दावा करती है कि वह घोटालों में दोषी नहीं है तो फिर उसे उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच से संकोच क्यों है।

हुड्डा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते कुरुक्षेत्र व आसपास के क्षेत्र में आलू समेत कई सब्जी और अन्य फसलों पर बुरा असर हुआ है। लेकिन सरकार ने इसका अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान कुरुक्षेत्र को एनआईडी जैसे संस्थान व इलाके को दादूपुर नलवी जैसी परियोजना की सौगात दी गई लेकिन बीजेपी सरकार के सात साल में ऐसी एक भी योजना कुरुक्षेत्र को नहीं मिली।


कुरुक्षेत्र में धुंध के दौरान अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

## कुरुक्षेत्र में धुंध और सर्द हवाओं ने छुड़ाई कंपकंपी

#### पहाड़ों में हुई बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी दिखने लगा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**शुक्रवार** को सुबह आसमान में धुंध छाए रहने व सर्द हवाओं ने लोगों को कंपकपाने पर मजबूर कर दिया। जिले का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रिकार्ड किया गया, जबकि अधिकतम तापमान भी गिरावट के साथ 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

पहाड़ों में हुई बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी दिखने लगा है। पहाड़ों की ओर से आने वाली ठंडी हवाओं के चलते सर्दी का तेवर अब कड़ा होने लगा है। दूसरी ओर ठंड से बचाव के लिए जगह-जगह लोग अलाव के सहारे ठंड गुजारते देखे जा रहे हैं। ठंड बढ़ने से कोल्ड डायरिया और उल्टी-दस्त, पेट के मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। डॉ. विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि ऐसे मौसम में बचाव बेहद जरूरी है। ठंड हवाएं शीत लगने की वजह जल्दी बनती हैं।

पेट से जुड़ी समस्याएं हों तो चिकित्सक से सलाह लें। हालांकि खेती-किसानी के लिहाज से बढ़ती ठंड को लाभदायक माना जा रहा है। किसानों का कहना है कि ठंड कड़ाके की नहीं होगी, तो गेहूं की फसल के लिए मुश्किलें खड़ी होंगी।

### खिलाड़ियों की संख्या कम किए जाने पर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** भाजपा जिला खेल प्रकोष्ठ ने साई खेल केंद्र भिवानी में खिलाड़ियों की संख्या कम किए जाने के विरोध में विधायक घनश्याम सर्राफ को जिला खेल प्रकोष्ठ संयोजक राजेश धनखड़ के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर भाजपा जिला खेल प्रकोष्ठ संयोजक राजेश धनखड़ ने कहा कि भिवानी साई खेल केंद्र बहुत पुराना है और इसी की वजह से भिवानी को छोटी काशी के बाद मिनी कयूबा के नाम से पहचाना जाता है। साई खेल केंद्र ने राजकुमार सांगवान, शक्ति सिंह, जितेंद्र , राजीव धनखड़, विजेंद्र, अखिल बॉक्सर आदि सैकड़ों ओलंपियन एशियन एवं कॉमनवेल्थ खिलाड़ी दिए हैं। आज भिवानी खेल केंद्र हमारे जिले की पहचान बन चुका है इसलिए इसमें खिलाडियों की संख्या कम करना भिवानी के लिए दुखदाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 25 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**करनाल।** मतदाताओं की जागरूकता के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में प्रातः 11 बजे किया जाएगा, जिसमें उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई जाएगी। ये जानकारी निर्वाचन तहसीलदार जयकिशन ने दी। उन्होंने बताया कि जिला करनाल में जिला मुख्यालय, ब्लॉक स्तर पर व सभी मतदान केन्द्रों पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। सभी मतदान केन्द्रों पर विद्यार्थियों व वहां पर आने वाले सभी मतदाताओं को शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रमों में कोविड-19 प्रोटोकोल की अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी।

### मृतकों के परिजनों को मिल रही 50 हजार की आर्थिक सहायता

**करनाल।** उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार कोविड-19 के कारण मृतक के परिजनों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। इसके लिए लाभार्थी अंत्योदय सरल पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस सहायता राशि के लिए वे परिवार आवेदन कर सकते हैं जिनके किसी भी सदस्य की कोरोना महामारी के कारण मौत हुई है। इसके लिए उन्हें ऑनलाइन करना होगा जिसमें परिवार पहचान पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा कोविड पॉजिटिव होने का प्रमाण पत्र अपलोड करने होंगे। लाभार्थी को आवेदन के एक माह में सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। इस संबंध में लाभार्थी को उनके आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी एसएमएस द्वारा भेजी जाएगी। यदि किसी कारण से लाभार्थी को 30 दिन में सहायता राशि नहीं प्राप्त होती है तो वह अपनी शिकायत उपायुक्त या अतिरिक्त उपायुक्त को दे सकते हैं।

### डी प्लान का पैसा किसी भी सूरत में न हो लैप्स

**करनाल।** उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिला में डी प्लान के तहत करवाए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर कार्यकारी एजेंसी से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी फरवरी माह तक स्वीकृत कार्यों को अवश्य पूरा करें ताकि भारत सरकार से डी प्लान के कार्यों हेतु और राशि की मांग की जा सके। डी प्लान का पैसा किसी भी सूरत में लैप्स नहीं होना चाहिए, अगर किसी अधिकारी की कमजोरी रही तो वह स्वयं इसके जिम्मेदार रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि गांवों में स्टेडियम व ई-लाईब्रेरी की स्थापना जल्द से जल्द करवाई जाए, इस कार्य को अधिकारी प्राथमिकता पर लें। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में डी प्लान के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।इस अवसर पर परियोजना अधिकारी राजेन्द्र सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी हिशम भुक्कल, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता परविन्द्र सिंह, नगर निगम की कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा, सभी बीडीपीओ व नगर पालिका सचिव उपस्थित रहे।

### गणतन्त्र दिवस को शांतिपूर्वक मनाने के लिए धारा 144 लागू

**सोनीपत।** जिलाधीश ललित सिवाच ने गणतन्त्र दिवस को शांतिपूर्वक तरीके से मनाने के लिए भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला सोनीपत में साइबर कैफे, सिम कार्ड होल्डर, सिनेमा हॉल, माल, होटल, गेस्ट हाऊस, बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, रेलवे ट्रैक पूजा स्थलों, व्यस्त बाजारों, स्लिम बस्ती तथा सभी मकान मालिकों द्वारा अपने किराएदारों व नौकरों को रखने से पूर्व उनका पूर्ण विवरण प्राप्त किये बिना रखने पर प्रतिबन्ध लगाया है, इनकी पुलिस वैरिफिकेशन जरूर करवाएं। उन्होंने अपने आदेशों में कहा है कि 26 जनवरी 2022 को गणतन्त्र समारोह दिवस के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा घातक शस्त्र सार्वजनिक स्थान, सड़क पर लेकर चलने जैसे बन्दूक, रायफल, भाला, बरछी या अन्य हथियार और विस्फोटक सामग्री लेकर सार्वजनिक सभा, रैली, जलूस में शामिल होने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाया है। जिलाधीश ने अपने आदेशों में पुलिस अधीक्षक सोनीपत को निर्देश दिए हैं कि यदि किसी व्यक्ति या संगठन द्वारा इन आदेशों की अवहेलना की जाती है तो उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता में कार्यवाही अमल में लाई जावे।

### भाजपा की कथनी और करनी में नहीं है अंतरः रामकुमार

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार रंबा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नही है। केंद्र सरकार में 27 मंत्री पिछड़ा वर्ग, 12 अनुसूचित जाति व 8 अनुसूचित जन जाति के बनाकर यह साबित कर दिया है कि सरकार पिछड़ा वर्ग को समानता की धारा में लाने का कार्य कर रही है। जो 27 प्रतिशत आरक्षण दिया है पिछड़ा समाज उसका स्वागत करता है। उन्होंने आशा जताई कि आगे भी सरकार द्वारा इसी प्रकार से पिछड़ा वर्ग का कॉलम पूरा किया जाता रहेगा। वहीं हरियाणा में भी खाली पड़े बोर्डों के चेयरमैन व सदस्यों के पद को भरने का कार्य करेंगें। उन्होने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री की पूरी टीम एक के एक देशहित में निर्णय ले रहे हैं। वहीं हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उपमुख्यमंत्री दुष्संत चौटाला, सांसद नायब सिंह सैनी व अन्य नेता अनेकों विकास के कार्य करवा रहे हैं।


## अवैध निर्माण करने पर होगी एफआईआर

### अवैध निर्माण करने वालों पर जिला प्रशासन की सख्ती

#### डीटीपी ने शहरी व नियंत्रित क्षेत्र में अवैध निर्माण किए ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**जिला** नगर योजनाकार विभाग की ओर से उपायुक्त ललित सिवाच के निर्देश पर शुक्रवार को सहायक नगर योजनाकार एवं डयूटी मजिस्ट्रेट सोनीपत अंजू की देखरेख में पुलिस प्रशासन के सहयोग से शहरी व नियंत्रित क्षेत्र में अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए।


अवैध निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी।

इस कार्रवाई में गांव राई की राजस्व सम्पदा में निकट एचएसआईआईडीसी आउटर रोड़ के साथ पांच डीपीसी, चार कच्चा रोड नेटवर्क तथा गांव राई से राठधाना रोड पर चार डीपीसी, दो कच्चा रोड नेटवर्क का अवैध रूप से हो रहे निर्माण कार्य को ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति घोषित किए गए नियंत्रित क्षेत्रों में बिना अनुमति निर्माण न करें।

## कुवि ने जारी की ओड सेमेस्टर के परीक्षाओं की डेटशीट

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय परीक्षा शाखा ने ओड सेमेस्टर की परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि बीटेक व यूजी ओड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 10 फरवरी व 23 फरवरी से शुरू होंगी।

उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में सभी निदेशकों/प्राचार्यों को सूचित किया गया है। परीक्षा शाखा द्वारा परीक्षा शुरू होने के एक सप्ताह पूर्व सभी विद्यार्थियों को उनके एडमिट कार्ड व रोल नम्बर के माध्यम से परीक्षा मोड के बारे में सूचित किया जाएगा। डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया आयोजित होने वाली परीक्षाओं में बीटेक इंजीनियरिंग के तीसरे, पांचवें, सातवें व आठवें सेमेस्टर स्पेशल, एमटेक इंजीनियरिंग के तीसरे, बीआर्किटेक्चर के प्रथम, तृतीय, पाचवें तथा सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं शामिल है। उन्होंने बताया कि बीकॉम के प्रथम, तृतीय व पांचवें, बीए ऑनर्स के प्रथम, तृतीय व पांचवे तथा बीएससी मैथमेटिक्स ऑनर्स के पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### स्कूल अपग्रेड होने पर जसविंद्र खैहरा का जोरदार स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** जिले के गांव लुखी के सरकारी स्कूल को अपग्रेड किए जाने पर जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष व शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डॉ. जसविंद्र खैहरा का लुखी में जोरदार स्वागत किया गया। यहां पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं के साथ डॉ. खैहरा का स्वागत किया।

डॉ. खैहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुज्जर व विधायक रामकरण काला का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के अपग्रेड होने से सैकड़ों विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा। विद्यालय के प्राचार्य जगदीश चंद्र ने कहा कि डॉ. जसविंद्र खैहरा की दूरगामी सोच के कारण यह विद्यालय अपग्रेड हो गया है। इस विद्यालय के अपग्रेड होने से लुखी ही नहीं बल्कि आस-पास के गांव के विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने में फायदा मिलेगा। ग्रामीण सुशील राणा, अनिल तंवर, बलदेव सिंह बल्ली, नीरज शर्मा, नरेंद्र राणा व धीरज भारद्वाज ने कहा कि इस सरकार में इस क्षेत्र में काफी विकास कार्य हो रहे हैं।

## करनाल में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्यअतिथि होंगे गृह मंत्री अनिल विज

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



**हरियाणा** के गृह मंत्री अनिल विज करनाल में 26 जनवरी को आयोजित किए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वह राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे।

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम एनडीआरआई के खेल मैदान में हर्षोल्लास, उत्साह और बड़ी खुशी के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि समारोह के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड में शामिल प्लाटून द्वारा पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखा जाएगा। प्रशासन की ओर से समारोह स्थल पर मास्क, सैनिटाईजर तथा थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था की जाएगी ताकि समारोह में आने वाले दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि एनडीआरआई के खेल मैदान में 24 जनवरी को फुल ड्रैस यानि फाईनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। परेड में पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी एयर विंग, एनसीसी आर्मी विंग की प्लाटून, भारत स्काऊटस एण्ड गाईड की टुकड़ी शामिल रहेंगी तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

राजस्थान की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
भवानी शंकर शर्मा
निवासी एम -33, इनकम टैक्स कॉलोनी टोंक रोड दुर्गापुर, जयपुर (राजस्थान)
पिन कोड 302018
मोबाइल नंबर-7878877419

## गणतंत्र दिवस के दूसरे दौर की रिहर्सल हुई

#### एसडीएम गौरव कुमार ने रिहर्सल का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**गणतंत्र** दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को एनडीआरआई के खेल मैदान में दूसरे दौर की रिहर्सल का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस, स्काउटस, स्कूलों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थाओं ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए और सांस्कृतिक कार्यक्रम में की प्रस्तुति दी। इस दौरान एसडीएम करनाल गौरव कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम ने पुलिस विभाग द्वारा आयोजित परेड, भारत स्काउट्स का प्रदर्शन, एनसीसी के लड़के व लड़कियों द्वारा किए भव्य आयोजन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य कार्यक्रमों के बेहतर प्रदर्शन के लिए समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व है और बच्चों की प्रस्तुति तथा राष्ट्रीय गान का गायन भी इस पर्व की महत्वत्ता के अनुसार किया जाए। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न अधिकारियों के साथ अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की। इस मौके पर हरियाणा पुलिस की महिला एवं पुरूष, एनसीसी आर्मी विंग की महिला एवं पुरूष, एनसीसी एयर विंग की महिला एवं पुरूष तथा होम गार्ड की टुकड़ियों ने जमकर परेड का अभ्यास किया तथा विभिन्न स्कूलों ने अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।


गणतंत्र दिवस की रिहर्सल करते पुलिस की टुकड़ी।

## अर्था एनर्जी ने किया रिन्यूएबल एनर्जी निवेश ऑनलाइन प्लेटफॉर्म रिन्यूशेयर लॉन्च

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** की अग्रणी रिन्यूएबल एनर्जी समाधान प्रदाता, अर्था एनर्जी रिसोर्सेज (एईआर) ने शुक्रवार को एक रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) निवेश ऑनलाइन प्लेटफॉर्म रिन्यूशेयर को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह प्लेटफॉर्म देश में आरई परिसंपत्तियों के आंशिक स्वामित्व को सक्षम बनाता है। एक स्वायत्त निवेश मंच के रूप में लॉन्च किया गया रिन्यूशेयर भारत में तेजी से बढ़ते आरई परिदृश्य का हिस्सा होने के साथ-साथ अपने मौजूदा पोर्टफोलियो में विविधता लाने में रुचि रखने वाले निवेशकों की जरूरतों को पूरा करता है।

प्लेटफॉर्म ने अपने लॉन्च के दौरान, पहले ही 7 करोड़ रुपये का शुरुआती असेट अंडर मैनेजमेंट( एयूएम) हासिल कर लिया है और निवेशकों से 10 करोड़ रुपये की शुरुआती निवेश प्रतिबद्धता हासिल कर ली है, जिसमें आरई परिसंपत्तियां चार शहरों में फैली हुई हैं।

एक निवेशक केंद्रित मंच के रूप में, रिन्यूशेयर आरई को एक आकर्षक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में विकसित करके ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करता है। यह थीम आधारित स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) बनाता है, जिसमें पवन और सौर खंड में समान अक्षय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) परियोजनाओं को विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा पूरी तरह से जांचे जाने के बाद जोड़ा जाता है। निवेशकों के पास विकल्प है और वे अपनी जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर अपनी पसंदीदा आरई परियोजनाओं के साथ एसपीवी का एक पूल चुन सकते हैं।

लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए रिन्यूशेयर के संस्थापक और सीईओ अनिमेष दमानी ने कहा, रिन्यूशेयर के लॉन्च के साथ, हम निवेशकों को हरित ऊर्जा अपनाने के माध्यम से पर्यावरणीय प्रभाव डालने के साथ उच्च-पूंजीकरण बाजार में प्रवेश करने में सक्षम करेंगे। आरई की एक प्रभावशाली विकास कहानी है, अधिकांश निवेशकों के लिए इस क्षेत्र में व्यवहार्य निवेश के अवसरों तक पहुंच वस्तुतः न के बराबर है। आरई सेगमेंट स्वतंत्र रूप से स्वामित्व और प्रबंधन करने के लिए एक अत्यंत महंगे परिसंपत्ति वर्ग होने की पहचान रखता है। हमारा लक्ष्य निवेश के लिए पूंजी के आकार को कम करके इस पहचान को दूर करना है।'

उन्होंने कहा, 10 करोड़ रुपये की प्रारंभिक कुल निवेश प्रतिबद्धता के साथ, निवेशक समुदाय की प्रतिक्रिया चौंकाने वाली रही है, जो आरई क्षेत्र में विशाल क्षमता और रुचि में हमारे विश्वास को मजबूत करती है। इसलिए, हम वित्त वर्ष 2024 तक प्रति वर्ष 200 करोड़ रुपये से अधिक की तैनाती शुरू करेंगे।

## शैडोफैक्स ने 100,000 प्लस राईडर पार्टनर्स के लिए दूसरे कोविड केयर प्रोग्राम की घोषणा की

#### शैडोफैक्स 700 शहरों में कोविड की तीसरी लहर में 100,000 राईडर पार्टनर्स का सहयोग करेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अंतिम** छोर तक डिलीवरी के लिए भारत के अग्रणी क्राउडसोर्स्ड टेक-इनेबल्ड प्लेटफॉर्म, शैडोफैक्स ने अपने सभी राईडर पार्टनर्स के लिए अपने दूसरे कोविड केयर प्रोग्राम की घोषणा की। अपनी शुरुआत से ही शैडोफैक्स का लक्ष्य अपने पार्टनर समुदाय की वृद्धि व विकास तथा उनके ग्राहकों को सुरक्षित रूप से डिलीवरी का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करना है। कंपनी अपने 100,000 प्लस राईडर पार्टनर नेटवर्क को सहयोग देकर सुरक्षा उपायों का क्रियान्वयन और उन्हें मजबूत करने से लेकर संकट के इस वक्त वित्तीय व चिकित्सा सहायता प्रदान करने में मदद करने पर केंद्रित है।

इस अभियान के बारे में शैडोफैक्स के सीईओ एवं को-फाउंडर, अभिषेक बंसल ने कहा, 'शैडोफैक्स में हम एक कठोर व सुरक्षित ग्राहक अनुभव प्रक्रिया के गठन के लिए उत्सुक हैं। हमने अपने नेटवर्क पार्टनर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नीतियां लागू की हैं, ताकि संपूर्ण डिलीवरी चक्र सुरक्षित रहे। हमने अपने राईडर पार्टनर्स के बीच संक्रमण फैलने से रोकने के लिए अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी बनाई है। साथ ही, हमारा 95 प्रतिशत से ज्यादा नेटवर्क पूरी तरह से वैक्सीनेटेड है एवं अन्य के लिए हम आवश्यक व्यवस्थाएं कर रहे हैं, ताकि वो भी अपनी खुराक जल्द से जल्द पाएं।'पहली और दूसरी लहर से अलग, तीसरी लहर का पूरी सप्लाई चेन पर और ज्यादा गहरा असर होगा। सुरक्षा व सुविधा के चलते ग्राहक ऑनलाईन माध्यमों से ज्यादा खरीद करेंगे तथा डिलीवरी सेक्टर के लिए और ज्यादा मांग का निर्माण करेंगे। आंतरिक रूप से एकत्रित किया गया डेटा प्रदर्शित करता है कि ग्रोसरी और फार्मा श्रेणियों में डिलीवरी के वॉल्यूम में पिछले माह के मुकाबले 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शैडोफैक्स इस क्षेत्र में फ्लिपकार्ट क्विक, बिगबास्केट, जेप्टो, अपोलो आदि के साथ काम करता है। कंपनी ने पार्टनर्स के बीच कोविड पॉजिटिविटी मापने के लिए अपने डिलीवरी नेटवर्क में एक पायलट सर्वे किया। परिणामों से दूसरी लहर के शीर्ष पर होने के दौरान एकत्रित आंकड़ों की तुलना में पॉजिटिविटी रेट में 5 गुना वृद्धि प्रदर्शित हुई।

शैडोफैक्स अपने राईडर पार्टनर्स और उनके परिवारों के लिए ऑन-कॉल कोविड असिस्टैंस एवं काउंसलिंग चला रहा है।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर
सोच को बदलो सितारे बदल जाएँगे,
नज़र को बदलो नज़ारे बदल जाएँगे,
गोबर को खाद में बदल कर देखो,
खाद नहीं महकेगा पर गुलाब महक जाएँगे।

Aavas
आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
कब्ज़ा नोटिस
स्थान : जयपुर दिनांक 22-1-2022

# आदिबद्री डैम बनने से होगा सरस्वती का पुनरुद्धार: मनोहर लाल खट्टर

## हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच डैम बनाने को लेकर हुआ एमओयू

### हिमाचल के अतिरिक्त पानी को संचित करने के लिए हथनीकुंड बैराज पर भी बनेगा डैम

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आदिबद्री डैम के निर्माण से वर्षों पहले विलुप्त हुई सरस्वती नदी का पुनरुद्धार होगा। आदिकाल से पूजनीय सरस्वती नदी के प्रवाह स्थल के आसपास धार्मिक मान्यताएं पुन: जागृत होंगी, इसके साथ-साथ यह क्षेत्र तीर्थाटन के रूप में भी विकसित होगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंचकूला के पीडब्लूडी विश्राम गृह में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ आदिबद्री में डैम के निर्माण से संबंधित समझौता ज्ञापन (एमओयू) समारोह के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल व हिमाचल के मुख्य सचिव राम सुभाग सिंह ने दोनों मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में डैम निर्माण हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि आदिबद्री डैम बनने से 20 क्यूसिक पानी निरंतर सरस्वती नदी में प्रवाहित होगा। इससे पूरा वर्ष सरस्वती में पानी का प्रवाह रहेगा।




#### हथनीकुंड बैराज पर भी बनेगा डैम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के साथ मिलकर कई परियोजनाओं पर काम किया जाएगा, जिसमें हथनीकुंड बैराज पर डैम बनाया जाना भी शामिल है। इस डैम से बिजली उत्पादन के साथ-साथ यमुना नदी में भी साफ पानी का निरंतर प्रवाह संभव हो सकेगा। इस डैम में पहाड़ों से हथनीकुंड बैराज पर आने वाले पानी को संचित किया जाएगा जिससे फसलों को बाढ़ जैसी स्थिति से भी बचाया जा सकेगा। इस डैम के लिए एनओसी मांगी गई है, जल्द सर्वे का काम शुरू होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह डैम हिमाचल प्रदेश क्षेत्र के 31.66 हैक्टेयर भूमि पर बनाया जाएगा, इस पर 215.33 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसमें हर वर्ष 224.58 हैक्टेयर मीटर पानी का भंडारण होगा। इसका 61.88 हैक्टेयर मीटर पानी हिमाचल प्रदेश को तथा शेष करीब 162 हैक्टेयर मीटर पानी हरियाणा को मिलेगा। इस पानी को सरस्वती नदी में प्रवाहित किया जाएगा। इस डैम की चौड़ाई 101.06 मीटर तथा ऊंचाई 20.5 मीटर होगी। डैम से 20 क्यूसिक पानी सालभर सरस्वती नदी में प्रवाहित होगा। इस प्रोजेक्ट का मकसद सरस्वती नदी के पुनरूद्धार के साथ-साथ भूमिगत जल स्तर को बढ़ाना है। डैम के शुरू होने से बारिश के दिनों में अत्यधिक वर्षा से पैदा होने वाली बाढ़ की स्थिति से भी निपटा जा सकेगा। इसके नजदीक बनने वाली झील से पर्यटन बढ़ेगा।



### जल्द होगा आदिबद्री डैम का शिलान्यास: जयराम ठाकुर

**हिमाचल** के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि आदिबद्री डैम दोनों प्रदेशों के लिए सिंचाई व पीने के पानी की आवश्यकता को पूरा करेगा। सरस्वती नदी में जल के प्रवाह से धार्मिक व पर्यटन के दृष्टि से यह क्षेत्र विकसित होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई बार कार्यक्रमों में सरस्वती नदी के पुनरूद्धार के संबंध में अपनी इच्छा व्यक्त की है। इसी कड़ी में आज हरियाणा व हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच आदिबद्री डैम को लेकर एमओयू हुआ है। इस डैम से जुड़े जमीन मालिकों को उचित मुआवजे की व्यवस्था की जाएगी।

### साढ़े तीन दशक पहले देखा सपना आज हुआ साकार

**आदिबद्री** पर डैम बनाने को लेकर हुए एमओयू के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज उनका 35 साल पुराना सपना साकार हुआ है। उन्होंने वर्ष 1986-87 में सरस्वती के पुनरुद्धार के संबंध में हो रहे अनुसंधान से संबंधित यात्रा की थी। यह यात्रा यमुनानगर के आदिबद्री से शुरू होकर कच्छ तक पहुंची थी। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के प्रवाह के संबंध में न केवल धार्मिक मान्यता है बल्कि सैटेलाइट से स्पष्ट हुआ है कि जमीन के अंदर आज भी इसका प्रवाह है।सरस्वती नदी पर शोध के संबंध में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पीठ की स्थापना कर रखी है, इसके अतिरिक्त हरियाणा सरस्वती हैरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड की स्थापना की गई है।

# ब्रह्माकुमारीज के कार्यों को प्रधानमंत्री ने सराहा: सरोज बहन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**प्रजापति** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र की इंचार्ज राजयोगिनी बीके सरोज बहन ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रम का आयोजन माउंट आबू में किया गया।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र में बीके सरोज बहन ने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े और उन्होंने ब्रह्माकुमारीज द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर एक बहुत बड़े कार्यक्रम की शुरूआत हो रही है। जिन संकल्पों के साथ साधना जुड़ जाती है हमारे संकल्पों से ही उनका नव निर्माण होता है। हम से ही राष्ट्र का अस्तित्व है। राष्ट्र से ही हमारा अस्तित्व है। भारत



की सबसे बड़ी विशेषता रही कैसा भी समय आए परंतु भारत अपने मूल स्वभाव को बनाए रखता है।

जागृत होकर अपने संकल्पों को पूरा करने का समय है। जागृत होकर बुराइयों से दूर रहकर ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। ब्रह्मा कुमारी द्वारा गुणवत्ता पूर्वक तपोवन माउंट आबू में खेती का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। आजादी के 75 वर्ष पूरे हुए परंतु अगले 25 वर्षों में ब्रह्माकुमारीज भारत के जन जन तक जाकर बहुत बड़ा बदलाव ला सकती है।

### हरियाणा सरकार ने नर्सिंग कालेजों को एनओसी देने को बनाई नई पॉलिसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य में निजी/स्व-वित्तपोषित नर्सिंग संस्थानों को 'नो ओब्जेक्शन सर्टिफिकेट' को जारी करने के लिए एक पॉलिसी का गठन किया है, अब उन्हीं संस्थानों को कोर्स करवाने के लिए दाखिला करने की अनुमति होगी जो पोलिसी में वर्णित मानदंडों को पूरा करेंगे।

सरकारी प्रवक्ता ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नर्सिंग के क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के उद्देश्य से निजी/स्व-वित्तपोषित नर्सिंग संस्थानों के लिए 'नो ओब्जेक्शन सर्टिफिकेट' को जारी करने के लिए एक पॉलिसी बनाई गई है। वर्तमान आधुनिक तकनीक व जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उक्त संस्थानों के लिए पॉलिसी बनाई गई है। अकादमिक सत्र 2021-22 हेतु डिप्लोमा व डिग्री नर्सिंग कोर्सों में प्रवेश केवल उन संस्थानों में दिया जाएगा जो कि उक्त पोलिसी में मानदंडों को पूरा करते हैं।

# यूपी के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने मां से लिया आशीर्वाद

## स्वतंत्र देव सिंह ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा अर्चना

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**मां** भद्रकाली शक्तिपीठ कुरुक्षेत्र में मां भद्रकाली की पूजा-अर्चना के लिए, मां का शक्ति आशीर्वाद लेने के लिए भाजपा के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह मंदिर पहुंचे। उनके साथ उनके पारिवारिक सदस्य व अभिषेक सिंह भी थे।

स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि वे शक्तिपीठ में 5वीं बार दर्शन करने आए हैं। उन्होंने हर बार जो भी मां से मांगा, वो हर बार प्राप्त हुआ है। उन्हें यहां मां के दरबार में बैठ कर अपार शांति व आनंद की अनुभूति होती है। उन्होंने बताया कि मुझे शक्ति पीठ आने की प्रेरणा भगवान श्रीकृष्ण से मिलती है क्योंकि वे भी धर्मयुद्ध महाभारत से



यूपी भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को श्रीफल भेंट करते पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा।

पूर्व पांडवों सहित मां के दरबार मे पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। शक्ति पीठ पहुंचने पर सर्वप्रथम पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने इनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने उन्हें मां की लाल चुनरी, तिलक, माल्यार्पण, मां भद्रकाली जी का चित्र व प्रशाद आशीर्वाद स्वरूप दिया। सेवक मंडल के सभी सदस्यों ने उनकी मंगलकामना की प्रार्थना की। आगामी गुप्त नवरात्रों में भी 2 से 10 फरवरी तक अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की ज्योति मां के दरबार में प्रज्ज्वलित होंगी।

# संतों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

### आक्रोषित समस्त हिन्दू समाज की ओर से सरकार को जन-आंदोलन की चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**हिन्दू** संगठनों ने अग्रसेन चौक पर इकट्ठा होकर जय श्रीराम, हिन्दू संतों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान आदि नारे लगाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान हिन्दू संगठनों के सदस्यों ने डमरू बजाकर अपना रोष व्यक्त किया। इसके बाद संगठनों के पदाधिकारी भाजपा सांसद रमेश कौशिक के आवास पर पहुंचे और सांसद रमेश कौशिक को ज्ञापन सौंपा।

संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि संतों का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर हिन्दू धर्म, देवी देवताओं का आए दिन मखौल उड़ाया जा रहा है। अपने ही देश में हिन्दू पलायन करने को मजबूर है। जहां हिन्दू प्रताड़ित है और भ्रष्ट प्रशासन मौन है। सभी राजनीतिक दलों द्वारा भी बार-बार हिन्दूओं का मनोबल



भाजपा सांसद रमेश कौशिक को ज्ञापन सौंपते हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी।

गिराया जा रहा है। वहीं हमारे पूज्य संतों जैसे कालीचरण महाराज, यति नरसिम्हानंद महाराज, जितेन्द्र नारायण त्यागी और हाल ही में ऋषि कुमार स्वामी महाराज को कर्नाटक पुलिस ने बंदी बनाया।

जिससे हिन्दू समाज में पुलिस के रवैये से आक्रोश व्याप्त है। वहीं देश को तोड़ने की खुल्मखुल्ला धमकी देने वाले खुले घूम रहे है। राज्यों की पुलिस हिन्दू संतों के प्रति दुर्भावना और भेदभाव से भरी हुई है। पालघर के संतों को आजतक न्याय नहीं मिला, जबकि झूठे और मनघडंत मुकदमों से हिन्दू संतों को प्रताड़ित किया रहा है। हिन्दू समाज के धैर्य की अब और परीक्षा न ली जाए। हिन्दू समाज की ओर से सरकार को दो दिन का वक्त दिया जाता है कि अविलम्ब संतों कालीचरण महाराज, यति नरसिम्हानंद महाराज, जितेन्द्र नारायण त्यागी और ऋषि कुमार स्वामी महाराज को रिहा किया जाए। अन्यथा समस्त हिन्दू समाज भीषण आंदोलन करने को मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदार सरकार होगी। साथ ही भविष्य में ऐसा न हो ये सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाया जाए कि किसी भी संत को तब तक न गिरफ्तार किया जाए, जब तक कोर्ट द्वारा दोषी साबित नहीं कर दिया गया हो ।

### भाजपा घर-घर तक पहुंचाएंगी आजादी हिंद फौज के वीरों की गाथा: प्रवीण अत्रे

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण अत्रे ने कहा कि भाररतीय जनता पार्टी की तरफ से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती 23 जनवरी को प्रदेश में 7800 जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और इन कार्यक्रमों के साथ 6 लाख लोग जुड़ेंगे।

इन कार्यक्रमों को हर वार्ड व ग्राम पंचायत में आयोजित करके आजाद हिंद फौज के वीरों की गौरव गाथा को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। इन कार्यक्रमों को सफल और यादगार बनाने के लिए तमाम भाजपा कार्यकताओं और नेताओं की डयूटियां भी लगा दी गई हैं। प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण अत्रे शुक्रवार को सर्किट हाउस में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी 125वीं जयंती समारोह को लेकर एक प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधायक सुभाष सुधा, प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी, भाजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कवातरा ने विचार-विमर्श किया।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म दिवस हर्षोल्लास से मनेगा: साहिल सुधा



कार्यक्रम के बारे में रणनीति बनाते बीजेपी कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**भाजपा** युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं करनाल जिला प्रभारी साहिल सुधा ने कहा कि करनाल में भाजपा द्वारा बनाए गए सभी बूथों पर 23 जनवरी को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती समारोह को मनाया जाएगा।

इस जयंती समारोह को यादगार बनाने के लिए भाजपा की तरफ से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगा दी गई है और सभी को जयंती समारोह के कार्यक्रम की

### करनाल में भाजपा बूथों पर 23 को मनाया जाएगा

विस्तृत जानकारी भी मुहैया करवा दी गई है। वे शुक्रवार को करनाल में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। जिला प्रभारी साहिल सुधा, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा ललित दाबड़ा, जिला कप्तान योगेंद्र राणा सहित अन्य नेताओं से 23 जनवरी को बूथ स्तर पर जयंती को मनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई।

# महिला हेल्पलाइन पर एक साल में आई 77 हजार शिकायतें

## हरियाणा प्रदेश में 1872 शिकायतें एफआईआर में की गईं तब्दील

### दुर्गा शक्ति एप में जुड़ी 13 हजार नई महिलाएं

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** पुलिस द्वारा महिलाओं की सुविधा के लिए जारी की गई हेल्पलाइन पर जहां एक साल में 77 हजार से अधिक शिकायतें आई है, वहीं इनमें से 1872 को एफआईआर में तबदील किया गया है।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हेल्पलाइन पर कॉल अटैंड करने के लिए तैनात प्रशिक्षित पुलिस कर्मी प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रदेश में रहने, काम करने और आवागमन




वाली महिलाओं में आत्मविश्वास और साहस भी पैदा कर रही हैं।

पुलिस की डिजिटल पहल-दुर्गा शक्ति मोबाइल एप में भी महिलाओं का विश्वास देखने को मिला है। इसी अवधि के दौरान इस एप में 13 हजार 327 नए यूजर्स जुड़े,जिससे डाउनलोडर्स की संख्या 2.31 लाख से ज्यादा तक पहुंच गई। एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर पुलिस द्वारा 48 प्राथमिकी दर्ज की गई, 34 मामलों में निवारक कार्रवाई की गई और 1583 मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया गया।

उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के क्षेत्र में हरियाणा पुलिस का प्राथमिक उद्देश्य महिलाओं को क्राइम रिपोर्ट करने बारे जागरूक करना और अपराधियों को पकडने में पुलिस की मदद करना है। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं अक्सर अपने खिलाफ हुए अपराध की रिपोर्ट करने में संकोच करती थीं, लेकिन हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू की गई जागरूकता और अन्य पहलों के साथ, महिलाओं के खिलाफ अपराध की रिपोर्टिंग में भी वृद्धि हुई है।महिलाओं के खिलाफ अपराध की रिपोर्टिंग को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए, राज्य भर में महिला पुलिस स्टेशन सक्रिय रूप से संचालित हैं।

# खानक पहाड़ में युवाओं ने रोजगार की मांग उठाई

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**गांव** खानक के युवाओं ने पहाड़ में खनन के दौरान रोजगार देने की मांग को लेकर आज शुक्रवार को खानक स्थित एचएसआईआईडीसी के कार्यालय के बाहर मुख्य द्वार पर ताला लगाकर करीबन तीन घंटे तक विरोध-प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। तत्पश्चात एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा मौके पर पुलिस प्रशासन भी बुलाया गया और उनके आश्वासन देने के पश्चात युवाओं ने ताला खोला।

उल्लेखनीय है कि गांव खानक पहाड़ में एचएसआईआईडीसी के द्वारा धनसर कंपनी के माध्यम से खनन कार्य किया जाता है। इस खनन कार्य में रोजगार देने की गांव के युवाओं की काफी लंबे समय से मांग चली आ रही है। लेकिन उन्हें खनन में रोजगार नहीं

### बेरोजगारों ने एचएसआईआईडीसी कार्यालय के बाहर किया धरना-प्रदर्शन

मिल रहा युवाओं का आरोप था कि खनन के दौरान धूल, मिट्टी आदि का प्रदूषण तो ग्रामीण सहन करते हैं यहां तक कि खनन के दौरान ब्लास्टिंग के कारण उनके मकानों में भी दरारें आ गई है। लेकिन इस खनन कार्य में रोजगार बाहर के लोगों को दिया जा रहा है गांव के युवाओं को इस खनन कार्य में रोजगार तक नहीं दिया जा रहा जोकि गांव खानक के युवाओं के साथ अन्याय है। खनन कार्य में रोजगार की मांग को लेकर आज शुक्रवार को गांव के अनेक युवाओं ने एचएसआईआईडीसी कार्यालय के बाहर मुख्यद्वार पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीद सूबेदार के परिवार की सहायता करे सरकार



सी को ज्ञापन सौंपते भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान व अन्य किसान।

**करनाल।** जाणी गांव के शहीद सूबेदार के परिवार की सहायता की मांग उठाई है। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में शहीद परिवार के परिजनों को 50 लाख रुपए की राशि और परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि जिला करनाल के गांव जाणी का देश की सेना तैनात सूबेदार रमेश चंद्र शहीद हो गया है। रमेश चंद्र जम्मू क्षेत्र में तैनात था। जिसकी गत दिनों ड्यूटी के दौरान विपरीत मौसम के चलते मृत्यु हो गई। यह कि शहीद रमेश चंद्र के परिवार की मालिया हालात भी ठीक नहीं है। शहीद सूबेदार रमेश चंद्र अपनी पत्नि उर्मिला देवी सहित तीन बेटियां इस संसार में छोड़ गए है। जो तीनों बेटियां हाल वक्त उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही है। परिवार की आर्थिक दशा ठीक नहीं है। जिसके चलते विशेष तौर पर तीनों बेटियों का भविष्य अधर में लटक गया है। इतना ही नहीं शहीद के पिता मान सिंह (70 वर्षीय) तीनों बेटियों के भविष्य को लेकर काफी चिंतित व परेशानी की स्थिति में है। रतनमान ने कहा कि इस मामले में भारतीय किसान यूनियन आपसे आग्रह करते हुए व्यक्ति परिवार की आर्थिक सहायता लिए 50 लाख रुपये देने की मांग करती है।

### शहर के प्रमुख चौराहों का होगा सौंदर्यीकरण



**भिवानी।** बहुत जल्द ही शहर के प्रमुख चौराहे अलग ही रंग-रूप में नजर आएंगे। जिला प्रशासन द्वारा प्रमुख चौहारों के सौंदर्यकरण के लिए विशेष योजना तैयार की है। ये चौराहे न केवल यहां से गुजरने वाले लोगों का ध्यान अनायास ही अपनी ओर आकर्षित करेंगे, बल्कि शहर की सुंदरता को भी चार-चांद लगाएंगे। इन चौहारों का सौंदर्यकरण अलग-अलग थीम के आधार पर किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा इस योजना पर कार्य शुरु कर दिया गया है। उपायुक्त आरएस ढिल्लो द्वारा शहर की स्वच्छता और सुंदरता के लिए कई विशेष योजनार तैयार की है। इस योजना के तहत शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन ने चौराहों की सौंदर्यकरण की योजना पर कार्य शुरु कर दिया गया है। तोशाम बाईपास पर नए चौराहे का निर्माण करवाया जा रहा है। यहां पर चौराहे का निर्माण न होने पर अक्सर हादसे होने की आशंका बनी रहती थी। चौराहों का सीएसएसआर फंड के माध्यम से नया रंग-रूप दिया जाएगा। इसके अलावा संबंधित विभाग भी इन चौराहों पर पैसा खर्च करेगा। ये चौराहे अलग-अलग थीम पर आधारित होंगे।

### पाइपलाइन के लीकेज को लेकर ग्रामीण बैठे धरने पर



**भिवानी।** निगाना-सिवानी लिंक नहर में पाइपलाइन दबने के बावजूद पाइपलाइन लीकेज होने के कारण ग्रामीणों तक पानी न पहुंचने पर विभिन्न गांव के ग्रामीणों ने नहर पर ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने भी मौके पर पहुंचकर धरने का समर्थन किया। उल्लेखनीय है कि निगाना-सिवानी लिंक नहर में आलमपुर से संडवा तक पाइपलाइन डाली जा चुकी है। पाइपलाइन लीकेज होने के कारण ग्रामीणों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इस संबंध में धरने पर बैठे ग्रामीण शत्रुघन पायल, सुरेश शर्मा, आजाद रॉयल, अजीत श्योराण, सुमित बलोदा, राजवीर रॉयल, बिल्लू राय, जगदीश रॉयल, समाजसेवी भीम सिंह तवर, राहुल, विनोद, जयबीर आलमपुर, वजीर, टाली, जगदीश का कहना था कि पाइपलाइन डालते समय ना तो लेवल लिया गया है और जो पाइपलाइन दबाई जा रही है उसमें जो पाइप प्रयोग किए गए उसकी क्वालिटी भी सही नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि पाइपलाइन अभी तक पूरी तरह से डाली भी नहीं गई है कि उससे पहले ही पूरी पाइपलाइन जगह जगह से लीकेज हो गई है।

### रक्तदान से बड़ा कोई अन्य दान नहीं: नरेश सैनी

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा नागरिक अस्पताल में 386वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। यह शिविर एक वर्षीय लवीन के जन्म दिन पर लगाया गया। शिविर में सेवानिवृत्त मुख्य तकनीकी अधिकारी नरेश सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पधारे, जबकि शिक्षिका डॉ. नीतू बाला ने शिविर की अध्यक्षता की। महान रक्तदाता एवं अधिवक्ता मनोज कुमार वशिष्ठ एवं डॉ. अरुण धीमान अति विशिष्ट अतिथि रहे और रक्तदान भी किया। नरेश सैनी ने रक्तदाताओं को बैज लगा कर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई अन्य दान नहीं है। रक्त की एक इकाई से तीन लोगों को लाभ मिलता है। डॉ. नीतू बाला ने कहा कि वे अपने बच्चों के जन्म दिन पर रक्तदान, पौधारोपण और जरुरतमंदों को भोजन परोस कर जन्म दिन मनाते हैं। शिविर के संचालन में रक्तदाता प्रशांत शर्मा का विशेष सहयोग रहा। शिविर में डॉ. अरुण धीमान, अजय, मनोज कुमार, सुशील कुमार, अमर, संदीप कुमार, मनीष कुमार, महान रक्तदाता एवं अधिवक्ता बलिंद्र । इस अवसर पर अंशी, मधु शर्मा, साहिल और निखिल उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन परीक्षाएं की मांग को लेकर इनसो ने सौंपा ज्ञापन

भिवानी। कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के बढ़ते खतरे को देखते हुए इनसो जिला अध्यक्ष सेठी धनाना के नेतृत्व में छात्रों ने चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरके मित्तल को ज्ञापन सौंपते हुए परीक्षाएं ऑफलाइन के बदले ऑनलाइन करवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए इनसो जिला अध्यक्ष सेठी ने कहा कि एक तरफ जहां कोरोना का मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है तो वही दूसरी तरफ सीबीएलयू द्वारा ऑफलाईन परीक्षाएं करवाकर विद्यार्थियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे में कोरोना के प्रकोप को कम करने के लिए सीबीएलयू द्वारा ऑनलाइन परीक्षा लेनी चाहिए। इसके साथ ही सीबीएलयू प्रशासन ऑनलाइन परीक्षाओं को लेकर श्वेत पत्र भी जारी करें। सेठी ने कहा कि जब सीबीएलयू द्वारा पढ़ाई ऑनलाइन करवाई है तो परीक्षाएं ऑफलाइन क्यों कराई जा रही हैं, इन्हें भी ऑनलाइन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय में सभी छात्र भयभीत है और मानसिक रूप से तनाव में है। छात्र घर रहकर भी ठीक से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।

# परीक्षण की कसौटी पर खरा उतरा गगनयान का विकास इंजन

एजेंसी। बेंगलुरु

**तमिलनाडु** के महेंद्रगिरी स्थित इसरो प्रक्षेपण केंद्र में गगनयान अभियान से जुड़े एक उच्च क्षमता वाले विकास इंजन का 25 सेकेंड का योग्यता परीक्षण सफल रहा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बयान जारी कर कहा कि गगनयान अभियान के लिए विकास इंजन की योग्यता आंकने के संबंध में दो इंजन पहले ही सामान्य संचालन परिस्थितियों में 480 सेकेंड की आजमाइश से गुजर चुके हैं। इसरो के मुताबिक, बृहस्पतिवार को किए गए परीक्षण का मकसद सामान्य संचालन परिस्थितियों (चैंबर में दबाव, ईंधन-ऑक्सीडाइजर अनुपात) से जुदा स्थितियों में इंजन की मजबूती व कार्य क्षमता आंकना था।



अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, इंजन का प्रदर्शन परीक्षण की कसौटी पर खतरा उतरा। पूरी अवधि में यह सभी अनुमानित मानकों को पूरा करता नजर आया। इसरो ने बताया कि भविष्य में अलग-अलग संचालन परिस्थितियों में कुल 75 सेकेंड की अवधि के तीन और परीक्षण किए जाने की योजना है।

अधिकारियों के मुताबिक, गगनयान अभियान के लिए विकास इंजन की योग्यता साबित करने को आने वाले दिनों में उच्च क्षमता वाला एक और विकास इंजन 240 सेकेंड की लंबी अवधि के योग्यता परीक्षण से गुजरेगा।

## अदालत ने टीके के बूस्टर डोज संबंधी नीति पर केन्द्र, महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने कोविड टीके की बूस्टर खुराक लगाने के बारे में नीति बनाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर शुक्रवार को केन्द्र सरकार, महाराष्ट्र सरकार और बीएमसी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। केन्द्र की ओर से अधिवक्ता आदित्य ठक्कर ने मुख्य न्यायाधीश दिपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति अनिल किलोर की खंडपीठ को बताया कि वरिष्ठ नागरिकों और कोरोना योद्धाओं को बूस्टर खुराक लगाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इस पर पीठ ने केन्द्र सरकार, महाराष्ट्र सरकार और बृहन्मुंबई महानगरपालिका को 10 दिन के भीतर हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया। जनहित याचिका दायर करने वाले वकीलों ध्रुती कपाड़िया और कुणाल तिवारी ने कहा कि कोविड-19 के तीसरे लहर की आशंका है, इसलिए पात्र लोगों को बूस्टर डोज लगाने की जरूरत है। मामले पर सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेजेंद्र निर्वाल पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर ।** उत्तर प्रदेश में भाजपा विधायक तेजेंद्र निर्वाल और उनके समर्थकों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता का कथित उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक कार्याल्य से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक निर्वाल और उनके करीब 100 समर्थकों के खिलाफ बृहस्पतिवार को भारतीय दंड संहिता एवं महामारी बीमारी अधिनियम-1897 की धारा-तीन के तहत दो-दो अलग मामले दर्ज किए गए हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए जब विधायक नामाकंन दाखिल करने जा रहे थे तब वह और उनके समर्थक दो स्थानों पर जमा हुए थे। वहीं, एक अन्य घटना में पुलिस ने समाजवादी पार्टी के नेता सुधीर पवार और उनके 80 समर्थकों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता और कोविड-19 दिशानिर्देश का कथित उल्लंघन करने पर इन्हीं धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

### गांव में आवारा कुत्तों ने तीन साल की बच्ची को मार डाला

**धार मप्र।** मध्य प्रदेश के धार जिले के पडलिया गांव में आवारा कुत्ते के झुंड ने तीन साल की एक बालिका को नोंच-नोंचकर मार दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार शाम को जिला मुख्यालय से लगभग सात किलोमीटर दूर गांव पडलिया की है। घटना के समय बालिका गांव के एक खेत में अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। उन्होंने कहा, नंदिनी नामक लड़की अन्य बच्चों के साथ खेत में खेल रही थी, तभी आवारा कुत्ते के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। लड़की की चीखें सुनकर, कुछ दूरी पर काम कर रहे उसके माता-पिता वहां पहुंचे और उन्होंने कुत्तों को भगाया लेकिन तब तक कुत्ते लड़की को गंभीर रुप से घायल कर चुके थे और उसके शरीर पर कई जगह से खून बह रहा था। पुलिस चौकी प्रभारी बीआर पाल ने बताया कि घायल नंदिनी को जिला अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### बेटे को टिकट नहीं मिलने पर राजेश्वर बंसल ने रालोद छोड़ा

**मुजफ्फरनगर, यूपी।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने अपने बेटे को शामली विधानसभा सीट से टिकट नहीं दिए जाने के बाद पार्टी से इस्तीफा दे दिया। राजेश्वर बंसल और उनके बेटे अखिल बंसल ने बृहस्पतिवार को पार्टी के नेता जयंत चौधरी को अपने-अपने इस्तीफे भेजे। समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन ने शामली से प्रसन्न चौधरी को टिकट दिया था, जो मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। कैराना से पूर्व विधायक राजेश्वर ने शामली से अपने बेटे अखिल को टिकट देने की मांग की थी। पार्टी के संस्थापक अजित सिंह ने 2020 में राजेश्वर को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया था और उन्हें क्षेत्र में कद्दावर नेता के तौर पर जाना जाता है। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। पहले चरण में 10 फरवरी को मतदान होगा। 10 मार्च को मतगणना होगी।

### न्यायमूर्ति राव ने तेजपाल की याचिका से खुद को अलग किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव ने 2013 के यौन उत्पीड़न मामले में पत्रकार तरुण तेजपाल की याचिका पर सुनवाई से शुक्रवार को खुद को अलग कर लिया। इस याचिका में तेजपाल ने मामले की सुनवाई बंद कमरे में कराने का अनुरोध किया है। उनका यह अनुरोध बंबई उच्च न्यायालय ने अस्वीकार कर दिया था। गोवा की एक अदालत ने इस मामले में तेजपाल को बरी कर दिया था, जिसके बाद राज्य सरकार ने इस फैसले को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। यह मामला न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ के समक्ष शुक्रवार को सूचीबद्ध था। न्यायमूर्ति नागेश्वर राव ने कहा, मैं इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर रहा हूं क्योंकि 2016 में मैं एक समय इस मामले में गोवा सरकार की ओर से पेश हो चुका हूं। इसको अगले सप्ताह किसी अन्य अदालत के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। तेजपाल ने सीआरपीसी की धारा 327 के तहत इस मामले की बंद कमरे में सुनवाई कराने का अनुरोध किया है। तेजपाल के इस अनुरोध को पिछले साल 24 नवंबर को बंबई उच्च न्यायालय की गोवा पीठ ने अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद तेजपाल ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई होनी थी लेकिन अब यह अगले सप्ताह के लिए स्थगित हो गई है। तहलका पत्रिका के पूर्व प्रधान संपादक तेजपाल पर नवंबर 2013 में गोवा में एक पंच-सितारा होटल की लिफ्ट में अपनी एक महिला सहयोगी के यौन उत्पीड़न करने का आरोप था और मई 2021 में एक सत्र अदालत ने उन्हें बरी कर दिया था। राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय की गोवा पीठ में इस फैसले को चुनौती दी थी। तेजपाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने बंद कमरे में सुनवाई के उनके आवेदन के समर्थन में विधि आयोग और उच्च न्यायालयों के विभिन्न फैसलों का हवाला दिया था।

# आजादी के बाद कुछ गिने-चुने परिवारों के लिए नवनिर्माण किया गया: प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि एक समय था। जब देश की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान पर बात करने में संकोच किया जाता था और आजादी के बाद कुछ गिने-चुने परिवारों के लिए नवनिर्माण किया गया जबकि उनकी सरकार उस संकीर्ण सोच को पीछे छोड़कर नए गौरव स्थलों का निर्माण कर रही है और उन्हें भव्यता दे रही है। गुजरात में सोमनाथ मंदिर के निकट नवनिर्मित सर्किट हाउस का ऑनलाइन उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह बात कही।

प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर विकास और पुनर्निर्माण के नाम पर ऐतिहासिक धरोहरों को मिटाने का आरोप लगाया जाता रहा है। इस कड़ी में ताजा मामला इंडिया गेट पर स्थित अमर जवान ज्योति की लौ को राष्ट्रीय समर स्मारक पर जल रही लौ के साथ विलय किए जाने का है। विपक्षी दलों ने कहा है कि यह कदम सैनिकों के बलिदान के इतिहास को मिटाने की तरह है।

कांग्रेस का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे लिए हमारे पूर्वजों ने इतना कुछ छोड़ा है लेकिन एक समय था जब हमारी धार्मिक व सांस्कृतिक पहचान पर बात करने में संकोच किया जाता था। आजादी के बाद दिल्ली में कुछ गिने-चुने परिवारों के लिए ही नवनिर्माण हुआ लेकिन आज देश उस संकीर्ण सोच को पीछे छोड़ते हुए नए गौरव स्थलों का निर्माण कर रहा है और उन्हें भव्यता दे रहा है। प्रधानमंत्री ने इस कड़ी में दिल्ली में बने आंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक, रामेश्वरम में बने एपीजे अब्दुल कलाम स्मारक और नेताजी सुभाष चंद्र बोस और श्यामजी कृष्ण वर्मा जैसे स्वतंत्रता सेनानी से जुड़े हुए स्थानों को विकसित किए जाने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास को सामने लाने के लिए देशभर में आदिवासी संग्रहालय भी बनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गुजरात के केवड़िया में बना स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पूरे देश का गौरव है। कोरोना के बावजूद अब तक 75 लाख से ज्यादा लोग इसके दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा, एक नवनिर्मित स्थल हमारे सामर्थ्य के परियाचक हैं। आने वाले समय में यह प्रयास पर्यटन के साथ, हमारी पहचान को भी नहीं ऊंचाई देंगे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर वोकल फोर लोकल अभियान का भी उल्लेख किया और कहा कि इसका मतलब सिर्फ दीवाली में स्थानीय दीए खरीदने भर से नहीं है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन भी उनके इस अभियान का हिस्सा है। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि विदेश घूमने जाने से पहले वह देश के कम से कम 15 से 20 पर्यटन व तीर्थ स्थलों का दौरा करें। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था में पर्यटन के योगदान की चर्चा होती है लेकिन भारत के तो हर राज्य में ऐसी ही अनंत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, आप किसी भी राज्य का नाम लीजिए। गुजरात का नाम लेंगे तो सोमनाथ, द्वारका, धोलावीरा जैसे स्थान मन में आते हैं। उत्तर प्रदेश का नाम लेंगे तो अयोध्या, मथुरा, काशी, कुशीनगर, विंध्याचल छा जाते हैं।

## इंदौर में कांग्रेस ने बैनर लगाकर उमा भारती को शराबबंदी के मुद्दे पर गायब बताया

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में कांग्रेस ने शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर बैनर टांगें जिन पर छापा गया है कि शराबबंदी की मांग को लेकर राज्य में 15 जनवरी के बाद आंदोलन की घोषणा करने वाली वरिष्ठ भाजपा नेता उमा भारती इस मुद्दे पर ‘गायब’ हो गई हैं। कांग्रेस की स्थानीय इकाई के प्रवक्ता विवेक खंडेलवाल ने बताया कि ए बैनर पार्टी द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर टांगे गए हैं। उन्होंने कहा, भारती ने बड़े जोर-शोर से घोषणा की थी कि 15 जनवरी के बाद वह खुद सड़क पर उतरेंगी और राज्य में शराबबंदी की मांग को लेकर अभियान का नेतृत्व करेंगी।

## बोम्मई ने 3,467.62 करोड़ रुपये की अग्रिम किस्त जारी करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कर हस्तांतरण के तहत 3,467.62 करोड़ रुपये की अग्रिम किस्त जारी करने के लिए शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह राशि राज्य के विकास को गति देने में मदद करेगी।

बोम्मई ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि यह किस्त ऐसे समय में जारी की गई है, जब कर्नाटक कोविड-19 की तीसरी लहर का सामना कर रहा है। बोम्मई ने ट्वीट किया, भारत सरकार ने कर हस्तांतरण के तहत कर्नाटक के लिए 3,467.62 करोड़ रुपये की अग्रिम किस्त जारी की है।

इसमें से 1,733.81 करोड़ रुपये जनवरी 2022 की नियमित किस्त, जबकि 1,733.81 करोड़ रुपये अग्रिम किस्त के हैं। इसके लिए मैं कर्नाटक की जनता की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताता हूं।

## उप्र में चुनाव बाद गठबंधन की परिस्थिति आने पर इस बारे में विचार किया जाएगा: प्रियंका गांधी

### कहा, गठबंधन की एक शर्त युवाओं और महिलाओं से जुड़े एजेंडे को लागू कराने की होगी

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद सरकार गठन के लिए विपक्षी दलों के गठबंधन की परिस्थिति पैदा होने पर उनकी पार्टी इस पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी किसी गठबंधन सरकार में कांग्रेस शामिल होगी तो उसकी एक शर्त युवाओं और महिलाओं से जुड़े अपने एजेंडे को लागू कराने की होगी।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भर्ती विधान: युवा घोषणापत्र जारी करते हुए प्रियंका ने एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। उनसे सवाल किया गया कि क्या चुनाव के बाद जरूरत पड़ने पर कांग्रेस विपक्ष के गठबंधन में शामिल होगी? इसके जवाब में कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी ने कहा, अगर ऐसी परिस्थिति आती है तो इस बारे में विचार किया जाएगा। अगर ऐसी परिस्थिति आई तो हम यह चाहेंगे कि जो हमारा एजेंडा युवाओं और महिलाएं के लिए है वो पूरा हो।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस की ओर से चेहरे के सवाल पर उन्होंने परोक्ष रूप से अपना हवाला देते हुए कहा, क्या आपको कोई चेहरा नजर आ रहा है? उन्होंने यह भी कहा कि उनके चुनाव लड़ने के बारे में फिलहाल कोई फैसला नहीं हुआ है।

### शाह ने मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के स्थापना दिवस पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा के स्थापना दिवस पर इन पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास करने तथा वहां शांति स्थापित करने को प्रतिबद्ध है।मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा आज अपना स्थापना दिवस मना रहे हैं।

21 जनवरी, 1972 को इन्हें पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ था। शाह ने ट्वीट किया, मणिपुर को जीवंत संस्कृति एवं समृद्ध विरासत का वरदान प्राप्त है। आज राज्य के स्थापाना दिवस पर, मैं मणिपुर के लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह जी के नेतृत्व में राज्य ने शांति एवं विकास का एक अभूतपूर्व युग देखा है। गृह मंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा, स्थापना दिवस पर मेघालय के भाई- बहनों को शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा जी मेघालय के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

## जेएनयू में छेड़छाड़ का मामला: विश्वविद्यालय ने जांच में पुलिस को सहयोग की बात कही

### छात्र संघ घटना के दिन से ही इस मुद्दे पर चुप रहने के लिए प्रशासन की आलोचना की

एजंसी। नई दिल्ली।



**जवाहरलाल** नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन ने शुक्रवार को कहा कि परिसर में कथित छेड़छाड़ की घटना की जांच में वह पुलिस के साथ समन्वय कर रहा है। विश्वविद्यालय ने कहा कि उसने सभी पक्षों को घटना से संबंधित जानकारी एजेंसियों के साथ साझा करने की सलाह दी है। छात्र संघ घटना के दिन से ही इस मुद्दे पर चुप रहने के लिए प्रशासन की आलोचना कर रहा है।

घटना 17 जनवरी की रात को एक पीएचडी छात्रा के साथ जेएनयू नर्सरी के पास आर्यभट्ट रोड पर घटी थी। परिसर के अंदर सड़क पर टहल रही छात्रा से एक शख्स ने छेड़छाड़ की थी।

व्यक्ति ने कथित तौर पर बलात्कार का प्रयास किया, लेकिन छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी ने उसका फोन छीन लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की है।

घटना को निंदनीय बताते हुए, जेएनयू के रजिस्ट्रार प्रोफेसर रविकेश ने एक बयान में कहा कि जांच चल रही है और सभी पक्षों से सतर्क रहने का अनुरोध किया गया है। जेएनयू ने एक बयान में कहा है, विश्वविद्यालय प्रशासन सुरक्षा शाखा के साथ जांच की प्रक्रिया में पुलिस के साथ करीबी समन्वय बनाए हुए है। इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी होने पर तुरंत ही सुरक्षा शाखा या पुलिस को सूचित करने की सलाह दी जाती है।

बयान में यह भी कहा गया है कि परिसर में किसी भी प्रकार की हिंसा के प्रति विश्वविद्यालय में कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है और परिसर में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित माहौल देने के लिए वह प्रतिबद्ध है।

## टीएमसी विधायक ने सोशल मीडिया मंच से संन्यास लिया

एजकेंसी। कोलकाता



**फेसबुक** पर नियमित लाइव होने की वजह से अपने प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय तृणमूल कांग्रेस के विधायक मदन मित्रा ने पार्टी नेतृत्व के निर्देश के बाद सोशल मीडिया के मंच से पांच महीने तक विराम लेने की घोषणा की है। इस बाबत उन्होंने फेसबुक पर यह जानकारी दी।

मित्रा ने हाल में सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी के कार्य करने की शैली को लेकर शिकायत की थी जिसके बाद उनका यह फैसला आया है। पश्चिम बंगाल के पूर्व परिवहन मंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्षा ममता बनर्जी के विश्वस्त माने जाने वाले मित्रा ने बृहस्पतिवार को फेसबुक लाइव करते हुए कहा, मैं आज से 30 जून तक के लिए अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को निष्क्रिय करने जा रहा हूं।

कमरहाटी से विधायक मित्रा ने कहा, नहीं, फेसबुक अधिकारियों से मेरे खिलाफ कोई शिकायत नहीं की गई है ...न ही मेरी लोकप्रियता कम हो रही है। मेरी टीआरपी बल्कि बढ़ रही है। लेकिन मैं इस मंच को छोड़ रहा हूं क्योंकि आलाकमान (पार्टी नेतृत्व) ने कुछ समय के लिए फेसबुक को छोड़ने को कहा है। मैं इस आदेश का अनुपालन करूंगा।

महात्मा गांधी पर टिप्पणी

## कालीचरण को पुणे की अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी। ठाण

**महाराष्ट्र** के ठाणे स्थित अदालत ने महात्मा गांधी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में आरोपी हिंदू धार्मिक नेता कालीचरण को शुक्रवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

उल्लेखनीय है कि ठाणे जिले की नौपाडा पुलिस थाने की पुलिस ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से कालीचरण को गिरफ्तार किया था, जहां की जेल में वह इसी तरह के मामले में बंद था। उसे बृहस्पतिवार की शाम को यहां ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया और शुक्रवार की सुबह अदालत के समक्ष पेश किया गया।



ठाणे के न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) एसवी मेटिल पाटिल ने कालीचरण को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उसकी पेशी के समय अदालत परिसर में पुलिसबल की भारी तैनाती की गई थी। नौपाडा पुलिस थाने ने कथित विवादित टिप्पणी को लेकर कालीचरण के खिलाफ प्राथमिकी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता और महाराष्ट्र सरकार के मंत्री जितेंद्र अवहाद की शिकायत के आधार पर दर्ज की है।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल 26 दिसंबर को रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भी उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। रायपुर पुलिस ने राष्ट्रपिता के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में कालीचरण को गिरफ्तार किया था।

# यूपी चुनाव: कांग्रेस और आजाद समाज पार्टी ने घोषणा पत्रों से लुभाए वोटर

### कांग्रेस का युवा घोषणापत्र : 20 लाख रोजगार देने और नया उत्तर प्रदेश बनाने का वादा

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को युवाओं के लिए घोषणापत्र जारी किया। जिसमें 20 लाख रोजगार देने, भर्ती प्रक्रिया को दुरूस्त करने और शिक्षा का बजट बढ़ाने समेत कई वादे किए गए हैं।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भर्ती विधान: युवा घोषणापत्र जारी करने के साथ ही यह भी कहा कि युवाओं के जोश और शक्ति के साथ नया उत्तर प्रदेश बनाना है। कांग्रेस ने इस मौके पर मेरा जॉब मुझे मिलेगा...नामक गीत भी जारी किया।

राहुल गांधी ने कहा, यह घोषणापत्र सिर्फ कांग्रेस की आवाज नहीं है। इसे बनाने के लिए उप्र के युवाओं से बात की है। उनके विचार इसमें डाले गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को एक दृष्टिकोण की जरूरत है और यह दृष्टिकोण उन्हें सिर्फ कांग्रेस पार्टी दे सकती है।



प्रियंका गांधी ने घोषणा की कि सरकार बनने पर उत्तर प्रदेश में 20 लाख रोजगार दिए जाएंगे जिनमें 40 प्रतिशत यानी आठ लाख रोजगार महिलाओं को दिए जाएंगे। उनके मुताबिक, 12 लाख नौकरियां सरकार में है, जो खाली है और इनके लिए सरकार के पास पैसा भी है। आठ लाख रोजगार युवाओं के हुनर एवं उद्यमिता पर आधारित होंगे जिनके लिए सरकार सहयोग देगी।

### एएसपी का घोषणापत्र: मुफ्त शिक्षा, कृषि ऋण माफी, मॉब लिंचिंग निरोधक कानून शामिल

**नोएडा।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें सभी के लिए मुफ्त गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा एवं शिक्षा, किसानों को मुफ्त उर्वरक एवं बीज और सभी कृषि ऋण माफ करने की घोषणा की गई है। पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने सोशल मीडिया पर घोषणापत्र साझा किया। आजाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ गोरखपुर (शहरी) सीट से अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। एएसपी (के) ने उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने पर हर तरह की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करने और गन्ना किसानों को 10 दिन के भीतर भुगतान करने का वादा किया। महंगाई को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने कहा कि यात्रियों के लिए सभी टोल फ्री किए जाएंगे। पार्टी ने कहा कि मुस्लिम वक्फ को माफिया और सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया जाएगा और इसका उपयोग समुदाय के उत्थान के लिए किया जाएगा। घोषणापत्र में कहा गया है कि वक्फ संपत्तियों पर से अतिक्रमण हटाने के बाद उन पर स्कूल और विश्वविद्यालय बनाए जाएंगे।एएसपी (के) ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक स्वतंत्र समिति के अधीन मॉब लिंचिंग निरोधी कानून पारित करने का वादा किया। दो साल से कम समय पहले प्रभाव में आए राजनीतिक संगठन ने राज्य में 80 लाख रोजगार के अवसर पैदा करने का वादा किया। घोषणापत्र के अनुसार, सभी प्रकार के कृषि ऋण माफ किए जाएंगे, सभी किसानों को उर्वरक और बीज मुफ्त दिए जाएंगे। कृषि में उपयोग होने वाले उपकरणों की खरीद पर भी 50 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी और सरकार बनने के 30 दिन के भीतर हर गांव में कृषि बाजार बनाए जाएंगे। इसमें कहा गया है कि राज्य को आवारा पशुओं से मुक्त किया जाएगा और पशुओं को एक पशु बाजार से दूसरे या उत्तर प्रदेश से दूसरे राज्य में ले जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। एएसपी (के) ने कहा, आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं और मध्याह्न भोजन के रसोइयों का वेतन बढ़ाकर 10,000 रुपये किया जाएगा और उनकी नौकरी नियमित की जाएगी।

## मप्र के सतना में कार डिवाइडर से टकराई, तीन की मौत एक घायल

**सतना मप्र।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में एक कार के एक सड़क के डिवाइडर से टकरा जाने की घटना में दो बुजुर्ग भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य घायल हो गया। कार सवार लोग बिहार से मुंबई जा रहे थे। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। सतना जिले की अमदरा पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र पाठक ने शुक्रवार को बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूर खमरिया गांव के पास बृहस्पतिवार की रात को इस हादसे में जमाल खान (68), उनके भाई रफी उल्लाह खान (62) और मुराद खान (23) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए सदाम खान (22) को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है।

# चुनाव के लिए जिले में प्रेक्षकों की तैनाती, जनता से भी मिलेंगे

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

निर्वाचन आयोग ने जिले में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए प्रेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। सभी प्रेक्षक गौतमबुद्ध नगर विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में सुबह 11 बजे से 12 बजे तक आम जनता से मिलेंगे। चुनाव के संबंध में कोई भी शिकायत या आपत्ति होने पर इनसे शिकायत की जा सकती है। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने कहा कि उनके नंबरों को भी प्रचारित किया जा रहा है।



**विधानसभा प्रेक्षक नंबर**

**नोएडा-दादरी:** लल्टिनखुमा मो. 9289766225
**जेवर:** राजेश धीमान मो. 9289766223
**पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा:** मो. 9289766224
**व्यय प्रेक्षक:** अशोक बाबू मो. 9821669537



## सहायक बूथ बनाए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर जिला प्रशासन विधानसभा चुनाव के मतदान के दौरान कोरोना को मात देने का प्रयास कर रहा है।

प्रशासन सहायक बूथ बना रहा है, ताकि मतदाताओं के बीच दो गज की दूरी को कायम रख सके। जिन पर 1250 से अधिक मतदाता होंगे, वहां पर सहायक बूथ बनाया जाएगा।

मतदाता सूची में नाम बढ़ने के कारण प्रशासन यह कदम उठा रहा है।



जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर अभी 16.23 लाख मतदाता और 1754 बूथ हैं। अभी मतदाता सूची में नाम जोड़ने का मौका है। इसके बाद संख्या करीब 17 लाख तक पहुंच जाएगी। कोरोना के कारण इस बार बूथों का विभाजन किया गया था।

पहले 1500 मतदाता प्रति बूथ पर होते थे लेकिन इस बार 1250 मतदाताओं पर एक बूथ बनाया गया है। अभी मतदाताओं की संख्या में इजाफा होगा। इस कारण कई बूथों पर 1250 की जगह 1300 से अधिक मतदाता हो जाएंगे। यहां कोविड नियमों का पालन करना मुश्किल होगा। इसके लिए प्रशासन ने सहायक बूथ बनाने का फैसला लिया है। अफसरों ने बताया कि अगर उस मतदान केंद्र पर बूथ बनाने की जगह नहीं है तो फिर 100 मीटर की दूरी पर सहायक और मुख्य बूथ बनाया जाएगा। मुख्य बूथ के आधे मतदाता सहायक पर भेज दिए जाएंगे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद अब विधानसभा चुनाव में भी मतदाताओं को मतदान से पहले ग्लब्स पहनना होगा। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। करीब 17 लाख ग्लब्स की व्यवस्था की जा रही है। इनको हर बूथ पर रखा जाएगा। ईवीएम का बटन दबाने के समय ग्लब्स पहनना होगा ताकि कोरोना संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि विधानसभा चुनाव के किसी भी बूथ पर 1250 से अधिक मतदाता नहीं होंगे, जिन बूथ पर मतदाता अधिक हो गए हैं वहां सहायक बूथ बनाए जा रहे हैं। जिससे कोविड नियमों का पालन कराया जा सके। मतदाताओं को ग्लब्स भी उपलब्ध कराए जाएंगे।



## अंतिम दिन कांग्रेस की संगीता व नीरज समेत कई ने पर्चे भरे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन शुक्रवार को नामांकन भरने के लिए मारामारी रही।

साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी संगीता त्यागी समेत सभी विधानसभाओं पर विभिन्न पार्टियों व निर्दलीयों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। साथ ही सभी ने अपनी जीत को लेकर बड़े-बड़े दावे किए।

साहिबाबाद विधानसभा से कांग्रेसी प्रत्याशी संगीता त्यागी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सबको साथ लेकर जाति धर्म से ऊपर उठकर काम करती है जबकि भाजपा जाति व धर्म का सहारा देकर ही राजनीति करती है। जनता भाजपा की राजनीति से आजिज आ चुकी है। इसलिए जनता कांग्रेस के हक में ही वोट करेगी और उन्हें सफल बनाएगी। साहिबाबाद से जन अधिकार पार्टी के भूपेंद्र नाथ, उत्तराखंड के पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सच्चिदानंद शर्मा पोखरियाल, बहुजन मुक्ति पार्टी से जितेंद्र सिद्धार्थ, भारतीय हिंदू पार्टी से ओमपाल सिंह और



निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गीतांजलि ने अपने पर्चे भरे ।

लोनी से सुभाष वादी पार्टी के जयप्रकाश ने अपना पर्चा भरा। मोदीनगर से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज कुमार प्रजापति ने अपना पर्चा दाखिल किया जबकि गाजियाबाद से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी निमित्त यादव, सेमी मिहिर सेना के विवेक पार्वती ने अपना पर्चा दाखिल किया।

# भाजपा प्रत्याशियों पर केस नहीं पर आय बढ़ी

- जिले के तीनों प्रत्याशियों ने शपथ-पत्र में की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



पंकज सिंह | धीरेंद्र सिंह | तेजपाल नागर

गौतमबुद्ध नगर की तीन विधानसभा सीटों- नोएडा, दादरी और जेवर से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा विधायकों और आगामी चुनाव में प्रत्याशियों के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। ये जानकारी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र के साथ जमा किये गये हलफनामों से मिली है।

जिला सूचना अधिकारी राकेश चौहान ने बताया कि नोएडा से भाजपा प्रत्याशी पंकज सिंह, जेवर से पार्टी के विधायक और मौजूदा प्रत्याशी धीरेंद्र सिंह तथा दादरी से उम्मीदवार तेजपाल नागर के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। सूचना के अनुसार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र और नोएडा से विधायक पंकज सिंह ने वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव के समय पर्चा दाखिल करते समय वार्षिक आय 99,666 रुपए घोषित की थी, जो अब बढ़कर 3,78,140 रुपए हो गई है।

हलफनामे के अनुसार इनके पास तब कोई अचल संपत्ति नहीं थी और आज भी नहीं है। पत्नी के नाम पिछले विधानसभा चुनाव से पहले 1.45 करोड़ रुपये की संपत्ति थी जो इस समय बढ़कर दो करोड़ 33 लाख रुपये हो गई है। शपथ-पत्र के मुताबिक 2017 में पंकज सिंह के पास 47.09 लाख रुपये की चल संपत्ति थी, जो अब 1.24 करोड़ रुपये की हो गई है। पंकज सिंह की पत्नी सुषमा सिंह अंतरराष्ट्रीय शूटर व कोच हैं। हलफनामे के अनुसार उनके पास इस समय चार शस्त्र हैं, जबकि 2017 में इनके पास तीन शस्त्र थे। हलफनामे के अनुसार पंकज सिंह के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

चौहान द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार जेवर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धीरेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को अपने नामांकन पत्र के साथ निर्वाचन आयोग को दिए शपथ-पत्र में में बताया कि उनकी वार्षिक आय करीब 6.75 लाख रुपये है और उन पर किसी तरह का कोई मुकदमा दर्ज नहीं है।

हलफनामे के अनुसार उनके पास 2,75,550 रुपये नकदी व उनकी पत्नी के पास 1,95,000 रुपए नकद हैं। उन्होंने बताया कि धीरेंद्र सिंह के पास चल संपत्ति 2,78,37,326 रुपये की व पत्नी के नाम 22,05,418 रुपये की चल संपत्ति है। सिंह की अचल संपत्ति का मूल्य 7,32,28,370 रुपये है। सिंह ने घोषणा की है कि उन पर 1,02,99,585 रुपये का कर्ज है। उनके पास एक फॉर्च्यूनर गाड़ी है। जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि दादरी से भाजपा प्रत्याशी तेजपाल नागर पर करीब 10 लाख रुपये का कर्ज है। घोषणा के अनुसार उन पर किसी तरह का कोई आपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं है। नागर के शपथ-पत्र के मुताबिक, उनकी वार्षिक आय करीब 8.3 लाख रुपए है और 50,000 रुपये की नकदी है।

नागर के पास सिर्फ एक इनोवा गाड़ी है। जेवर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी पूनम सिंह की वार्षिक आमदनी शून्य है, जबकि उनके पति की आय 2.4 लाख रुपये सालाना है। शपथ-पत्र के मुताबिक सिंह पर किसी तरह का कोई कर्ज नहीं है। दादरी विधानसभा क्षेत्र से आप उम्मीदवार संजय चेची के हलफनामे के अनुसार उन पर बिजली चोरी का एक मुकदमा दर्ज है।

## दादरी सीट पर नेफोमा अध्यक्ष अन्नू ने किया पर्चा दाखिल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में फ्लैट खरीदारों की संस्था नेफोमा के अध्यक्ष अन्नू खान उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। दादरी सीट के लिए शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया है। पर्चा भरने के बाद अन्नू खान ने कहा हमने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में समय-समय पर फ्लैट खरीदारों की समस्याओं को उठाया है। यहां के फ्लैट खरीदारों और किसानों की समस्याओं को आगे रखकर चुनाव लड़ूंगा। अन्नू खान ने कहा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में फ्लैट बायर्स और किसानों के बहुत सारे मुद्दे हैं। जिनका निराकरण अभी तक किसी ने नहीं किया है। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने इन समस्याओं को पैदा किया। भारतीय जनता पार्टी को हमने समर्थन देकर दो बार लोकसभा और पिछला विधानसभा चुनाव जिताया लेकिन भाजपा की सरकारों ने कोई राहत नहीं दी। अगर मुझे दादरी विधानसभा से लोग चुनकर विधायक बनाते हैं तो सबसे पहले फ्लैट बायर्स की समस्यओं का निराकरण होगा। अन्नू खान ने आगे कहा वह गांवों में जाकर लोगों को काम गिनाऊंगा। कोरोना के दौर में हमने लोगों की सहायता की है।



## उत्तराखंड निवासियों का भाजपा को समर्थन

**साहिबाबाद।** ज्ञान खंड वन स्थित उत्तराखंड निवासियों ने प्रेस वार्ता कर विधानसभा भाजपा प्रत्याशियों को अपना समर्थन देने का ऐलान किया है । राजेंद्र चौहान ने बताया कि उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए, और इन चुनावों में उत्तराखण्ड समाज की भूमिका, उनमें एकजुटता लाने, और समग्र उत्तराखंडी समाज को यह संदेश देने के लिये की यह चुनाव हमारे समाज और उत्तर प्रदेश के लिये बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहे है। गाजियाबाद के साथ ही साहिबाबाद विधानसभा वह क्षेत्र है जहाँ पर हम उत्तराखण्डी निर्णायक स्थिति में है। पार्षद अनिल राणा मीना भंडारी महेश नेगी रजनी जोशी चंदन गुसाई विमला रावत सुनता ध्यानी तारा जोशी हरीश कडकोटी चंद्रभूषण मावडी आदि मौजूद रहे।

## चुनाव में वापस लौटे अवतार भडाना

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की जेवर विधानसभा सीट से सपा-राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार अवतार सिंह भड़ाना ने गुरुवार को चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया था। अब वह एकबार फिरर वापस लौट आए हैं। अवतार सिंह भड़ाना अधूरे दस्तावेज पूरे करने शुक्रवार की दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा टेस्ट करवाया था। आरटी-पीसीआर रिपोर्ट में संक्रमण नेगेटिव आया है। मेरे पूर्वजों का गौरवशाली इतिहास है। मैं अपनों के लिए चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने ट्वीट करके कहा मेरे पूर्वजों का गौरवशाली इतिहास रहा है। मैं अपनों के लिए चुनाव लड़ूंगा।

## संक्षिप्त समाचार




### खालसा हेल्प सेंटर ने शुरू किया कोविड जांच सेंटर

**गाजियाबाद।** कोविड के बढ़ते मरीजों को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को खालसा हेल्प इंटरनेशनल ने मोहन नगर में निशुल्क कोविड जांच सेंटर का शुभारंभ किया गया। जहां जांच के साथ दवा व परामर्श सबकुछ आम जनता को निशुल्क उपलब्ध होगा। यह सेंटर उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस अवसर खालसा हेल्प इंटरनेशनल के संस्थापक व प्रमुख सरदार गुरूप्रीत सिंह रम्मी ने कहा कि इंदिरापुरम स्थित गुरूद्वारा श्री सिंह सभा में कोविड महामारी के शुरू होने के साथ ही हम लोगों ने सेवा देनी शुरू की थी। कोरोना की दूसरी लहर में जरूरतमंदों को व्यापक पैमाने पर ऑक्सीजन देकर जान बचाने का काम किया गया था। खालसा हेल्प इंटरनेशनल इसके साथ जांच व दवा भी निशुल्क उपलबध करा रहा है।मरीजों की बड़ी संख्या को देखते हुए नए ओपीडी का शुभारंभ किया गया गया है। यहां सभी मरीजों को मुफ्त परामर्श, मुफ्त दवाइयां, करोना वैक्सीन, आरटीपीसीआर टेस्ट और अन्य कई सुविधाओं को गाजियाबाद की जनता के लिए शुरू किया जा रहा है।

### साइबर मामले में सभी थानों में बनेंगी हेल्प डेस्क

**नोएडा।** साइबर अपराध के बढ़ते जंजाल को देखते हुए जिले के सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनेंगी। इससे पीड़ितों को थानों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और समय रहते कार्रवाई हो सकेगी। वहीं, कमिश्नरेट के साइबर सेल ने 2021 में साइबर पीड़ितों को 1.70 करोड़ रुपये वापस कराए हैं। जनपद में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हर दिन एक दर्जन से अधिक शिकायतें पुलिस को मिलती हैं और लोगों को लाखों की गाढ़ी कमाई का नुकसान होता है। जनपद में अगर किसी के साथ ठगी होती है तो उसे थानों के चक्कर काटने पड़ते हैं। इसी कारण महिला हेल्प डेस्क की तर्ज पर सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनाने की तैयारी है। इसमें प्रशिक्षित सब इंस्पेक्टर व कुछ पुलिसकर्मी शामिल होंगे। अगर कोई भी साइबर ठगी होती है हेल्पडेस्क पर शिकायत करने पर गोल्डन आवर्स यानी 24 से 48 घंटे के भीतर पैसे वापस मिलने की संभावना रहेगी। साइबर ठगी होने पर 155260 पर तुरंत फोन करें। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस हेल्पलाइन नंबर को शुरू किया है। फोन करने पर आपसे नाम, नंबर, और घटना का समय पूछा जाएगा। पीड़ित के बैंक को जानकारी भी भेजी जाएगी।

### एनटीपीसी अधिकारी के घर लूट मामले में दो गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर.70 के एम ब्लॉक में एनटीपीसी अधिकारी के घर में घुसकर पत्नी व बेटी को बंधक बनाकर लूटने के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों विकास व नवीन को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों के पास से लूट का माल बरामद कर लिया गया है। वारदात में किसी जानकार का हाथ था और रेकी कर वारदात को अंजाम दिया गया। शुक्रवार को प्रेसवार्ता में पुलिस पूरे घटनाक्रम का खुलासा करेगी। पुलिस के अनुसार चंडीगढ़ एनटीपीसी में कार्यरत कल्याण मंडल के घर में घुसकर बुधवार को बदमाशों ने दिनदहाड़े पत्नी.बेटी को बंधक बनाकर 10 लाख की जेवर व नकदी लूट ली थी। मामले के खुलासे के लिए पुलिस की आधा दर्जन टीमें बनाई गई थीं और घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की तलाश की गई तो पुलिस को अहम सुराग मिला। डीसीपी सेंट्रल नोएडा हरीश चंदर का कहना है कि घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। आरोपियों के पास से लूट का माल और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को ग्रेनो आए थे। इस बीच दोपहर में हुई वारदात से लखनऊ तक पूरे पुलिस महकमे में खलबली मच गई थी। सोशल मीडिया पर घटना की चर्चा हो रही थी और विपक्षी दलों ने घटना पर सवाल खड़े किए थे।

## एयरलाइंस में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी

**नोएडा।** साइबर क्राइम टीम ने इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया।

सेक्टर-6 से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने सेक्टर-6 में अपना कार्यालय बना रखा था। इसके आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों को सेक्टर.6 से गिरफ्तार किया। उनकी पहचान राहुल निवासी साहिबाबाद और कमल निवासी ग्राम कूडी खरखौदा मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों के फोन में मिले नंबरों के माध्यम से पीड़ितों से संपर्क कर रही है। आरोपी बेरोजगार युवाओं के पास कॉल करके उन्हें इंडिगो एयरलाइंस में नौकरी लगवाने का

# वीकेंड कर्फ्यू, ऑड-ईवन के फैसले पर पुनर्विचार करें एलजी : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने उपराज्यपाल से अनुरोध किया है कि वह दिल्ली में वीकेंड कर्फ्यू जारी रखने और बाजारों में ऑड-ईवन सिस्टम से दुकानें खोलने के फैसले पर पुनर्विचार करें। उन्होंने कहा है कि कोरोना के मामले कम होने के बाद व्यापारी वर्ग को राहत देना जरूरी है। दिल्ली सरकार के प्रस्ताव पर इस शर्त के साथ मंजूरी दी जानी चाहिए कि वह बाजारों में कोरोना नियमों का सख्ती से पालन कराएगी। बिधूड़ी ने कहा है कि बाजारों में ऑड-ईवन लागू करने के फैसले का भीड़ पर कोई खास नजर नहीं हो रहा और इससे सिर्फ व्यापारी वर्ग ही परेशान हो रहा है। इसके अलावा दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों और गरीब मजदूरों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले सरकार ने मेट्रो और बसों में भी 50 फीसदी यात्रियों को ही अनुमति देने का फैसला किया था लेकिन बाद में साबित हुआ कि इससे तो मेट्रो स्टेशनों और बस स्टाप्स पर भीड़ बढ़ रही है। अब



यही हाल मार्केट में भी हो रहा है। एक दुकान बंद होने से दूसरी दुकान पर भीड़ उमड़ रही है। इसके अलावा कोरोना के मामले लगातार कम होने के बाद अब वीकेंड कर्फ्यू का भी कोई अर्थ नहीं रह गया।

## एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** मार्किट ट्रेडर्स एसोसिएशनों (एमटीए) की दिक्कतों को देखते हुए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने माननीय लेफ्टिनेंट गवर्नर - दिल्ली को मार्किटो के लिए लागू गैर-आवश्यक दुकानों के सम-विषम नियम खोलने पर समीक्षा हेतु अनुरोध पत्र लिखा। उपाध्याय को दिल्ली और नई दिल्ली क्षेत्र के मार्किट ट्रेडर्स एसोसिएशन (एमटीए) के अध्यक्षों और सचिवों द्वारा एक संक्षिप्त प्रतिनिधित्व देते हुए उन्होंने कहा कि इस महामारी में हमें ऑड-ईवन फॉर्मूले के कारण राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। महीने में केवल 8-10 कार्यदिवस होते हैं क्योंकि शनिवार, रविवार को सप्ताहांत में कर्फ्यू होता है और बाजार में पहले से नियमानुसार एक साप्ताहिक अवकाश भी होता है,। वर्तमान परिदृश्य में हमारे लिए दुकान का किराया, श्रमिकों के वेतन और अन्य खर्चों का प्रबंधन करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने सभी सप्ताह दिनों में दुकानें खोलने की अनुमति देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा की समय शाम 8 बजे के बजाय शाम 6 बजे तक किया जा सकता है लेकिन दुकानें सभी दिनों में खुलनी अति आवश्यक है। सम-विषम नियम की समीक्षा की जानी चाहिए या फिर इसे वापस लिया जाना चाहिए। एलजी-दिल्ली से अनुरोध किया कि कृपया उनके जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए ऑड-ईवन के नियम की समीक्षा करें। उन्होंने अपने पत्र में आगे उल्लेख किया कि मेट्रो और बसें भी पूरी क्षमता से चल रही हैं।

## भारी वाहनों का दिल्ली प्रवेश करने पर रोक

नोएडा। दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड के लिए रविवार को पूर्वाभ्यास होगा, जिसके मद्देनजर शनिवार रात 10 बजे से लेकर रविवार दोपहर एक बजे तक भारी वाहनों के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा से राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने पर रोक रहेगी। गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने शुक्रवार को जारी परामर्श में यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (यातायात) गणेश पी शाहा ने बताया कि दिल्ली में राजपथ पर परेड के पूर्वाभ्यास के मद्देनजर यातायात मार्ग में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की तरफ से जारी परामर्श के तहत शनिवार रात 10 बजे से रविवार दोपहर एक बजे तक दिल्ली में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा, इसी तरह 25 जनवरी की रात 10 बजे से 26 जनवरी को दोपहर एक बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश राष्ट्रीय राजधानी में वर्जित रहेगा। उन्होंने बताया कि हल्के वाहन पूर्व की

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 : पूर्वी निगम ने होटलों और रेस्टोरेंट को दी रैंकिंग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के होटलों और रेस्टोरेंट्स को स्वच्छता के निर्धारित मानकों के आधार पर रैंकिंग दी है।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत शाहदरा उत्तरी एवं शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र में सर्वे कराया गया जिसमें होटलों एवं रेस्टोरेंट्स में खानपान क्षेत्र, शौचालय सुविधा, कूड़ा पृथकीकरण, कूड़ा प्रसंस्करण, अतिक्रमण मुक्त परिसर आदि की स्थिति का का विश्लेषण किया गया। इसके अंतर्गत प्रत्येक जोन में एक टीम का गठन किया गया जिसमें स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तय मानकों के के आधार पर होटलों का मूल्यांकन किया गया। सर्वे में शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र में पांच सितारा होटल की श्रेणी में लीला एंबिएंस के कैफे नोश को, 3 सितारा होटल की श्रेणी में पार्क इन, बड़ी श्रेणी के रेस्त्रां में हल्दीराम, यूनिटी वन मॉल व छोटी श्रेणी के रेस्त्रां में बर्गर किंग को प्रथम स्थान मिला। शाहदरा उत्तरी क्षेत्र में अलग-अलग श्रेणियों में न्यू छप्पन भोग, सोम ढाबा और अपना भोजनालय को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

## भाजपा कार्यालाय पर आप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** एमसीडी के स्कूल की ज़मीन पर कब्जा करने व व्यक्तिगत इस्तेमाल करने के विरोध में आम आदमी नेता व कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। आप ने एमसीडी जमीन पर कब्जे का आरोप भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता पर लगाया है। आम आदमी पार्टी के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मुद्दे पर आदेश गुप्ता के खिलाफ नोटिस जारी किया था, लेकिन आदेश गुप्ता ने अभी तक अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है।

# बच्चों के बदले व्यवहार के अनुरूप होगा हेप्पीनेस करिकुलम


पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- महामारी के दौरान आए किस तरह के बदलाव, जानने को सर्वे कराएगी सरकार

कोविड-19 महामारी के दौरान स्कूलों के बंद होने से बच्चों की पढ़ाई का नुकसान हुआ है। साथ ही वे मानसिक व भावनात्मक रूप से भी प्रभावित हुए है।

इन दो सालों में बच्चों की दुनिया केवल अपने घरों के कमरे तक सिमट कर रह गई है। लम्बे समय तक स्कूलों से दूर रहने के कारण बच्चों में मानसिक तनाव और डर की स्थिति पैदा हो रही है। इस स्थिति को समझने और कोरोना के कारण छात्र-छात्राओं पर हुए प्रभाव की जाँच करने के साथ-साथ उसे दूर करने के लिए दिल्ली सरकार बड़े स्तर पर सर्वे व स्टडी कराएगी। इस सर्वे के आधार पर बहुचर्चित हैप्पीनेस करिकुलम को विशेषज्ञों की मदद से अपडेट किया जाएगा ताकि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के मेंटल-इमोशनल वेल-बीईंग का ध्यान रखा जा सके।

इस बाबत उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मनीष सिसोदिया ने कहा कि कोरोना महामारी



के कारण पिछले 2 साल काफी मुश्किल भरे रहे है। स्कूली बच्चों के लिए तो ये समय काफी तनावपूर्ण रहा है। स्कूलों के बंद होने के कारण बच्चों की पूरी दुनिया घर तक ही सिमट कर रह गई है। बच्चों को दोबारा सामान्य स्थिति में लाने के लिए उनकी मनोदशा को समझना बेहद जरुरी है। इसे देखते हुए सरकार ने बड़े स्तर पर एक स्टडी करने का निर्णय लिया है ताकि ये समझा जा सके कि पिछले 2 साल में बच्चों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति में किस प्रकार के बदलाव आए है और उनके शारीरिक व मानसिक विकास में लिए क्या कदम उठाए जा सकते है। सिसोदिया के मुताबिक हैप्पीनेस करिकुलम ने स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के मेंटल-इमोशनल वेल-बींग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस रिसर्च के आधार पर हम एक्सपर्ट्स की मदद से हैप्पीनेस करिकुलम में कुछ बदलाव कर नई एक्टिविटीज और कहानियों को जोड़कर उसे अपडेट करने का काम करेंगे ताकि महामारी की मुश्किल स्थिति में भी बच्चे तनाव, डर आदि पर काबू कर पाना सीख सकें।

## टीईटी परीक्षा में अफवाह फैलाने वालों पर जिला प्रशासन सख्त

**हापुड़।** जनपद के निर्धारित 14 केंद्रों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन 23 जनवरी को दो पालियों में आयोजित होगी। प्राथमिक स्तर की परीक्षा सुबह दस बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 से 05:00 बजे तक आयोजित होगी। निरीक्षक निशा अस्थाना ने बताया कि टीईटी परीक्षा 2021 के लिए परीक्षा नियामक प्राधिकारी उप्र प्रयागराज द्वारा जनपद में प्रथम पाली हेतु 14 परीक्षा केंद्र व द्वितीय पाली हेतु 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए।

**मंजेश नायक** स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए हरित ऊर्जा की ओर कदम बढ़ाने के संबंध में बात कर रहे हैं।



# सौर ऊर्जा का महत्व



इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन में वर्तमान प्रगति को सामने रखा है। ग्रह पर मानवीय गतिविधियों के प्रभाव ने भूमि, महासागर और वातावरण को और गर्म कर दिया है। यह आगे कहता है कि वातावरण में सीओ2 का स्तर दो मिलियन वर्षों में अपने उच्चतम स्तर पर है, समुद्र के स्तर में वृद्धि 3,000 वर्षों में सबसे तेज है, और आर्कटिक समुद्री बर्फ कम से कम 1,000 वर्षों में सबसे कम है। ग्रीनहाउस गैसों (जीएचजी) के उत्सर्जन को कम करने के लिए की गई पहल काफी महत्वाकांक्षी हैं और इससे ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस या यहां तक ??कि 2 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने में मदद मिलेगी। हाल ही में संपन्न (पार्टियों का सम्मेलन) सीओपी 26 का लक्ष्य 2030 तक जीएचजी उत्सर्जन को 50 प्रतिशत तक कम करना और 2070 तक शुद्ध-शून्य तक पहुंचना है। भारत ने अक्षय ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक बढ़ाना शुरू कर दिया है, जो 2030 तक कुल ऊर्जा खपत का आधा हिस्सा होगा।

## नवीनीकरण का योगदान

अक्षय ऊर्जा का मुख्य उद्देश्य आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाना, ऊर्जा की पहुंच बढ़ाना और जलवायु परिवर्तन को कम करना है। स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग और सस्ती और विश्वसनीय ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करके सतत विकास संभव है। मजबूत सरकारी समर्थन और आर्थिक स्थिति में सुधार के कारण भारत दुनिया के सबसे आकर्षक अक्षय ऊर्जा बाजारों के रूप में उभरा है।

सतत विकास हासिल करने और विनाशकारी जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए, सरकार अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी में तेजी से बदलाव कर रही है। ग्राहक सौर, पवन, बायोमास, अपशिष्ट और जल विद्युत ऊर्जा की ओर रुख कर रहे हैं। यह तेजी से स्पष्ट हो रहा है कि स्वच्छ ऊर्जा भी सस्ती है। भारत ने 2020 तक 175 गीगावाट अक्षय ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य रखा था। लक्ष्य को सौर से 100 गीगावाट, पवन से 60 गीगावाट, जैव-शक्ति से 10 गीगावाट और लघु जल विद्युत से 5 गीगावाट में वितरित किया गया है। निवेशकों ने 270 गीगावाट से अधिक की कुल क्षमता बनाने की योजना बनाई है, अर्थात निजी निगमों द्वारा 191 गीगावाट, विदेशी कंपनियों द्वारा 58 गीगावाट, निजी क्षेत्रों द्वारा 18 गीगावाट ने 18 गीगावाट का योगदान दिया, और भारतीय रेलवे ने 5 गीगावाट का योगदान दिया। हाल की भविष्यवाणियों के अनुसार, 2047 तक सौर और पवन क्षमता 750 गीगावाट और 410 गीगावाट से अधिक हो जाएगी।

## इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में विकास

2019 में पहली बार, बैटरी इलेक्ट्रिक कारों और प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों की संचयी वार्षिक बिक्री वैश्विक स्तर पर दो मिलियन के आंकड़े को पार कर गई। इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है, जिसमें वाहन निर्माता नए विद्युतीकृत वाहनों की पेशकश के लिए आरएंडडी से लेकर प्लांट रिडिजाइन तक हर चीज में अरबों का निवेश करते हैं। पारंपरिक मूल उपकरण निर्माता (ओईएम), नए प्रवेश करने वाले ओईएम, कैप्टिव फाइनेंसिंग संस्थान और डीलरशिप सभी को पर्याप्त संभावनाओं और समस्याओं का सामना करना पड़ेगा क्योंकि 2030 तक आने वाले वर्षों में ईवी लोकप्रियता में विस्तार करते हैं। ईवी में दो अलग-अलग लक्षण होते हैं जो उन्हें भविष्य के लिए आदर्श बनाते हैं। वाहन प्रौद्योगिकी। उन्हें कम या गैर-सीओ2-उत्सर्जक स्रोतों से बिजली से चार्ज किया जा सकता है, जिससे जैव ईंधन पर चलने वाले वाहनों की तुलना में और अधिक डीकार्बोनाइजेशन की अनुमति मिलती है। दूसरा, इलेक्ट्रिक इंजन आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) या अन्य सुझाई गई तकनीकों जैसे संपीड़ित हवा वाले वाहनों की तुलना में कहीं अधिक कुशल हैं। एक अन्य क्षेत्र जहां प्रगति की उम्मीद है, वह है ऊर्जा भंडारण। बैटरियों के पास जीवाश्म ईंधन से खुद को छुड़ाने की कुंजी है और भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पिछले एक दशक में लिथियम-आयन बैटरी में काफी अनुसंधान एवं विकास और उत्पादन वृद्धि के कारण, लागत में 80 से 85 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## अक्षय ऊर्जा में संक्रमण

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, भारत की कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता, प्रमुख जल विद्युत को छोड़कर, 100 गीगावाट को पार कर गई है, जो कुल क्षमता का लगभग 26 प्रतिशत है। अक्षय ऊर्जा स्रोत वर्तमान में 150 गीगावाट यानी भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 40 प्रतिशत है।

जलवायु अनिवार्यता और भारत सरकार के अभियान से परे, हरित ऊर्जा की बढ़ती अपील को चलाने का एक और कारण है। जबकि अधिकांश नीति निर्माताओं ने एक दशक पहले गैर-जीवाश्म-आधारित बिजली उत्पादन में परिवर्तन के महत्व को पहचाना था, लेकिन बड़े पैमाने पर सौर या पवन ऊर्जा परियोजनाएं सब्सिडी के बिना आर्थिक रूप से अव्यावहारिक थीं।

नवीकरणीय प्रौद्योगिकी में बड़े पैमाने पर वैश्विक निवेश, जैसे सौर में पीवी मॉड्यूल दक्षता में सुधार; संयंत्र लागत के संतुलन को कम करना; और पवन टरबाइन प्रौद्योगिकी में सुधार के परिणामस्वरूप लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। पवन ऊर्जा की लागत में जहां 30-40 फीसदी की कमी आई है, वहीं कंसंट्रेटिंग सोलर पावर (सीएसपी) की लागत में 47 फीसदी की कमी आई है। सौर फोटोवोल्टिक (एसपीवी) बिजली की लागत में 82 प्रतिशत की सबसे बड़ी महत्वपूर्ण कमी आई है। अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, नई अक्षय ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं वर्तमान में कई मौजूदा कोयला सुविधाओं को बनाए रखने की तुलना में कम खर्चीली हैं।

## सरकार द्वारा पहल

ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, एमएनआरई ने 2030 तक 500 गीगावॉट स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। सरकार निजी क्षेत्र के डेवलपर्स को आगे बढ़ाने सहित देश के नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है। अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं में उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के लिए। देश में अधिकांश अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं बोली प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए निजी क्षेत्र के डेवलपर्स द्वारा हैं।

सरकार ने वितरण लाइसेंसधारियों को लागत प्रभावी तरीके से प्रतिस्पर्धी कीमतों पर बिजली प्राप्त करने में मदद करने के लिए मानक बोली मानदंड जारी किए हैं। यह 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को अधिकृत करके डेवलपर्स की सहायता भी कर रहा है। इसके अलावा, 175 गीगावाट लक्ष्य को पूरा करने के लिए, दिसंबर तक चालू होने वाली नवीकरणीय परियोजनाओं के लिए अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्क और सौर और पवन ऊर्जा की अंतर-राज्यीय बिक्री के नुकसान को भी माफ कर दिया गया है। अक्षय खरीद दायित्व (आरपीओ) के लिए मानदंड निर्धारित किए गए हैं।

हरित ऊर्जा गलियारों के विकास से उपयोगिता-पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के ग्रिड एकीकरण को सहायता मिलेगी। सरकार ने भारत में अक्षय ऊर्जा के बेहतर भविष्य के लिए पीएमकुसुम, सोलर रूफटॉप फेज 2, 12,000 मेगावाट सेंट्रल पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग स्कीम फेज 2 लॉन्च किया है।

बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों से ऊर्जा की मांग बढ़ने वाली है। नए बिजली संयंत्रों की स्थापना अनिवार्य रूप से अत्यधिक अस्थिर जीवाश्म ईंधन के आयात पर निर्भर है। इस प्रकार, बायोमास, सौर, जल विद्युत और पवन ऊर्जा जैसे प्रचुर मात्रा में नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के माध्यम से ऊर्जा की मांग को पूरा करना आवश्यक है। ऊर्जा आपूर्ति पर बहस के अलावा, अक्षय संसाधन भारत को जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद करेंगे। अक्षय ऊर्जा से रोजगार के कई अवसर पैदा हो सकते हैं। भारत में हरित ऊर्जा क्रांति की शुरुआत के लिए विदेशी निवेश आकर्षित करना संभव है।

**(लेखक एक सौर ऊर्जा कंपनी ऊरजन क्लीनटेक के निदेशक और सीएफओ हैं)**



# 'स्व' का परावर्तन

**राजयोगी ब्रह्माकुमार निकुंज जी** कहते हैं, एक ईमानदार व्यक्ति को उस असीम आशा के साथ खुद को सशक्त बनाना चाहिए जो आने वाले समय में बेहतर होगा।

फूलों की महक हवा की दिशा में ही फैलती है। लेकिन एक व्यक्ति की अच्छाई हर जगह फैलती है, आचार्य चाणक्य ने कहा। यदि हम इस उद्धरण पर विचार करें तो हम महसूस कर सकते हैं कि वह सही थे क्योंकि दयालुता, उदारता, शक्ति और अखंडता के हमारे कार्य कभी विफल नहीं होते। आज की दुनिया में, हम में से कई लोगों को अपने और दूसरों में अच्छाई देखना मुश्किल लगता है। हम अपने दोषों को उजागर करते हुए अपनी कमजोरियों के बारे में बात करना पसंद करते हैं न कि अपनी ताकत के बारे में। शायद इसका संबंध हमारे बचपन से है जब हमारे माता-पिता या रिश्तेदारों ने हमसे कहा था कि हम अपनी खुद की तुरही न बजाएं। या हो सकता है, हमने दूसरों को देखकर और सुनकर अपनी असफलताओं को आसानी से पहचानना सीख लिया और इस तरह दूसरों की कमजोरियों को ही देखने की आदत डाल ली। या हो सकता है कि हम किसी ऐसे व्यक्ति के साथ बड़े हुए हों जिसका जीवन के प्रति दृष्टिकोण नकारात्मक था। एक प्रश्न जो मन में आता है - कौन सा समझदार व्यक्ति सकारात्मकता को नज़रअंदाज़ करना और नकारात्मकता पर जोर देना पसंद करेगा? क्या हममें से कोई जानबूझकर एक नकारात्मक व्यक्ति बनना चाहेगा? ज़रूरी नहीं।

हममें से ज्यादातर लोग जो शायद ही कभी पहचानते हैं, वह एक सरल सिद्धांत है कि जो आप दूसरों में देखते हैं वह वही है जो आप अपने भीतर बनाते हैं। जैसा कि पुरानी कहावत है 'आप जो पाते हैं वही आपको मिलता है।' इसलिए, यदि आपके पास यह प्रवृत्ति नहीं है कि आप दूसरों में देखते हैं कि आपके व्यक्तित्व में क्या है, तो आप इसे 'दूसरे' में नहीं पाएंगे।

इसलिए यह आवश्यक है कि हम अच्छाई खोजें - चाहे वह अपने भीतर कितना ही छोटा क्यों न हो - उसकी ओर प्रवृत्त हों, उसका पोषण करें और उसका पोषण उसी तरह करें जैसे हम पौधों के लिए करते हैं। याद रखें, जब हम अपने भीतर सकारात्मक पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो हम इसे एक जीवन देते हैं, बढ़ने की अनुमति देते हैं और हमारे स्वभाव में बहाल हो जाते हैं। हम में से अधिकांश को यह एहसास नहीं है कि अच्छाई हमेशा से रही है, लेकिन यह केवल हमारी दृष्टि और जागरूकता से बाहर थी। यह विचार कि 'जहां आपका ध्यान जाता है, ऊर्जा प्रवाहित होती है और जहां आपकी ऊर्जा प्रवाहित होती है, वहां चीजें बढ़ती हैं' अब कुछ हद तक क्लिच है। लेकिन सिद्धांत सभी स्तरों पर कायम है। इसलिए, दूसरों में सकारात्मक, अच्छाई, गुण देखने के लिए आप उनमें जो देखते हैं उसे सशक्त बनाना है। यह आपके जीवन की थोड़ी सी ऊर्जा उनके जीवन में जोड़ता है।

महात्मा गांधी ने कहा था, ''खुद वो बदलाव बनिए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।'' इसलिए, यदि आप चाहते हैं कि दूसरे अच्छे, बेहतर और महान बनें, तो स्वयं अच्छे, बेहतर और महान बनें। लेकिन आज हम जो देख रहे हैं वह दुखद है। दुनिया उन लोगों के लिए अधिक अनुकूल है जो जोड़-तोड़ करते हैं और कड़ी मेहनत करने वालों की तुलना में पुरस्कारों का पीछा करते हैं। ऐसे में बहुत से लोग निराश हो जाते हैं और सवाल पूछने लगते हैं- बुरी दुनिया में अच्छा होने का क्या मतलब है? हम में से कई लोग यह मानने लगे हैं कि अच्छाई खो जाती है या अनदेखी रह जाती है।

इतिहास ऐसे अनगिनत उदाहरणों से भरा पड़ा है जब शक्तिशाली विजेताओं ने लूटपाट की और एक गरिमापूर्ण जीवन में जनता को फंसाया, जब बुराई सर्वव्यापी लगती थी। और फिर भी, इन जनता से जागृत लोगों का एक छोटा साहसी समूह उभरा, जिन्होंने अन्याय के खिलाफ क्रांति का नेतृत्व किया और अंत में उत्पीड़कों पर पलटवार किया। लेकिन निश्चित रूप से, अच्छाई के सभी कार्य एक क्रांति की श्रेणी में नहीं आते, क्योंकि वे हमेशा परिवर्तन की हवा नहीं बनाते हैं। फिर भी, वे गर्म रेगिस्तान में ठंडी हवा या सूखी भूमि पर एक बूंदा बांदी की तरह काम करते हैं। हम सभी ने एक अनुभव किया है जहां हमने हर चीज और अपने आस-पास के सभी लोगों में आशा खो दी थी। और फिर किसी के द्वारा किए गए दयालुता के कार्य ने कहीं न कहीं आशा की एक किरण प्रज्वलित की। इसलिए, हमें यह समझने की आवश्यकता है कि कोई भी अच्छाई व्यर्थ नहीं जाती है। यह कभी-कभी अनसुना हो सकता है और नकारात्मक शक्तियों द्वारा उस पर काबू पाया जा सकता है लेकिन निश्चित रूप से कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है।



हम सभी उस नन्ही चिड़िया की कहानी जानते हैं जिसने अपनी चोंच को एक तालाब के पानी से भर दिया और आग की लपटों वाली लकड़ियों की ओर चल पड़ी। जब वह उस पर थी, एक दर्शक ने छोटे जीव से पूछा कि उसके प्रयासों का क्या मतलब है, क्योंकि छोटी बूंदें विशाल लपटों को बुझा नहीं पाएंगी। उसने चुटकी लेते हुए कहा, ''जब मैं मर जाऊंगी, और मेरे जीवन का रिकॉर्ड पढ़ा जा रहा है, तो मेरा नाम उन लोगों की सूची में आएगा जिन्होंने आग बुझाने की कोशिश की, न कि उन लोगों ने जिन्होंने इसे जलाया या इसके बारे में कुछ नहीं किया।''

हमें यह याद रखना चाहिए कि कारण और प्रभाव का एक नियम है जो ब्रह्मांड में हर क्रिया का मार्गदर्शन करता है। और जो मनुष्य किसी से करता है, वह अपके साथ करता है। इसलिए, जबकि एक नकारात्मक कार्य किसी व्यक्ति पर कर्ज का ढेर लगा देता है, एक सकारात्मक कार्य एक अच्छे भविष्य के लिए एक निवेश है। और जब तक किसी को इस कानून की पवित्रता में अटूट विश्वास नहीं होगा, तब तक उसे मौजूदा शत्रुतापूर्ण वातावरण के आगे घुटने टेकने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

यदि अच्छाई मुश्किल समय में भी जीवित रह सकती है, तो अनुकूल परिस्थितियों के आने पर यह पूरी तरह से खिलना सुनिश्चित हो सकता है। इसलिए, एक ईमानदार व्यक्ति को परीक्षा के समय में साहस और धैर्य के साथ अपने गुण को बनाए रखना चाहिए। उसे अपने आप को इस असीम आशा के साथ सशक्त बनाना चाहिए कि जैसे रात के बाद दिन आता है, वैसे ही बेहतर समय अनिवार्य रूप से आएगा। इसलिए, नया दिन आने तक विश्वास बनाए रखें।

# अमेजन ने लॉर्ड ऑफ द रिंग्स सीरीज का शीर्षक जारी किया




**लॉस एंजिलिस।** अमेजन प्राइम वीडियो की बहुप्रतीक्षित द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स सीरीज का आधिकारिक शीर्षक द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स : द रिंग्स ऑफ पावर होगा। मशहूर वेब सीरीज प्लेटफॉर्म ने बुधवार को यह घोषणा की।


मध्यकालीन पृथ्वी के द्वितीय युग को लेकर जेआरआर टोलकीन की कल्पनाओं पर आधारित यह ड्रामा सीरीज दो सितंबर से देखी जा सकेगी। इसके नए एपिसोड हर हफ्ते रिलीज किए जाएंगे। अमेजन ने कंपनी के सभी सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो प्रसारित कर बुधवार को द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स सीरीज के शीर्षक का खुलासा किया। द वैरायटी के मुताबिक यह सीरीज जेडी पायने और पैट्रिक मैकके के निर्देशन में बनी है। पेन और मैकके ने दावा किया कि द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स : द रिंग्स ऑफ पावर शीर्षक टोलकीन की किताब में की गई कल्पनाओं को पूरी तरह से चरितार्थ करता है।

उन्होंने बताया कि द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स : द रिंग्स ऑफ पावर सीरीज मध्यकालीन पृथ्वी के द्वितीय युग की सभी कहानियों को आपस में पिरोती है। इनमें छल्लों के निर्माण से लेकर अंधेरे के देवता सौरोन का उद्भव, न्यूमेनॉर की ऐतिहासिक गाथा और एल्व्स व उसके साथियों के बीच की साझेदारी शामिल है। पेन और मैकके ने कहा, अभी तक दर्शकों ने स्क्रीन पर सिर्फ एक छल्ले की कहानी देखी है, लेकिन हकीकत में इससे पहले कई और छल्ले थे। हम नई वेब सीरीज में इन सभी छल्लों की कहानी बयां करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स : द रिंग्स ऑफ पावर में सींथिया अद्वाई-रॉबिंसन, रॉबर्ट अरामायो, ओवेन आर्थर, मैक्सिम बाल्ड्री, नाजनीन बोनियादी, मॉर्फिड क्लार्क, इस्माइल क्रूज कोर्डोवा, चार्ल्स एडवर्ड, ट्रस्टिन ग्रेवेल और सर लेनी हेनरी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे।

# भारत में अपनी उपस्थिति को बढ़ावा देने के लिए पोकेमॉन कंपनी करती है बहुभाषी कंटेंट पर भरोसा

- यूट्यूब पर पोकेमॉन एशिया हिंदी चैनल के लॉन्च होने के बाद 8,00,000+ सब्स्क्राइबर रेजिस्टर हुए हैं।
- हाल ही में यूट्यूब पर पोकेमॉन जर्नीज़ ऐनिमे सीरीज़ हिन्दी में लॉन्च हुई है, जिसे दर्शकों से भारी प्रतिक्रिया मिल रही है
- अपने सब्स्क्राइबर बढ़ाने के लिए, तमिल, तेलुगू और पहली बार बंगाली भाषा में चैनल लॉन्च किए जाएंगे।



द पोकेमॉन कंपनी ने अपने यूट्यूब के दर्शक और सब्स्क्राइबर की संख्या बढ़ाने के लिए भारत-केंद्रित कंटेंट स्ट्रैटजी की घोषणा की है। अपने हिन्दी यूट्यूब चैनल की बड़ी सफलता के बाद, कंपनी अपनी नई पोकेमॉन ऐनिमे सीरीज़ पोकेमॉन जर्नीज़, तेलुगू, तमिल और बंगाली इन तीन भाषाओं में भी लॉन्च करने वाली है। 8,00,000+ सब्स्क्राइबर के साथ द पोकेमॉन एशिया ऑफिशियल (हिन्दी) के यूट्यूब चैनल पर 29 अक्टूबर 2021 से पोकेमॉन जर्नीज़ की सीरीज़ प्रदर्शित हो रही है। कंपनी के हिन्दी कंटेंट चैनल को 3 दिन में 1,00,000 से ज़्यादा सब्सक्राइबर प्राप्त हुए हैं - जिससे इसकी लोकप्रियता दिखाई देती है।

द पोकेमॉन कंपनी के बहुभाषी इंडिया स्ट्रैटजी के बारे में, सुसुमु फुकुनागा, एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, द पोकेमॉन कंपनी, कहते हैं, ''मैंने देखा है कि अक्टूबर 2021 से पोकेमॉन एशिया ऑफिशियल (हिन्दी) चैनल पर दिखाई देने वाले हमारे पोकेमॉन ऐनिमे के हिन्दी में डब किए गए एपिसोड बहुत सारे लोगों ने देखे हैं। मुझे इस बात की भी बहुत ख़ुशी है कि भारत में और कई लोग पोकेमॉन ऐनिमे का आनंद ले सकेंगे क्योंकि पहली बार हम तमिल, तेलुगू और बंगाली में डब किए गए एपिसोड प्रदर्शित करने वाले हैं। पोकेमॉन जर्नीज़ में कांतो से लेकर गलार तक सभी रीजन दर्शाए गए हैं। सितंबर 2021 में भारत में ऑफ़िशियल लॉन्च किए गए पोकेमॉन यूनाइट और 2021 में अपनी 5 वीं सालगिरह मनाते हुए दर्शकों का उत्साह बढ़ाने वाले पोकेमॉन गो में दिखाई दिए गए अलग-अलग पोकेमोन भी इस सीरीज़ में फिर दिखाई देंगे। अब इस सीरीज़ के रिलिज़ के साथ, भारत में अधिकाधिक इवॉल्व (विकसित) होने वाली पोकेमोन की दुनिया का आनंद लेते रहें।''

पोकेमॉन जर्नीज़ के सीरीज़ में, मशहूर ऐश के अलावा, दूसरे मुख्य पात्र के रूप में दिखाई देगा गोह, जो एक 10 साल का लड़का है, जिसका सपना है हर तरह के पोकेमॉन को पकड़ना (और मिथिकल पोकेमॉन म्यू को भी)। एक इत्तेफ़ाक से गोह की मुलाकात होती है स्कोरबनी नामक पोकेमॉन से। और ऐसे शुरू होता है ऐश और पिकाचू के साथ गोह और उसके पार्टनर स्कोरबनी का यह अनोखा सफर।

हर हफ़्ते शुक्रवार को शाम 7 बजे द पोकेमॉन कंपनी के द्वारा हर भाषा में एक नया एपिसोड रिलिज़ किया जाएगा। पोकेमॉन जर्नीज़ के तमिल, तेलुगू और बंगाली में डब किए गए एपिसोड सिर्फ ऑफ़िशियल यूट्यूबचैनल पर देखे जा सकते हैं।

## अंडर-19 विश्व कप : युगांडा के खिलाफ मैच से पहले

# भारत के सामने खिलाड़ियों की उपलब्धता बनी चुनौती

**एजेंसी।** टारूबा (त्रिनिदाद)

**कई** खिलाड़ियों के कोविड-19 के परीक्षण में पॉजिटिव पाए जाने के कारण भारत के सामने कमजोर युगांडा के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप बी में शनिवार को होने वाले लीग मैच में सबसे बड़ी चुनौती सभी खिलाड़ियों की उपलब्धता होगी।

भारतीय टीम पहले ही क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर चुका है लेकिन वह बड़ी जीत के साथ अपना विजय अभियान जारी रखकर अगले दौर में कदम रखना चाहेगा। आयरलैंड के खिलाफ पिछले मैच से पहले भारत के 17 खिलाड़ियों में से छह को संक्रमण के कारण उन्हें अलग थलग होना पड़ा। भारत बमुश्किल 11 खिलाड़ियों को मैदान पर उतार पाया लेकिन तब भी उसने 174 रन से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

कप्तान यश धुल और उप कप्तान शेख राशिद उन छह खिलाड़ियों में शामिल हैं जिनका परीक्षण पॉजिटिव आया है तथा भारत निश्चित तौर पर चाहेगा कि इन सभी खिलाड़ियों की नॉकआउट चरण से पहले वापसी हो जाए। यह शुक्रवार की देर शाम को ही पता चल पाएगा कि युगांडा के खिलाफ कौन से खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे। तब धुल और राशिद सहित पांच खिलाड़ियों की आरटी-पीसीआर रिपोर्ट आएगी।

सिद्धार्थ यादव एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी आरटी-पीसीआर रिपोर्ट पॉजीटिव आई है जबकि धुल, राशिद और आराध्या यादव का रैपिड एंटीजन परीक्षण पॉजिटिव आया था। आलराउंडर मानव प्रकाश और वासु वत्स का परीक्षण नेगेटिव आया था लेकिन उनमें संक्रमण के लक्षण थे और इसलिए उन्हें अलग थलग कर दिया गया था। युगांडा के खिलाफ मैच औपचारिक होने के बावजूद भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि खिलाड़ी कोविड के कारण मानसिक तनाव में होंगे और जो खिलाड़ी पिछले मैच में चूक गए थे वे नॉकआउट से पहले मैच अभ्यास जरूर चाहेंगे।



### अंतिम एकादश के लिए रहेगी कशमकश

**यदि** टेस्ट रिपोर्ट का इंतजार कर रहे पांच खिलाड़ी फिर से अनुपलब्ध हो जाते हैं, तो टीम प्रबंधन को उसी अंतिम एकादश को मैदान में उतारना पड़ेगा जिसने आयरलैंड को हराया था। अब तक सलामी बल्लेबाज हरनूर सिंह और अंगकृष रघुवंशी ने शानदार फॉर्म दिखाई है और उनसे टीम को फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों को बेहतर गति से रन बनाने की आवश्यकता है। धुल की गैरमौजूदगी में टीम की अगुवाई करने वाले निशांत सिंधू भी अच्छी लय में दिख रहे हैं। टीम के पास निचले मध्यक्रम में राजवर्धन हेंगारगेकर के रूप में अच्छा आक्रामक बल्लेबाज है। युगांडा ने अब तक एक भी मैच नहीं जीता है। उसने पहला मैच आयरलैंड से 39 रन से गंवाया जबकि दक्षिण अफ्रीका ने उसे 121 रन से करारी शिकस्त दी थी।

### युगांडा ने अभी तक एक भी मैच नहीं जीता

**टीमें इस प्रकार हैं :**

**भारत :** यश धुल (कप्तान), शेख राशिद (उप कप्तान), आराध्या यादव, दिनेश बाना, राज बावा, अनीश्वर गौतम, राजवर्धन हेंगारगेकर, हरनूर सिंह, मानव पारख, विक्की ओस्तवाल, अंगकृष रघुवंशी, रवि कुमार, गर्व सांगवान, सिद्धार्थ यादव, निशांत सिंधु, कौशल तांबे और वासु वत्स।

**युगांडा :** पास्कल मुरुंगी (कप्तान), मुनीर इस्माइल (उप कप्तान), ब्रायन असाबा, इसहाक अटेगेका, जोसेफ बगुमा, साइरस काकुरु, क्रिस्टोफर किडेगा, रोनाल्ड लुटाया, जुमा मियाजी, मैथ्यू मुसिंगुजी, अकरम नुसुबुगा, एडविन नुवागाबा, पायस ओलोका, रोनाल्ड ओमारा और रोनाल्ड ओपियो।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे से शुरू होगा।**

# इंग्लैंड और पाकिस्तान क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी।** बासेटेरे (सेंट कीट्स)

**कप्तान** टॉम प्रेस्ट के नाबाद 154 रन की मदद से पूर्व चैंपियन इंग्लैंड ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 189 रन से करारी शिकस्त देकर अंडर-19 विश्व कप सुपर लीग क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की।

प्रेस्ट ने अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखी। उन्होंने 119 गेंदों की अपनी पारी में 13 चौके और चार छक्के लगाए। उनके अलावा जैकब बेथेल ने 62, विलियम लक्सटन ने 47 और जार्ज थामस ने 41 रन का योगदान दिया जिससे इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 362 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने लेग स्पिनर रेहान अहमद (30 रन देकर चार विकेट) की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए यूएई को 38.2 ओवर में 173 रन पर आउट कर दिया। यूएई की तरफ से सातवें नंबर के बल्लेबाज अली नासिर ने सर्वाधिक 54 रन बनाए। उधर टारोबा में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को 24 रन से हराकर सुपर लीग क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

ग्रुप सी के इस मैच में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को नौ विकेट पर 239 रन ही बनाने दिए लेकिन उसके बल्लेबाज इसका फायदा नहीं उठा पाए और उसकी टीम निर्धारित



50 ओवरों में नौ विकेट पर 215 रन ही बना पाई। अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों बिलाल सईदी (81 गेंदों पर 42), नांगेलिया खरोटे (32 गेंदों पर 12) और अल्लाह नूर (49 गेंदों पर 28) ने बेहद धीमी बल्लेबाजी की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। एजाज अहमद अहमदजई ने 39 और नूर अहमद ने 18 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 29 रन बनाकर स्थिति संभालने की कोशिश की लेकिन वे हार का अंतर ही कम कर पाए। अवैश अली ने पाकिस्तान की तरफ से 36 रन देकर तीन विकेट लिए। इससे पहले पाकिस्तान की तरफ से अब्दुल फसीह ने सर्वाधिक 68 रन बनाए जबकि मोहम्मद शहजाद ने 43, माज सदाकत ने नाबाद 42 और कप्तान कासिम अकरम ने नाबाद 38 रन का योगदान दिया।

अफगानिस्तान के लिए इजहारतुल्लाह नावीद ने तीन जबकि नूर अहमद और नावीद जादरान ने दो दो विकेट लिए। बासेटेरे के कोनारी स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए मैच में मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश ने कनाडा को आठ विकेट से हराकर वापसी की।

## संक्षिप्त समाचार

### अजारेंका ने स्वितोलिना को हराया, क्रेसीकोवा भी चौथे दौर में

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन में दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका ने 15वीं वरीयता प्राप्त इलिना स्वितोलिना को सीधे सेटों में हराकर शुक्रवार को यहां इस टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया जबकि फ्रेंच ओपन चैंपियन बारबोरा क्रेसीकोवा पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके आगे बढ़ने में सफल रही। अजारेंका ने 17 विनर जमाए जबकि स्वितोलिना ने लगातार सहज गलतियां की। मेलबर्न पार्क में 2012 और 2013 में खिताब जीतने वाली अजारेंका ने यह मैच 6-0, 6-2 से जीता। उनका अगला मुकाबला क्रेसीकोवा से होगा। क्रेसीकोवा ने 26वीं वरीयता प्राप्त एलेना ओस्टापेंको से पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके 2-6, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की और पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई। अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी ने 28वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से जबकि जेसिका पेगुला ने नूरिया परिजास डियाज को 7-6 (3), 6-2 से पराजित करके चौथे दौर में प्रवेश किया।

### मुंबई सिटी एफसी ने ब्राजील के मौरिसियो से अनुबंध किया

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मौजूदा चैंपियन मुंबई सिटी एफसी ने शुक्रवार को ब्राजील के फॉरवर्ड डिएगो मौरिसियो के साथ अनुबंध करने की घोषणा की। यह 30 वर्षीय फॉरवर्ड छोटी अवधि के लिए 31 मई तक मुंबई सिटी एफसी की तरफ से खेलेगा। मौरिसियो ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, जब आप मुंबई सिटी जैसे क्लब से जुड़ते हैं तो आपसे काफी उम्मीदें की जाती है। मैं चुनौती के लिए तैयार हूं और मैदान पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब हूं। वह इससे पहले 2020-21 में ओड़िशा एफसी की तरफ से आईएसएल में खेल चुके हैं। इसके बाद वह कतर की टीम अल शाहनिया से जुड़ गए थे।

### जीत के लिए आक्रमण में कुछ बदलाव की जरूरत : डेनेरबी

**नवी मुंबई।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी एएफसी एशियाई कप में ईरान के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ के दौरान खिलाड़ियों के कई मौके चूकने से काफी निराश थे और उनका कहना है कि अब रविवार को अगले ग्रुप मैच में चीनी ताइपे के खिलाफ पूरे अंक जुटाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए उन्हें अपने आक्रमण में कुछ बदलाव करने की जरूरत होगी। भारत ने ईरान के खिलाफ मैच में दबदबा बनाया लेकिन उसके फारवर्ड ने उसे निराश किया जो लगातार हमलों के बावजूद गोल करने में विफल रहे, विशेषकर दूसरे हाफ में जिससे उन्हें विपक्षी टीम से अंक बांटने पर मजबूर होना पड़ा। मेजबानों को क्वार्टर फाइनल की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए चीनी ताइपे के खिलाफ जीत दर्ज करने की जरूरत होगी। डेनेरबी ने कहा, हमें अपनी फिनिशिंग पर काम करना होगा और चीनी ताइपे के खिलाफ दूसरे मैच में इससे तीन अंक जुटाने होंगे। स्वीडन के 62 साल के डेनेरबी ने कहा, मुझे लगता है कि हमारी रक्षात्मक पंक्ति मजबूत है और जब भी उन्होंने जवाबी हमले करने की कोशिश की तो हमने अच्छा रक्षण किया। हमारे आक्रमण में कुछ बदलाव के बाद हम अपने अगले प्रतिद्वंद्वी के लिए तैयार होंगे। स्वीडन और नाईजीरिया की राष्ट्रीय टीमों को कोचिंग दे चुके डेनेरबी ने कहा, मैं नतीजे (ड्रॉ) से निराश हूं। हमें गोल करने के काफी मौके मिले लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके।

### फिंच ने लैंगर की तारीफ की, करार पर प्रतिक्रिया देने से बचते रहे

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच ने शुक्रवार को टीम की हालिया सफलता में जस्टिन लैंगर के अविश्वसनीय काम की तारीफ की लेकिन कोच के रूप में उनके करार को जारी रखने पर टिप्पणी करने से बचते रहे। लैंगर के अनुबंध को आगे बढ़ाने पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया कोई भी फैसला लेने से पहले फिंच और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस के साथ चर्चा कर सकता है। कुछ खिलाड़ियों ने लैंगर की कार्यशैली की कड़ी आलोचना भी की है लेकिन इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने मुख्य कोच के रूप में बने रहने की इच्छा व्यक्त की है। फिंच ने कहा, उन्होंने शानदार काम किया है। जब किसी को उम्मीद नहीं थी तब हमें विश्व चैम्पियन (टी20) बनाने में उन्होंने अच्छी भूमिका निभाई।

## लिवरपूल लीग कप के फाइनल में

**लंदन।** पुर्तगाल के फारवर्ड डिएगो जोटा ने मोहम्मद सालाह की अनुपस्थिति में अहम भूमिका निभाते हुए दो गोल दागे जिससे लिवरपूल ने आर्सनल को 2-0 से हराकर लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। लिवरपूल के प्रमुख स्ट्राइकर सालाह अफ्रीकन कप में मिस्र की तरफ से खेल रहे जबकि सैडियो माने सेनेगल की टीम से जुड़े हुए हैं। जोटा ने हालांकि इस मैच में इन दोनों की कमी नहीं खलने दी। 19वें और 77वें मिनट में गोल करके दूसरे चरण के इस मैच में लिवरपूल की जीत सुनिश्चित की। इन दोनों टीम के बीच

# कोहली के कप्तानी से हटने से हैरान नहीं हैं पीटरसन

**तपन मोहंता।** मस्कट

**इंग्लैंड** के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि विराट कोहली के टेस्ट कप्तानी छोड़ने के फैसले का एक कारण जैव सुरक्षित वातावरण (बायो बबल) का कठोर जीवन हो सकता है और उन्होंने तीनों प्रारूपों की कप्तानी रोहित शर्मा को सौंपने की वकालत की।

कोहली ने दक्षिण अफ्रीका से भारत की 1-2 श्रृंखला हारने के बाद टेस्ट कप्तानी से हटकर क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। उन्होंने पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 टीम की कप्तानी छोड़ दी थी और बाद में

### इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने बायो बबल को बताया कष्टकारी

उन्हें एकदिवसीय टीम के कप्तान पद से हटा दिया गया था। इस बीच भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ उनके रिश्ते भी तनावपूर्ण रहे। पीटरसन ने यहां पत्रकारों से कहा, जो लोग आज के जमाने के खिलाड़ियों की आलोचना करते हैं, मुझे लगता है कि वे मूर्ख हैं क्योंकि बायो बबल में खेलना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा, किसी के प्रति कठोर रवैया



अपनाना, आलोचना करना अनुचित होगा। आपने विराट कोहली को नहीं देखा है। कोहली को दर्शकों की जरूरत है। वह ऐसे माहौल में अच्छा प्रदर्शन करता है।

पीटरसन ने कहा, मेरी निजी राय है कि उनके जैसे खिलाड़ी के लिए इस बायो बबल में अपनी क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना मुश्किल है। कोहली के सभी प्रारूपों की कप्तानी छोड़ने से पीटरसन हैरान नहीं हैं। उन्होंने कहा, कई खिलाड़ियों को नुकसान हुआ है। यह (खेलना) दुनिया का सबसे अच्छा काम है, लेकिन जब आप बायो बबल में खेलते हैं, तो निश्चित रूप से यह सबसे अच्छा काम नहीं रह जाता है क्योंकि इसमें कोई आनंद नहीं है। पीटरसन ने कहा, मैं वास्तव में हैरान नहीं हूं कि विराट उस अतिरिक्त दबाव से थोड़ा निजात चाहते हैं क्योंकि बायो बबल में खेलना बहुत मुश्किल है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने इसके साथ ही कहा कि रोहित शर्मा को तीनों प्रारूपों में भारत की कमान सौंपनी चाहिए। रोहित के चोटिल होने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वर्तमान एकदिवसीय श्रृंखला में केएल राहुल कप्तानी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, मुझे हिटमैन रोहित शर्मा पसंद है। वह शानदार खिलाड़ी है। मैं हमेशा उसकी बल्लेबाजी का लुत्फ उठाता हूं। उसकी कप्तानी में मुंबई इंडियन्स ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए वह कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे है।

# भारत टी20 विश्व कप में अपना पहला मैच पकिस्तान से खेलेगा

**एजेंसी।** दुबई

**भारतीय** क्रिकेट टीम आस्ट्रेलिया में इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप में अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को इस टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी किया जिसका फाइनल 13 नवंबर को खेला जाएगा। भारत पिछले साल दुबई में टी20 विश्व कप के मैच में पाकिस्तान से हार गया था। यह किसी भी प्रारूप के विश्व कप में भारतीय टीम की अपने चिर प्रतिद्वंद्वी के हाथों पहली हार थी। भारत सुपर-12 के ग्रुप दो का अपना दूसरा मैच 27 अक्टूबर को सिडनी में क्वालीफायर (ग्रुप ए का उप विजेता) से खेलेगा। इसके बाद वह 30 अक्टूबर को पर्थ में दक्षिण



अफ्रीका और दो नवंबर को एडीलेड ओवल में बांग्लादेश से भिड़ेगा।

भारतीय टीम सुपर-12 का अपना आखिरी मैच छह नवंबर को एमसीजी में ग्रुप बी के विजेता से खेलेगी। टूर्नामेंट का दूसरे दौर यानि सुपर-12 की शुरुआत 22 अक्टूबर को मौजूदा चैंपियन और मेजबान आस्ट्रेलिया और पिछली बार के उप विजेता न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच से होगी। यह मैच सिडनी में खेला जाएगा। सुपर-12 में आस्ट्रेलिया को ग्रुप एक में विश्व में नंबर एक इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान तथा ग्रुप ए के विजेता और ग्रुप बी के उप विजेता के साथ रखा गया है। सेमीफाइनल नौ और 10 नवंबर को क्रमश: सिडनी और एडीलेड ओवल में खेले जाएंगे। यह पहला अवसर होगा जबकि एडीलेड ओवल विश्व कप सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा। फाइनल 13 नवंबर को एमसीजी में खेला जाएगा।

पहले दौर का शुरुआती मैच 2014 के चैंपियन श्रीलंका और नामीबिया के बीच 16 अक्टूबर को कार्डिनिया पार्क जिलांग में खेला जाएगा। ग्रुप ए की दो अन्य टीम क्वालीफाई करके आएंगी। दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज भी पहले दौर में खेलेगा। उसे स्कॉटलैंड और दो क्वालीफायर्स के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। इस ग्रुप के मैच होबार्ट में होंगे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सुपर-12 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## भूटिया ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम की प्रशंसा की

**नवी मुंबई।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम एशियाई कप के अपने पहले मैच में भले ही ईरान के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर पाई, लेकिन दिग्गज बाईचुंग भूटिया ने उसके प्रदर्शन की प्रशंसा की।

भूटिया गुरुवार को यह मैच देखने के लिए स्टेडियम में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम का भाग्य ने साथ नहीं दिया जो वह जीत नहीं पाई। भूटिया ने कहा, हमारी टीम ने जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे मैं बेहद प्रभावित हूं। भाग्य उनके साथ नहीं था जो वे तीन अंक हासिल नहीं कर पाए। ईरानी गोलकीपर ने भी कुछ शानदार बचाव किए। भारत की तरफ से 100 से अधिक मैच खेलने वाले भूटिया ने कहा, भारतीय महिला फुटबॉल ने लंबी राह तय की है। भूटिया जानते हैं कि पहला मैच हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन जिस तरह से टीम ने खेल दिखाया उससे वह खुश हैं। उन्होंने कहा, भारतीय टीम बेहद संगठित थी और उन्होंने पूरे मैच में लय बनाए रखी।

### ऋषभ पंत के करियर की सर्वश्रेष्ठ 85 रन की पारी

# भारत ने छह विकेट पर 287 रन बनाए

**एजेंसी।** पार्ल

**ऋषभ** पंत ने 71 गेंदों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 85 रन की पारी खेली, जिससे भारत शुक्रवार को यहां दूसरे एकदिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह विकेट पर 287 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में सफल रहा।

पंत और कप्तान केएल राहुल (79 गेंदों में 55 रन) ने 19 ओवर से भी कम में 115 रन की साझेदारी की। इस दौरान पंत ज्यादा आक्रामक रहे और उन्होंने मध्यम गति के गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ सहजता से रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि बीच के ओवरों में जल्दी जल्दी दोनों के विकेट लेकर बोलैंड पार्क में वापसी की क्योंकि यहां नए बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान नहीं था। श्रेयस अय्यर (14 गेंदों में 11 रन) और वेंकटेश अय्यर (33 गेंदों में 22 रन) रन बनाने के लिए जूझते दिखे। पंत हालांकि एकदिवसीय अपना पहला शतक लगाने से चूक गए लेकिन पिछले मैच में नाबाद अर्धशतक लगाने वाले शारदुल ठाकुर (38 गेंद में नाबाद



40) ने रविचंद्रन अश्विन (24 गेंद में नाबाद 25 रन) के साथ 6.1 ओवर में 48 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया।

टॉस जीतने के बाद कप्तान राहुल एक छोर पर संभल कर बल्लेबाजी कर रहे थे तो वहीं दूसरे छोर पर शिखर धवन (38 गेंद में 29 रन) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। एडेन मार्कराम ने धवन को आउट कर एक बार फिर भारतीय सलामी साझेदारी को तोड़ा। धवन और राहुल ने 63 रन की साझेदारी की। इसके बाद पूर्व कप्तान विराट कोहली बिना खाता खोले ही केशव महाराज की गेंद पर पदार्पण कर रहे सिसांदा मगाला को आसान कैच थमा बैठे। पंत ने क्रीज पर थोड़ा समय बिताने के बाद दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के दोनों स्पिनरों महाराज (52 रन पर एक विकेट) और तबरेज शम्सी (57 रन पर दो विकेट) के खिलाफ असानी से बड़े शॉट लगाए। उन्होंने अपनी पारी 10 चौके और दो छक्के जड़े। शम्सी की गेंद पर एक और बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में उन्होंने मिड ऑन में मार्कराम को कैच दे दिया।

इससे थोड़ा पहले मगाला (64 रन पर एक विकेट) ने कप्तान राहुल को पवेलियन भेजा। मगाला और फेहलुकवाए (44 रन पर एक विकेट) ने 33वें से 44वें ओवर तक भारतीय बल्लेबाजों को खुल कर नहीं खेलने दिया लेकिन ठाकुर और अश्विन ने समझदारी से बल्लेबाजी करते हुए टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

**भारत पारी :**

| | | |
|---|---|---|
| एल राहुल | का डुसेन बो मगाला | 55 |
| एस धवन | का मगाला बो मार्कराम | 29 |
| कोहली | का बावुमा बो महाराज | 00 |
| ऋषभ पंत | का मार्कराम बो शम्सी | 85 |
| श्रेयस अय्यर | पगबाधा शम्सी | 11 |
| वी अय्यर | बो फेहलुकवायो | 22 |
| शारदुल ठाकुर | नाबाद | 40 |
| रविचंद्रन अश्विन | नाबाद | 25 |

अतिरिक्त: 20

**कुल:** 50 ओवर में छह विकेट पर: **287 रन**

विकेट पतन: 1-63, 2-64, 3-179, 4-183, 5-207 , 6-239

**गेंदबाजी :**

| | |
|---|---|
| एनगिडी | 8-0-35-0 |
| मगाला | 8-0-64-1 |
| मार्कराम | 8-0-34-1 |
| महाराज | 9-0-52-1 |
| फेहलुकवायो | 8-0-44-1 |
| शम्सी | 9-0-57-2 |

